RNI-MPHIN/2005/14721
Po-Malwa Div/244/2023-25
Desp. 02 July, 2023

अंक – 01 (मासिक) वर्ष – 19 जुलाई, 2023 मूल्य 20/–

सेवा त्याग सदाचार

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

# अखिल विश्व में गूंजा जय महेश

सेवा त्याग सदाचार




हाँगकाँग


ऑस्ट्रेलिया



नॉर्थ अमेरिका


भीलवाड़ा



नेपाल


दुबई


पुणे

श्री माहेश्वरी मेलापक

वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक 2023
का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @
srimaheshwaritimes.com

बात हम सबकी
सुने हर शनिवार

# Contemporary Range of Home Essentials, Crafted by Experts



FANS | LIGHTING
APPLIANCES | SWITCHES

Toll Free : 18001032676 | Email : customercare@rrglobal.com | Website: www.rrglobal.com | Follow us

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

अंक-01 ▸ जुलाई 2023 ▸ वर्ष-19

प्रेरणास्रोत
**स्व. श्री बंशीलाल बाहेती**
**स्व. श्री मदनलाल पलौड़**

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
**श्रीमती सरिता बाहेती**

सम्पादक
**पुष्कर बाहेती**

संरक्षक
**पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)**
**श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)**
**श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)**
**श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)**

अतिथि सम्पादक
**प्रेम बीसानी, अहमदाबाद (गुजरात)**

परामर्शदाता
**दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर**
**घनश्याम करनानी (कोलकाता)**

कला निदेशक
**अक्षय आमेरिया**

विधि सलाहकार
**राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)**

सम्पादकीय सलाहकार
**बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)**
**रामगोपाल मूंदड़ा (सूरत)**
**प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)**
**गोविन्द मालू (इन्दौर)**

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

- श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

**Sri Maheshwari Times**
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 03005001198
  IFSC- ICIC0000300

**Tariff of Membership**
Rs. 900/- for Three years
Rs. 3500/- for Life Time (12 Years)




विचार क्रान्ति

## चार द्वारों के द्वारपाल बने

महाभारत के शांतिपर्व के अंतिम उपपर्व 'मोक्षधर्म' में ऋषि स्यूमरश्मि और महर्षि कपिल के मध्य संवाद में महर्षि कपिल ने मनुष्य मात्र की भलाई के लिए जो सूत्र दिए हैं, वे इतने उपयोगी हैं कि यदि कोई इन्हें साध लें तो न केवल सदा-सर्वदा के लिए सुखी और शांत हो जाए बल्कि ईश्वर तक को प्राप्त कर सकता है।

महर्षि कपिल कहते हैं 'चतुर्द्वारं पुरुषं चतुर्मुखं चतुर्धा चैनमुपयाति वाचा। बाहुभ्यां वाच उदरादुपस्थात् तेषां द्वारं द्वारपालो बुभूषेत्।।' अर्थात् हाथ-पैर, वाणी, उदर और उपस्थ, ये सभी मनुष्यों के चार द्वार हैं। मनुष्य को इनका द्वारपाल बनना चाहिए अर्थात् इन पर संयम रखना चाहिए। यदि वह ऐसा कर पाने में सफल होता है तो चारों वेदों के चार मुंह वाले परमात्मा को भक्ति, ज्ञान, कर्म एवं अष्टाङ्गयोग के चार उपायों से प्राप्त कर लेता है।

इसका सीधा-सा अर्थ है कि जब तक हम हाथ-पैर, शब्द, पेट और गुप्तांगों वाले इन्द्रिय सुख में आसक्त रहते हैं तभी तक कामनाओं से भरे तथा न करने योग्य कर्म करते हैं। अनावश्यक धन संग्रह करते हैं, निंदा या असत्य सम्भाषण करते हैं, आवश्यकता से अधिक खाते-पीते हैं और व्यभिचार तक में पड़ते हैं। परिणाम में केवल दुःख प्राप्त होता है।

महर्षि कपिल के सूत्र को अंगीकार कर यदि कोई धन की दौड़ में न पगलाए तो उसके हाथ-पैर सुरक्षित रहते हैं। जो वाणी पर संयम रखें वह शांति पाता है। जो भोजन के लिए लालायित न हो और केवल जीवन निर्वाह के लिए अन्न का अभिलाषी हो, वह अनेक रोगों से स्वतः बच जाता है। जो एक पत्नी और एक पति व्रता हो, वे दुःख के मूल कामसुख से स्वयं की रक्षा में सहज ही समर्थ होते हैं।

कपिल की माने तो बस इतना ही तो करना है कि चार द्वारों का द्वारपाल बनना है। तनिक संयम साधना है। बाकी तो सब ईश्वर कृपा से हो ही जाएगा।

साधो! इसीलिए कपिल चेताते हैं कि 'मोघान्यगुप्तद्वारस्य सर्वाण्येव भवन्त्युत। किं तस्य तपसा कार्ये किं यज्ञेन किमात्मना।।' अर्थात् जिसके ये चार द्वार सुरक्षित नहीं हैं, उसके सारे शुभ कर्म निष्फल होते हैं। ऐसे मनुष्य को तपस्या, यज्ञ तथा आत्मचिंतन से भला क्या लाभ हो सकता है?

■ डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# संगठन का सर्वोपरि लक्ष्य ''एकता''

अत्यंत हर्ष का विषय है कि देश ही नहीं बल्कि विश्व के कोने-कोने में बसे माहेश्वरी समाजजनों ने समाज के उत्पत्ति पर्व ''महेश नवमी'' का गरिमामय आयोजन किया। इन आयोजनों में माहेश्वरी समाज के स्वाभिमान व गौरव की अद्‌भूत झलक नजर आयी। वास्तव में ये अत्यंत सुखद है, अन्यथा लगातार कम होती जनसंख्या की स्थिति ने तो माहेश्वरी संस्कृति को भी विलुप्ति के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। प्रसन्नता का विषय है कि विदेशों में बसे माहेश्वरी समाजजनों ने भी समाज, उसकी संस्कृति तथा सामाजिक एकता का महत्व समझा। निश्चय ही यह परिवर्तन समाज की युवा पीढ़ी के लिये प्रेरक बनेगा और वे भी पूरे समर्पण व सम्मान के साथ समाज की मुख्य धारा से सम्बद्ध होंगे।

इन सब सुखद स्थितियों के बावजूद चिंताजनक स्थिति समाजजनों का ही समाज संगठनों से दूर होना है। वास्तव में सामाजिक संगठन समाज के अपने संगठन हैं अर्थात् वे हर उस व्यक्ति के संगठन हैं जो उस समाज का सदस्य है। इसके बावजूद संगठनों से बेरूखी चिंता का विषय है। अ.भा. माहेश्वरी महासभा माहेश्वरी समाज का सर्वोच्च एवं अत्यंत गरिमामय संगठन है। महासभा में कार्यकारी मंडल सदस्य बनना ही अत्यंत गरिमा का विषय माना जाता रहा है। लेकिन कुछ समय से यह स्थिति बदल गयी है। समाजजनों में अब महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य बनने हेतु उत्साह में लगातार कमी आती जा रही है। अतः यह विचारणीय हो गया है कि आखिर यह स्थिति क्यों बनती जा रही है? महासभा के शीर्ष पदों पर आसीन नेतृत्वकर्ताओं को इसके कारणों पर चिंतन करना होगा। याद रखें यदि समाजजनों का इस तरह अपने ही संगठन से लगाव कम होगा, तो आखिर भविष्य में स्थिति क्या बनेगी?

वर्तमान में अ.भा. माहेश्वरी महासभा अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज के हर जरूरतमंद की मदद करने का सतत प्रयास कर रही है। वास्तव में यह प्रशंसनीय कार्य है लेकिन संगठन का कार्य सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। संगठन का मूल कार्य तो समाज में एकजुटता उत्पन्न करना है और जब तक आमजन का संगठन से जुड़ाव व लगाव नहीं होगा, सामाजिक एकता के मानदंड पर संगठन खरा नहीं उतर सकता। वर्तमान में समाज घटती जनसंख्या की कमी से भी जूझ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो इस संगठनात्मक व्यवस्था के मायने क्या रहेंगे, इस विषय पर चिंतन करना भी अनिवार्य और समसामयिक हो गया है। इसके लिये जनसंख्या वृद्धि को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं और प्रकल्पों पर भी विचार किया जाना चाहिये।

श्री माहेश्वरी टाईम्स के इस अंक को प्रेरणास्पद बनाने के लिये कुछ ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों का प्रकाशन किया गया है, जो अपने विशिष्ट योगदानों से मिसाल बने हुए हैं। अहमदाबाद (भीलवाड़ा) निवासी किंग ऑफ निफ्टी के डायरेक्टर विकास लड्ढा शेयर मार्केटिंग में अपना विशिष्ट मार्गदर्शन तो दे ही रहे हैं, साथ ही ''शेयर बाजार-टेक्निकल एनालिसिस'' जैसे कठिन विषय पर उन्होंने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करके एक कीर्तिमान स्थाापित किया है। चिकित्सा क्षेत्र किस तरह मानवीय संवेदना से परिपूर्ण होना चाहिये यह बता रहा है, वाराणसी निवासी डॉ. पद्‌मनाभ झंवर का प्रेरक व्यक्तित्व। भीलवाड़ा की बेटियाँ जान्हवी तथा जिनल विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रही हैं। इसी प्रकार दृष्टिबाधित होने के बावजूद अपनी कर्त्तव्य परायणता की मिसाल बन रहे मीरजापुर निवासी सीनियर बैंक मैनेजर आशीष पेड़ीवाल का व्यक्तित्व आंखें खोल देने वाला है।

अंत में मैं सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज को महेश नवमी पर्व की बधाई देता हूँ और भगवान महेश से प्रार्थना करता हूँ कि वे समाज को सदैव उचित मार्ग पर अग्रसर रखते हुए चहुंमुखी विकास का सामर्थ्य प्रदान करें। यह अंक विशेष रूप से देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी आयोजित महेश नवमी पर्व की सुखद खबरों से परिपूर्ण हैं। इसके साथ ही इसमें अन्य समस्त स्थायी स्तम्भ तथा प्रेरक आलेखों का भी समावेश किया गया है। निःसंदेह आपको यह अवश्य ही पसंद आयेगा। अपनी प्रतिक्रिया से अवश्य ही अवगत करवाऐं।



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

## अतिथि सम्पादकीय

श्री मेघराज बीसानी के सुपुत्र प्रेम बीसानी का जन्म राजस्थान के जैसलमेर में हुआ और पिछले 49 साल से तमिलनाडु ही इनकी कर्मभूमि रही है। वर्तमान में आपने अहमदाबाद में अपने व्यापार को शिफ्ट किया है। पिछले 42 साल से समाज व सर्व समाज की सेवा में विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपनी सक्रिय सहभगिता निभा रहे हैं। आपको लिखने, पढ़ने व संगीत में भी विशेष रुचि है। आप वास्तु विशेषज्ञ भी हैं। आप चेन्नई माहेश्वरी युवा मंडल के संस्थापक सदस्य हैं। 27 वर्ष की आयु में 1990 से 1994 में अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के सहमंत्री (दक्षिणांचल) व 1994 से 1998 में 31 वर्ष की उम्र में उपाध्यक्ष (दक्षिणांचल) रहे। 36 वर्ष की उम्र में 1999 में आपकी देख रेख में माहेश्वरी भक्त निवास, रामेश्वरम, तमिलनाडु व 2010 में दूसरे भक्त निवास का कार्य शुरू हुआ। दोनो भवन में 80 कमरों की सुविधा के साथ 40,000 वर्ग फीट का निर्माण कार्य हुआ। वर्तमान में आप दोनों भवन के अध्यक्ष पद पर हैं। इसी ट्रस्ट के अंतर्गत पैठण औरंगाबाद में नए भक्त निवास के निर्माण हेतु 1 करोड़ रूपये का सहयोग भिजवाया। मार्च 2021 में पंढरपुर भक्त निवास के निर्माण हेतु 50 लाख का सहयोग भिजवाया है। आप माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट के भी ट्रस्टी हैं, जिसके अन्तर्गत महाराष्ट्र में 6 भक्त निवास चलते हैं। जैसलमेर में बने माहेश्वरी हॉस्पिटल के भी आप ट्रस्टी हैं। 2016 से 2019 में आप तमिलनाडु, केरला, पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के महामंत्री रहे। वर्तमान में जतीपुरा गिरिराज (मथुरा गोवर्धन) में निर्माणाधीन माहेश्वरी भवन के आप अध्यक्ष मनोनित किये गये हैं। रामेश्वरम ट्रस्ट से इस भवन हेतु 2022 में 50 लाख की सहयोग राशी भिजवाई। रक्तदान और नेत्र चिकित्सा शिविर में चेन्नई में भी काफी योगदान दिया।



# नेतृत्व का कुशल होना बहुत जरूरी

वर्तमान में माहेश्वरी समाज की देश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में एक विशिष्ट प्रतिष्ठा है। कारण है, उसकी उद्योग-व्यवसाय में सफलता के साथ ही समाज व देश की सेवा भावना। माहेश्वरी समाज ने सदैव मानवता की सेवा में अपना अपूरणीय योगदान दिया है। वास्तव में देखा जाऐ तो माहेश्वरी समाज की यह प्रतिष्ठा हमारी मजबूत व कुशल संगठनात्मक व्यवस्था के कारण है। किसी समाज संगठन की सफलता उसके नेतृत्व पर निर्भर होती है कि वह नेतृत्व करने में कितना कुशल है। किसी भी सामुदायिक संगठन के ठीक से समाजहित के लिए कार्य करने और समाज को आगे बढ़ने का जज्बा पैदा करने के लिए नेतृत्व कुशलताओं से भरा होना ज़रूरी है। जहाँ ऐसा है वहां समाज और संगठन आगे बढ़ रहे हैं।

समाज संगठन के नेतृत्वकर्त्ताओं में कुछ विशेषताऐं होना अनिवार्य है। जैसे - नेतृत्वकर्ता वित्तीय दृष्टिकोण से मज़बूत तो हो ही, मन से उदार भी हो ताकि जब-जब भी संगठन को आर्थिक मदद चाहिए तो किसी का मुँह न ताकना पड़े। नेतृत्व करने वाला विनम्र हो। अगर पैसे के अहंकार में समाज के लोगों से अनुकूल व्यवहार नहीं करे तो लोग साथ नहीं आएंगे। उसके पास एक ऐसी विज़न टीम हो, जो योजनाएं बनाये और क्रियान्वयन के तरीके सुझाये। पूरे समाज का ऐसा विश्वास उसके साथ हो कि यह व्यक्ति काम करेगा। इससे देश भर से उस समाज के व्यक्ति खुद आगे बढ़कर योजनाओं के लिए पैसा देंगे। आय-व्यय में पारदर्शिता हो, ताकि कोई अंगुली न उठा सके। बस इतनी सी बातों का ध्यान रख कर किसी भी संगठन का नेतृत्व आगे बढ़े तो उस समुदाय को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

विकास में सबसे बड़ी बाधक है गुटबाज़ी। इसको निहित स्वार्थ के लोग अपने मरते दम तक मिटने नहीं देते। इन गुटबाज़ों के जो चक्कर में आएगा वह चापलूस तो अपने इर्द गिर्द इक्कठे कर लेगा परंतु अच्छे कार्यकर्त्ता और अच्छे लोग नहीं जुटा पायेगा और बिना अच्छे लोगों की टीम के आगे बढ़ना सहज नहीं है। बहुत सारे सामाजिक नेता फेसबुक और व्हाट्सऐप पर ही समाज सेवा पूरी कर लेते हैं। कुछ होते हैं जिनमें उत्साह होता है और थोड़ा बहुत पैसा भी खर्च करना चाहते हैं, परंतु विज़न नहीं होने से सही रास्ता नहीं पकड़ पाते। इसके अलावा अहंकार के कारण विनम्रता पास नहीं फटकती। विनम्रता न होने से लोग भी आस- पास नहीं आते और अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता केवल भड़भूजे की आँख फोड़ सकता है।

हम लोग सभ्य समाज से हैं, संस्कारी परिवार से हैं, कृपया शालीनता रखें, बदले की भावना से नहीं, बदलाव करने की भावना से सकारात्मक मैसेज भेजें। सिर्फ मुद्दे उठाने व जुबान चलाने को ही समाज सेवा नहीं कहते, समाज की मुख्य धारा से जुड़कर कार्यकर्ता के रूप में सहयोग देवें, समस्या का नहीं समाधान का हिस्सा बनें। अतीत में कुछ काम भी हुए हैं, कोई गलतियां भी हुई होगी, जो गलत हुआ उसको ठीक करना है, किसने किया, क्यों किया इसमें समय बर्बाद करने से कोई फायदा नहीं है। कृपया ऐसा माहोल न बनाएं जिससे भविष्य में हमें जिम्मेदारी निभाने के लिए कार्यकर्ता को जोड़ने में परेशानी हो।

सभी से नम्र निवेदन करता हूँ कि समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठ महानुभावों ने जो निर्णय लिए हैं, कृपया उनका सम्मान करें। संयम रखें, अनावश्यक बातों से मतभेद बढ़ते हैं, प्रतिक्रिया देने में जल्दबाजी न करें। समाज को भ्रमित न करें। समाज बड़ा होता हैं, व्यक्ति विशेष नहीं। रिश्तेदारी, भाई-बंधु, यारी-दोस्ती निभाने के चक्कर में फिजूल बातें न करें। हम सभी एक हैं, सभी हमारे ही हैं, सिर्फ और सिर्फ समाज हित के बारे में ही सोचे, गिले शिकवे न रखें। कृपया सहयोग देवें, सिर्फ समाज कल्याण की बात करें।

**प्रेम बीसानी,** अहमदाबाद (गुजरात)
अतिथि सम्पादक



# श्री सुषमाद माताजी

■ टीम SMT

**श्री सुषमाद माताजी माहेश्वरी समाज की काबरा खांप की कुलदेवी हैं। इसके साथ ही इन्हें अन्य समाज के मांडया, पालड्या, अठारया, भगत, सिंगी, धौल व कोठारी भी पूजते हैं।**

माताजी का मंदिर राजस्थान के नागौर जिले के कुचेरा ग्राम में स्थित है। यह गाँव पुष्कर व मेड़ता के बीच आता है। यहाँ यह मंदिर मेड़ता मार्ग पर गणपतसिंह, मदनसिंह सिसौदिया के खेत में स्थित है। स्थानीय स्तर पर माताजी की चमत्कारिक ख्याति है। नवरात्रि जैसे विशेष आयोजनों पर यहाँ उत्सव होता है। अभी मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहा है।

**कहाँ ठहरें:** ग्रामीण क्षेत्र होने से यहाँ तो ठहरने के लिए कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है। आवश्यक होने पर स्थानीय लोगों से सम्पर्क कर व्यवस्था जुटाई जा सकती है। समीपस्थ शहर मेड़ता व पुष्कर में ठहरने की व्यवस्था है। यहाँ लॉज आदि उपलब्ध हैं।

**कैसे पहुँचें:** श्री सुषमाद माताजी का मंदिर नागौर जिले के कुचेरा ग्राम में बस स्टैंड से लगभग डेढ़ किमी दूर खेत में स्थित है। पुष्कर व मेड़ता से सड़क मार्ग से ग्राम कुचेरा पहुँचा जा सकता है।

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

## ने पूर्ण किये
## सफलता के 19 सौपान

शून्य से शिखर की 19 वर्षों की इस यात्रा में सहयोगी बने
सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं मार्गदर्शकों का
हार्दिक अभिनंदन एवं विनम्र आभार।

आपका स्नेह एवं सहयोग इसी तरह बना रहे
बस यही अपेक्षा...

**श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार**




**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar, UJJAIN (M.P.)-456010
Ph. : +91 734 2526561, 2526761
Mo. : +91 94250 91161
E-mail : smt4news@gmail.com




Call us on 1800 200 1002 / 1800 121 1003 or log on to www.rathi.com

**Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd. / AnandRathi Advisors Ltd.**
**Regd. Office:** Express Zone, A Wing, 9th Floor, Western Express Highway, Opposite Oberoi Mall, Goregaon (E). Mumbai - 400063. India. Tel: 022 6281 7000
BSE (Mem.ID.949) CM: INB011371557 FO: INF010676931 BSE CD: Exchange Regn. | NSE (Mem.ID.06769) CM: INB230676935 FO: INF230676935 CD: INE230676935 | MSE (Mem.ID.1014) CM: INB260676938 FO: INF260676938 CD: INE260676935 | DP- NSDL: IN-DP-NSDL-149-2000, CDSL: IN-DP-CDSL-04-99. | Research Analyst - INH000000834 | MCX: MCX/TCM/CORP/0525 Mem.ID.: ITCM8500 | NCDEX: NCDEX/TCM/CORP/0178 Mem.No.: TCM00147 | NCDEX SPOT: NCDEXSPOT/043/CO/08/10050 Mem.No.: 10050 | PMS: INP000000282 | MBD-INM000010478 | Investment Adviser: INA000000268 | AMFI: ARN-4478 is Registered under "Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd." | ARN-100284 is Registered under "AR Wealth Management Pvt. Ltd." | ARN-111569 is Registered under "AR Venture Fund management Pvt. Ltd." --We are a distributor of Mutual Fund. Anand Rathi Global Finance Limited is registered as NBFC Regn. No.: B-13.01682. Insurance is registered under "Anand Rathi Insurance Brokers Ltd." License No. 175. PMS registered under Anand Rathi Advisors Ltd. Insurance Products are distributed under Anand Rathi Insurance Brokers Ltd. PMS, PAS & Wealth Management are not offered in commodities segment. Commodities is registered under Anand Rathi Commodities Ltd. | *Anand Rathi Wealth Services Limited.

**Disclaimer:** Investment in securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing. Investments in Mutual Fund are subject to market risk, read all the related documents carefully before investing.





# श्री महेश धाम के मुख्य द्वार का हुआ भूमिपूजन

## आर.आर केबल के चेयरपर्सन एवं पूर्व उपसभापति त्रिभुवन काबरा ने बताये परिवार प्रबंधन के सूत्र

**उज्जैन। भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में आने वाले समाज के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अंकपात क्षेत्र में भव्य समाज भवन 'श्री महेश धाम' का निर्माण 'श्री महाकाल महेश सेवा ट्रस्ट' द्वारा करवाया जा रहा है। इस निर्माण की श्रृंखला में इस भवन के मुख्य द्वार के निर्माण का भूमिपूजन हुआ।**

श्री महाकाल महेश सेवा ट्रस्ट द्वारा निर्माणाधीन महेश धाम के स्व. श्री मदनलाल जी पलोड़ की स्मृति में निर्मित होने जा रहे मुख्य द्वार का भूमि पूजन अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व उपसभापति एवं आर.आर. केबल के चेयरपर्सन त्रिभुवन काबरा के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्री रामस्वरूप धुत ने की। स्वागत भाषण ट्रस्ट अध्यक्ष जयप्रकाश राठी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव कैलाश डागा ने किया। इस अवसर पर मुख्य द्वार के दानदाता पलोड़ परिवार विशेष रूप से उपस्थित थे। पलोड़ परिवार की ओर से श्याम माहेश्वरी ने उद्बोधन दिया। इस आयोजन में ओमप्रकाश पलोड़, रतनलाल पलोड़, सत्यनारायण पलोड, आनंद बांगड़, रामरतन लड्ढा, राजेश डागा, दिनेश लड्ढा, हेमेंद्र माहेश्वरी, महेश लड्ढा,प्रखर काकानी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र इनानी, कैलाशचंद राठी, रमेश हेड़ा, नवल माहेश्वरी, शैलेंद्र राठी, दिलीप लोया, महिमा मंडल अध्यक्ष संगीता भूतडा, उज्जैन जिला माहेश्वरी सभा सचिव नवीन बाहेती, श्री माहेश्वरी टाईम्स सम्पादक पुष्कर बाहेती आदि गणमान्यजन उपस्थित थे। अतिथि परिचय भूपेंद्र भूतडा ने दिया।

### मुक्त हस्त से समाज के भामाशाह तैयार

इस भवन के निर्माण की शुरूआत से ही देशभर के भामाशाह मुक्त हस्त से अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करते आ रहे हैं। इसी का परिणाम है कि यह भवन शीघ्र ही साकार स्वरूप लेने की ओर अग्रसर है। भवन के मुख्य द्वार के भूमिपूजन अवसर पर आर.आर. कॉबेल व काबरा परिवार की ओर से इस भवन के निर्माण में 51 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा करते हुए श्री काबरा ने इस भवन को भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी में माहेश्वरी समाज की शान कहा। उन्होंने कहा कि निश्चय ही यह भवन यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के लिये घर जैसा आवास सिद्ध होगा। इन्दौर माहेश्वरी जिला सभा अध्यक्ष स्वस्वरूप धुत ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि शीघ्र यह सभी समाज बंधुओं के सहयोग से भव्य भवन बनेगा। आपने सभी बंधुओं से आग्रह किया कि इसमें तन-मन-धन से अपना सहयोग प्रदान कर अवश्य ही पुण्य के सहभागी बनें। स्वयं श्री धूत ने इस अवसर पर 5 लाख रुपये की सहयोग राशि के साथ ट्रस्ट मंडल सदस्य बनने की घोषणा की।



### सफलता के लिये श्रेष्ठ प्रबंधन जरूरी- श्री काबरा

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि त्रिभुवन काबरा ने अपने जीवन के संघर्ष की कहानी साझा करते हुए कहा कि किसी की भी सफलता में उसकी टीम का सहयोग व कार्य की गुणवत्ता बहुत मायने रखती है। मेरे शुरुआती दौर में मामाजी ने कहा कि फैक्ट्री घाटे में चल रही है, तो इसे बंद कर दें। मैंने उनसे कारणों को जाना और उन कमियों को दूर करने में जुट गया। आज वही उद्योग वृहद वटवृक्ष का रुप ले चुका है। आज मैं आराम से रहता हूँ, तो इसका कारण प्रबंधन ही है। असफलता कार्य करने की त्रुटि से मिलती है। श्री काबरा ने परिवार के मुद्दे पर कहा कि सुखी जीवन के लिये संस्कार व परिवार प्रबंधन भी जरूरी है। संयुक्त परिवार वास्तव में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि उनके लाभ अधिक हैं। आज हम वर्ष भर अपने - अपने काम में व्यस्त रहते हैं लेकिन दीपावली के चार दिन सभी एक साथ बिताते हैं। इससे परिवार का आपसी प्रेम व एकजुटता बढ़ती है। आज हम मोबाईल पर इतने व्यस्त हैं कि प्रत्यक्ष सम्पर्कों में कमी आ गई है। इक्वल स्टेटस की सोच में हम आफिस के कार्य को घर के काम से अधिक सम्मान देते हैं, जबकि घर सम्भालना उससे भी महत्वपूर्ण है।

# काव्य संग्रह का विमोचन



**सीकर।** ख्यात कवि मदनगोपाल बियाणी का काव्य संकलन 'स्वानुभूति' स्वयं से सर्व तक... का विमोचन समारोह 4 जून को सीकर (राजस्थान) में संपन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम में सांसद विशुद्धानंद सारस्वत, भाजपा जिलाध्यक्ष व प्रखर वक्ता इंदिरा चौधरी, पूर्व धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, साहित्यकार भंवर सिंह शेखावत, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य किशन लाल उपाध्याय, जिला माहेश्वरी सभा समिति जयपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र बजाज व समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। श्री बियानी ने बताया कि इस पुस्तक में वीर दुर्गादास पर एक कविता है जिसके बारे में बहुत अधिक लोग नहीं जानते हैं, एक रचना 'हल्दीघाटी' महाराणा प्रताप की वीरता की गाथा है। कुछ रचनाएँ राजस्थानी भाषा में है। यह पुस्तक ऋषिमुनि प्रकाशन उज्जैन द्वारा प्रकाशित की गई है। श्री बियाणी अपने गाँव नेछवा के सरपंच रह चुके हैं। लायंस क्लब सीकर प्राइड के चार्टर मेंबर है। सीकर-झुंझुनू जिला माहेश्वरी सभा और माहेश्वरी समाज प्रन्यास सीकर के पूर्व अध्यक्ष हैं। अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं, और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी भी निभाते हैं।

# मालपानी व माहेश्वरी का अभिनन्दन



**लखनऊ।** अपनी कर्मठता व कर्त्तव्य परायणता के लिए विशिष्ट पहचान रखने वाले उ.प्र. सरकार के विशेष गृह-सचिव राकेश मालपानी आई.ए.एस. अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद समाज के प्रति पूर्ण अनुरक्ति रखते हैं। अतः पूर्वी उ.प्र. माहेश्वरी सभा की ओर से प्रदेश सभा के अध्यक्ष राजकुमार कोठारी व निवर्त्तमान अध्यक्ष श्रीराम माहेश्वरी ने शाल ओढ़ाकर श्री मालपानी का अभिनन्दन किया। अभिनन्दन का यह कार्यक्रम 8 जून को लखनऊ माहेश्वरी समाज के वार्षिकोत्सव के अवसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर आशीष माहेश्वरी (असिसटेंट कमिश्नर जी.एस.टी) का भी सम्मान किया गया।

# पुंगलिया बने संग्रहालय अधिकारी



**दिल्ली।** तीन मूर्ति मार्ग पर 15,600 स्क्वायर मीटर में रु. 306 करोड़ की लागत से बना और 22 अप्रैल 2022 को राष्ट्र को समर्पित 'प्रधानमंत्री संग्रहालय' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक अद्भुत संकल्पना है। इसमें चीफ एक्जीक्युटिव अधिकारी चंदन राजेंद्र पुंगलिया को नियुक्त किया गया।



## संत पंडोखर सरकार का अभिनंदन



**इंदौर।** संत पंडोखर सरकार इंदौर प्रवास के दौरान भाजपा प्रवक्ता पूर्व राज्यमंत्री गोविन्द मालू के निवास पर पहुँचे। यहाँ पहुँचकर उन्होंने भक्तों की समस्या का समाधान किया। सरकार की अगवानी मंत्रोच्चार के साथ पूजा करके गोविंद - उष्मा मालू परिवार ने की। 3 घंटे चले दरबार के प्रारम्भ में मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के प्रदेश संरक्षक गोविन्द मालू के साथ अध्यक्ष आचार्य पंडित रामचंद्र शर्मा 'वैदिक' और पूर्व राज्यमंत्री पं. योगेंद्र महंत ने स्वस्ती वाचन के साथ पंडोखर सरकार को सम्मान-पत्र, शाल, श्रीफल भेंटकर अभिन्दित किया।

## सोमाणी मुख्य सम्पादक नियुक्त



**जयपुर।** माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा पत्रिका 'श्री माहेश्वरी समाज' का प्रकाशन किया जाता है। सभी परिवारों को निःशुल्क उपलब्ध होने वाली 50 से भी ज्यादा पेज की इस पत्रिका में मुख्य सम्पादक आशीष सोमाणी सुपुत्र श्री गिरिराज प्रसाद सोमाणी को नियुक्त किया गया है।

## सिद्धार्थ को हांगकांग का अवार्ड



**जयपुर।** गोपाल तामड़ी (माहेश्वरी) के 12 वर्षीय सुपौत्र तथा मनीष तामड़ी के सुपुत्र सिद्धार्थ ने हांगकांग में चार भाषाओं (English, French, Chinese, Spanish) में Education Perfect Language Championship 2023 में 5559 अंक प्राप्त कर इमराल्ड अवार्ड प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**कोयंबटूर।** गत 3 जून को कोयंबटूर माहेश्वरी सुरभि महिला मंडल की तरफ से सिद्दापुरम ग्राम मे K.M.C.H हॉस्पिटल, कोयंबटूर के साथ मिलकर मेमोग्राम और Pep Smear टेस्ट का निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की 35 महिलाओ की जांच की गई। सभी महिलाओं और डॉक्टर के लिए चाय, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव के एक अनाथ बच्चे को स्कूल फीस के लिए 10,000 रूपये की सहायता दी गई। इस कार्यक्रम में सुरभि महिला मंडल कोयंबटूर अध्यक्ष बीना मुंदड़ा, सदस्या भावना साबू एवं पिंकी भुराड़िया ने विशेष योगदान दिया।



# निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर




**कोयंबटूर।** गत 11 जून को माहेश्वरी युवा परिषद ने मोसेश गणाबर्नम नयन चिकित्सालय के साथ मिलकर मलुमीच्मछमपटी गांव मे आंखो के मुफ्त स्वास्थ्य जांच का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर मे लगभग 100 ग्रामीण आए। चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा ग्रामीणो की आंखो की जांच पड़ताल के बाद युवा परिषद के सदस्यों ने मुफ्त चश्मे एंव दवाईयों का वितरण किया। 10 ग्रामीणों की मोतियाबिन्द की मुफ्त शल्य चिकित्सा शिविर स्थल पर ही की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोयंबटूर माहेश्वरी सभा सहकोषाध्यक्ष हरिश भूराड़िया, युवा परिषद के अध्यक्ष पुरुषोत्तम भुराड़िया, सदस्य शिव मंत्री, सुरेश भट्ट एंव यादव सोमानी की सक्रिय भूमिका रही ।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**रांची ( झारखंड )।** महेश नवमी के अवसर पर झारखंड बिहार प्रदेश में होने वाले रक्तदान शिविर की कैंपेनिंग के लिए शहर के विभिन्न जगहों में पोस्टर लगवाए गए। रक्तदान पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें रांची में 152, जमशेदपुर-82, चाईबासा-48, पटना-45, मुजफ्फरपुर-49, गुमला-28, देवघर-26, बोकारो-6, किशनगंज-21, धनबाद-10 कुल 440 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रांची, जमशेदपुर, गुमला में निशुल्क नेत्र जांच, शुगर व बीपी जांच, अर्थो शिविर का भी आयोजन किया गया। मुजफ्फरपुर संस्था ने लेप्रोसी मिशन में जाकर मरीजों को चाय नाश्ता करवाया गया व पार्क में योगाभ्यास भी करवाया। उक्त जानकारी अशोक साबू व रश्मि मालपानी झारखंड बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी ने दी।

**कर्मों का फल बहुत भारी है कोई माने या ना माने कोई जाने या ना जाने जिसने जैसा बोया है वैसा ही उसने पाया है।**

# जैसलमेरिया बनी जोधाणा अध्यक्ष



**जोधपुर।** सेवा संस्था जोधाणा सहेली संस्थान जोधपुर की मंजू जैसलमेरिया निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। संस्थान की ओर से पिछले कई वर्षो से प्रत्येक शुक्रवार को निशुल्क कुकिंग क्लास लगती हैं, जिसमें नये तरह - तरह के व्यंजन लाईव एवं प्रत्यक्ष श्रीमती जैसलमेरिया एंव अन्य द्वारा सिखाये जाते है। निःशुल्क कुकिंग क्लास में कोई भी महिला एवं बालिका भाग ले सकती हैं। संस्थान द्वारा हर वर्ष निःशुल्क समर कैम्प का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें डांस, कुकिंग, मेहदी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, पैंटीग, ज्वैलरी मेकिंग वगैरह की कक्षा लगती हैं।

# प्रगति मंडल में पदभार ग्रहण


संगीता सोमानी


उमा खडलोया

**उज्जैन।** महेश्वरी प्रगति मंडल नृसिंह मंदिर के नवीन पदाधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण किया। इसमें आगामी सत्र हेतु अध्यक्ष के रूप में संगीता सोमानी, सचिव उमा खडलोया व कोषाध्यक्ष एकता झंवर ने संस्था के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करने की शपथ ली। साथ ही अध्यक्ष संगीता सोमानी ने अपनी कार्यकारिणी के अंतर्गत उपाध्यक्ष अदिति साबू, सहसचिव कविता कोठारी, संगठन मंत्री समता लखोटिया को नियुक्त किया। उक्त जानकारी प्रचार मंत्री अंतिमा बाहेती ने दी।

# डागा दम्पति का किया अभिनंदन



**पर्वतपाटिया।** गत 10 जून को माहेश्वरी सेवा सदन पर्वत पाटिया में माहेश्वरी समाज के गणमान्यजनों ने कोटा से अपने पारिवारिक कार्यक्रम में सूरत आए राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश डागा (एडिशनल कमिश्नर कोटा म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन) एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता डागा (एडिशनल कमिश्नर एक्साइज, कोटा) का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डागा दम्पति ने कहा कि प्रोफेशनल डिग्री में तो आज युवा पीढ़ी आगे बड़ ही रही है। साथ ही साथ उन्हें प्रशासनिक एवं राजनीतिक सेवा में भी आगे आना चाहिए। इस अवसर पर माहेश्वरी सेवा सदन के ट्रस्टी रामेश्वर तापड़िया, त्रिलोक गांधी, शैलेश चांडक, श्याम झंवर, गुजरात प्रदेश सभा सहसचिव राधाकिशन मूंदड़ा, सूरत जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पवन बजाज, सचिव अतिन बाहेती सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। मंच संचालन अनिल मूंदड़ा एवं श्वेता जाजू ने किया।

# मार्गदर्शन शिविर का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** जो मान सम्मान, अधिकार, सुविधाएं और समाज तथा राष्ट्र में अपेक्षित बदलाव लाने के अधिकार आईएएस व आईपीएस ऑफिसर को मिलते है, वह बड़े से बड़े उद्योगपति को भी नहीं मिलते। किंतु इसके लिए हमारे युवाओं को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर ग्रेजुएशन के बाद सिविल सर्विसेस में आने हेतु कड़ी मेहनत करनी चाहिए। ऐसा आह्वान सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट हरिओम गांधी ने मिशन माहेश्वरी आईएएस 100 एवं फरीदाबाद माहेश्वरी मंडल, महिला मंडल और युवा संगठन द्वारा आयोजित उड़ान प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन शिविर में किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मिशन माहेश्वरी आईएएस 100 का उद्देश्य, कार्य प्रणाली, अब तक प्राप्त सफलता, मिशन के सहयोगी अधिकारीगण, समाज द्वारा प्रदत्त सुविधाएं आदि की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय संयोजक किशनप्रसाद दरक ने दी। मुंबई से आये प्रेरक वक्ता जयप्रकाश काबरा व रेरा हिमाचल के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र, युवा साथी और कार्यकर्तागण उपस्थित थे। आयोजित उड़ान सेमिनार की संकल्पना फरीदाबाद माहेश्वरी मंडल के सचिव महेश गट्टानी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सोमानी (उपसभापति महासभा), समारोह अध्यक्ष उद्योगपति राजकुमार करवा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रामकुमार राठी, पूर्व अध्यक्ष नारायण झंवर, मार्गदर्शक ओमप्रकाश पसारी व सुशील नेवर, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र कलंत्री (अध्यक्ष हरियाणा पंजाब प्रादेशिक सभा), जगदीश बागड़ी (अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश सभा), सीमा मूंदड़ा (अध्यक्षा प्रादेशिक महिला संगठन), आदि गणमान्यजन की उपस्थिति रही। मंच संचालन विनोद बिनानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्या मंदिर फरीदाबाद की टीम का भरपूर सहयोग रहा। उपाध्यक्ष संजय सोमानी ने आभार व्यक्त किया।

# बिड़ला की प्रतिमा को शिफ्ट करने का विरोध



**ऋषिकेश।** त्रिवेणी घाट पर लगी उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला की प्रतिमा को शिफ्ट किया जा रहा है। ऋषिकेश माहेश्वरी मंडल ने प्रतिमा को शिफ्ट करने पर विरोध दर्ज कराया है। मंडल की ओर से इस संबंध में मेयर को ज्ञापन भी दिया गया। ऋषिकेश त्रिवेणीघाट से बिरलाजी की प्रतिमा हटाये जाने को कुकृत्य कहते हुए दयाशंकर राठी ने बताया कि ऋषिकेश के त्रिवेणीघाट के निर्माण में श्री महामना घनश्यामदास बिरला की अहम् भूमिका रही थी। अतः ऋषिकेश वासियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा बरसों पहले स्थापित की थी। आज सौन्दर्यीकरण की आड़ में उनकी प्रतिमा को हटाया जा रहा है। ऋषिकेश माहेश्वरी मण्डल ने इस पर आपत्ति जताई है। भारत के सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज को इस कृत्य का विरोध करना चाहिए। श्री राठी के मोबाइल न. 91 8936989800 हैं। आप उनके वाट्सअप पर संदेश भेज सकते हैं, ताकि सारे संदेशों का प्रिंट लेकर उत्तराखंड सरकार को भेज सकें। आप अपने संदेश में अपना नाम, शहर का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य लिखें।

## श्रद्धांजलि

### श्री अशोक भूतड़ा




**सूरत।** समाज के वरिष्ठ श्री हरिराम व पार्वती देवी भूतड़ा के सुपुत्र एवं गियर्स एनर्जी प्रा.लि. जयपुर, सूरत के संचालक श्री अशोक भूतड़ा का गत 25 मई को असामयिक निधन हो गया। इस घटना से सम्पूर्ण सूरत माहेश्वरी समाज में शोक की लहर फैल गई। आप अपने पीछे धर्मपत्नी मीना भूतड़ा, माता-पिता, ताई-ताऊजी शांति देवी व जेठमल भूतड़ा, भाभी-भ्राता सीना-राजकुमार भूतड़ा, बहन-बहनोई शकुंतला-महेश मूंदड़ा, मंजू-राजकुमार चाण्डक, सुनीता-दिनेश चाण्डक तथा पुत्र-पुत्री नारायण व जीया भातीजा यश, कियान सहित भरा पूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गये हैं।

### श्रीमती स्नेहलता बजाज



**सोलापूर।** यशवंत सुत गीरणी, सोलापूर के रीटायर्ड ईर्जीनीयर बालकिसन आर. बजाज की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता बजाज का 73 वर्ष की अवस्था में 7 जून को स्वर्गवास हो गया। यह लातुर निवासी रामनिवास मंत्री की बड़ी बहन एवं नासिक निवासी अजय बजाज की बड़ी भाभी थी। आप अपने पीछे पति, 2 पुत्र, बहू, पोते - पोती आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गयीं हैं। आपके नेत्रों का मरणोपरांत दान भी किया गया।

### श्री प्रागदास दम्माणी



**कोलकाता।** सुप्रसिद्ध कार्डियो सर्जन डॉ. मनोज कुमार डागा के ससुर, सामाजिक कार्यकर्ता श्री प्रागदास दम्माणी उर्फ 'कालू' का गत 6 मई को देहावसान हो गया। आप अपने पीछे अर्द्धांगिनी के साथ तीन दामाद व पुत्री, दौहित्र-दौहित्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# अ.भा. महिला संगठन ने आयोजित किया शिवम पंचामृत

## महेश नवमी पर हुआ विशिष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन

**कानपुर।** गत 27 जून को महेश नवमी के उपलक्ष्य में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा संस्कृतिसिद्धा आध्यात्म व परम्परा राष्ट्रीय समिति के माध्यम से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम ''शिवम पंचामृत'' का आयोजन वर्चुअल सभागार में किया। राममय त्रयोदश सत्र का यह प्रथम वृहद राष्ट्रीय कार्यक्रम था। कार्यक्रम में सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक द्वारा शुभकामनाओं के संदेश के वीडीओ भी भेजे गये।



शाम 5 बजे भगवान शिव की आराधना और वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी ने सचिवीय अभिवादन के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। सभागार में अखिल भारत वर्षीय महासभा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी अतिथि रूप में उपस्थित थे। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी पूर्व अध्यक्ष, सभी प्रादेशिक पदाधिकारी, संगठन की टॉप टू बॉटम सभी सदस्याऐं जूम सभागार में उपस्थित थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजु बांगड़ द्वारा सभी का शब्दिक स्वागत किया गया। महेश नवमी की अग्रिम बधाई व शुभकामनाओ के साथ आपने सारगर्भित उदबोधन दिया। सत्यम शिवम सुंदरम के सुंदर उदाहरण के साथ श्रीमती बांगड़ ने शिव के विभिन्न रूपों को दर्शाया। संचारसिद्धा तकनीकी टीम एवं संस्कृतिसिद्धा अध्यात्म व परम्परा की पूरी टीम की सराहना करते हुए सभी का अभिनंदन किया। रामायण पर आधारित दसों समितियों के logo का अनावरण किया। श्रीमती बांगड़ ने 8, 9, 10, अगस्त 2023 को नासिक में होने वाले प्रथम राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक की सूचना देते हुए बताया कि अष्टसिद्धा व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व प्रशिक्षण समिति द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया जायेगा। राष्ट्रीय महिला संगठन की website abmms.org की जानकारी दी। 21 जून योग दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर संस्कार सिद्धा बाल एवं किशोरी विकास समिति की टीम द्वारा गीता परिवार के सहयोग से 1000 विद्यालयों में विद्यार्थियों को योग सिखाने का वृहद लक्ष्य लिया गया। इसके लिए समिति प्रभारी अंजलि तापड़िया एवं टीम को शुभकामनाएं दी गई।

### ये थे कार्यक्रम में उपस्थित

अतिथि राष्ट्रीय युवा संगठन के अध्यक्ष राजकुमार काल्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले 10 वर्षों में हमारे समाज में कोई भी जरूरतमंद परिवार ना रहे। हमें प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचना है और समाज को समृद्धशाली बनाना है। महासभा के संगठन मंत्री भाई अजय काबरा ने कहा समय से पूर्व इतनी बहनों का जुड़ना 1,000 से अधिक उपस्थिति कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। महासभा के महामंत्री संदीप काबरा ने कहा संस्कार निर्माण का कार्य जो होना चाहिए वह विगत कई वर्षों से यह महिला संगठन कर रहा है, जो प्रशंसनीय है। महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी ने महिला संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा विगत सत्र में महिला संगठन ने अनेक रिकॉर्ड बनाए और महासभा के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य किया। राष्ट्रीय महिला संगठन की निवर्तमान अध्यक्ष आशा माहेश्वरी ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए इतने सुंदर आयोजन के लिए सभी की प्रशंसा की। महासभा के सभापति श्याम सोनी ने कहा कि आपदा को अवसर में यदि किसी ने बदला है तो वह महिला संगठन है। सभी अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात संस्कृति सिद्धा समिति की प्रभारी प्रेमा झंवर ने '' शिव पंचामृत'' कार्यक्रम की भूमिका सभी के समक्ष रखी। संचालन समिति प्रदर्शक निशा लड्डा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भवानीमंडी के कलाकारों द्वारा बहुत सुंदर शिव पार्वती पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात शिव पंचामृत की आंचलिक प्रतियोगिता प्रारंभ हुई।

### शिवपंचामृत में विशिष्ट प्रस्तुति

तत्पश्चात् पंचावतार और उसके बाद समुद्रमंथन - सभी विषय अलग - अलग और 27 प्रदेशो के प्रस्तुतकर्ता भी सम्पूर्ण राष्ट्र से भिन्न - भिन्न थे किन्तु कार्यक्रम में पूर्णतः एकरूपता व सामंजस्य दिखा। आँचलिक स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंगल मर्दा एवं अनुराधा जाजू थीं। समिति की पांचो सहप्रभारी शोभा लाखोटिया (पूर्वांचल), पुष्पा सोमानी (पचिमांचल), श्यामा तापड़िया (मध्यांचल), अंजू जाजू (उतरांचल) व सुलोचना बल्दुआ (दक्षिणांचल) द्वारा 12 ज्योतिर्लिंग की जानकारी देते हुए अति सुन्दर प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम की सफलता में सभी आंचलिक पदाधिकारी व प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री व प्रदेश संयोजिका का विशेष योगदान रहा। महामंत्री ज्योति राठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे स्पर्धा के विजेता

पंच स्तुति प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्रथम- गंगा (दक्षिणांचल), सांत्वना द्वितीय- सर्प (पश्चिमांचल), तृतीय पुरस्कार - त्रिशूल - उत्तरांचल, द्वितीय पुरस्कार- डमरू (मध्यांचल), प्रथम पुरस्कार चंद्रमा - (पूर्वांचल) को मिला। पंच अवतार - नृत्य प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्रथम- नटराज - (पूर्वांचल), सांत्वना द्वितीय सदाशिव - (दक्षिणाचल), तृतीय पुरस्कार इसर गोर (मध्यांचल), द्वितीय पुरस्कार - महायोगी (उत्तरांचल) तथा प्रथम पुरस्कार - अर्ध नारीश्वर - (पश्चिमांचल) को मिला। इसी प्रकार समुद्र मंथन - नृत्य नाटिका में सांत्वना पुरस्कार प्रथम - शंख - (उत्तरांचल), सांत्वना पुरस्कार द्वितीय - विष - (पूर्वांचल), तृतीय पुरस्कार - लक्ष्मी - (दक्षिणांचल), द्वितीय पुरस्कार- अमृत - (पश्चिमांचल) तथा प्रथम पुरस्कार- कामधेनु –मध्यांचल को प्राप्त हुआ।

## महासभा के सभापति का प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत



**बूंदी।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के नवनिर्वाचित सभापति संदीप काबरा ने कहा कि कार्यकर्ता स्थायी होता है, दायित्व नही। इसलिए किसी भी व्यक्ति को पद के अहंकार में नही डूबना चाहिए। यह विचार श्री काबरा ने सभापति निर्वाचित होने के उपरांत प्रथम बार बूंदी आगमन पर कोटा में आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त किए। स्वागत भाषण जिला माहेश्वरी सभा के जिलाध्यक्ष चंद्रभानु लाठी एवं धन्यवाद माहेश्वरी पंचायत संस्थान के सचिव सुनील जैथलिया ने दिया। कार्यक्रम का संचालन महासभा के पूर्व कार्यकारी मण्डल सदस्य संजय लाठी ने किया। इस दौरान जिला सचिव गोविंद नारायण मोदी, महिला संगठन जिलाध्यक्ष संगीता मूंदड़ा, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष नितेश नुवाल मंचासीन रहें। बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड बुक में वियांशी



**इंदौर।** समाज के वरिष्ठ प्रकाशचन्द्र और अरुणा बाहेती की सुपौत्री तथा अमित-दीपाली की सुपुत्री वियांशी बाहेती ने विश्व में सबसे कम आयु 3 साल 3 महीने और 25 दिन की छोटी बच्ची के रूप में हनुमान चालीसा का पाठ कर वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स लंदन एवम् दिल्ली बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स इंडिया में अपना नाम दर्ज कराया है। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## हितार्थ को बेबी फेस ऑफ द ईयर अवार्ड

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** श्रद्धा निकुंज ईनाणी के सुपुत्र मास्टर हितार्थ ईनाणी को 'राजस्थान बेबी फेस ऑफ द ईयर अवार्ड - 2023' से नवाजा गया। राजस्थान की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान की जयपुर फिल्म वर्ल्ड संस्था द्वारा आनलाईन 0 से 1 वर्ष के बच्चों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 3800 से अधिक बच्चों में से 8 महीने के मास्टर हितार्थ ईनाणी का प्रथम स्थान पर चयन किया गया है। इस अवार्ड में राजस्थानी फिल्म लाईन के मशहूर निर्देशकों के कर कमलों से इक्यावन सौ रुपए नगद, जयपुर फिल्म वर्ल्ड द्वारा प्रति वर्ष आयोजित बाल फिल्म महोत्सव में एन्ट्री व स्मृति चिन्ह



भेंट किया जाता है। हितार्थ अहमदाबाद निवासी सुरेश मंजू ईनाणी का पौत्र तथा नाथद्वारा निवासी वासुदेव - मधु सोमानी का नाती है।

## जसराज को कांस्य पदक



**खामगाँव।** जसराज भट्टड़ टाटा मोटर्स पुणे में इंटरनल ऑडिट का काम बखूबी निभा रहे हैं। पिछले एक साल के उनके परिश्रम और नेतृत्व तथा व्यवहार को देखते हुए कंपनी ने उन्हें कांस्य पदक से सम्मानित किया। वे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) सीए फाइनल परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

## गायत्री का गैट बी में चयन



**बुलढाणा (महा.)।** गायत्री-अनिल भट्टड़ ने बीएससी (रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) कर गैट बी की परीक्षा क्लियर की। इससे डीबीटी प्रायोजित एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में उनका चयन बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय में हुआ था। अब उच्च शिक्षा के लिए उनका चयन आईआईटी गांधीनगर के रसायन विज्ञान विभाग में पीएचडी के लिए हुआ है । गायत्री ने लिखित परीक्षा, साक्षात्कार के बाद यह सफलता प्राप्त की है।

## पशुओं के निर्यात का बिल संस्कृति को कलंकित करने वाला-जाजू



**भीलवाड़ा।** पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण संस्था पीपल फॉर एनिमल्स की राजस्थान इकाई के प्रभारी बाबूलाल जाजू ने केन्द्र सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा लाये गए लाइवस्टोक एंड लाइवस्टोक प्रोडक्ट इंपोर्टेशन एवं एक्सपोर्टेशन बिल-2023 पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे भाजपा सरकार की सनातन संस्कृति को बचाने वाली छवि को धूमिल करने वाला करार दिया है। श्री जाजू ने कहा कि सरकार का यह फैसला भारत की जीवदया की संस्कृति को कलंकित करने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पशुओं को किसी चीज की तरह मानकर इनका क्रय-विक्रय करना चाह रही है जो भारत जैसे कृषि प्रधान देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनेगा। इससे ना केवल पशु क्रूरता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि कानून भी कमजोर होंगे।

# बच्चो को बांटे स्कूल बैग




**बठिंडा।** माहेश्वरी महिला संगठन भुच्चो - बठिंडा ने दृष्टी आई डोनेशन सोसाइटी की ओर से चलाये जा रहे ज्ञान ज्योति एजुकेशन मुफ्त कोचिंग सेंटर में 50 बच्चो को स्कूल बैग बांटे। निर्जला एकादशी के अवसर पर सभी बच्चो को फ्रूटी, केला, सेव, बिस्कुट भी बांटे। भुच्चो मंडी के सभी सदस्य व बठिंडा से भी सदस्य इस अवसर पर पहुंचे। भुच्चो सदस्यों द्वारा सविता होलानी व पूनम राठी को शाल देकर और सभी सदस्यों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। दृष्टी आई डोनेशन सोसाइटी की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

# जिला सभा के गठन की प्रक्रिया शुरु



**अलवर।** गत 4 जून को पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष जुगल किशोर सोमाणी की अध्यक्षता में अलवर-भरतपुर जिला सभा के गठन हेतु एक सभा आयोजित हुई। इसमें प्रदेशमंत्री राजकुमार धूत, संगठन मंत्री शंकरलाल कर्वा, उपाध्यक्ष रामअवतार आगीवाल भी उपस्थित थे। बाबूलाल सोमाणी, रमेश खटोड़, अनुज कालानी, नरेन्द्र कलंत्री, ओमप्रकाश माहेश्वरी आदि ने शीघ्र ही 'अलवर-भरतपुर जिला माहेश्वरी सभा के गठन का आश्वासन दिया।




# वर्ल्ड बुक में आरना

**बूंदी।** कुवैत मे निवास कर रही माहेश्वरी पंचायत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष जगदीश जैथलिया की 6 वर्षीय सुपोत्री आरना जैथलिया ने माइक्रोग्राफी में हिस्सा लेकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में अपना नाम दर्ज करवाकर बूंदी का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया हैं। आराना ने कुवैत के दिल्ली पब्लिक स्कूल में नागेश्वर राव के निर्देशन में माइक्रोग्राफी की कला को अल्पायु में अर्जित कर शब्दो के माध्यम से चित्र को पूरा कर सबको हैरत में डाल दिया। आरना नेहा-अखिल जैथलिया की सुपुत्री हैं।

# बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम सम्पन्न




**भीलवाड़ा।** मेवाड़ माहेश्वरी मंडल, मुंबई के तत्वावधान में मेवाड़ माहेश्वरी मंडल,भीलवाड़ा द्वारा 04 जून को 17 वां मासिक परिचय-पत्रक (बायोडाटा) अवलोकन कार्यक्रम माहेश्वरी भवन, नागोरी गार्डन, भीलवाड़ा में आयोजित हुआ। मुकेश माहेश्वरी अजमेर, विनोद गट्टाणी, ओम प्रकाश मालू, कैलाश चंद्र सामरिया, सत्यनारायण तोषनीवाल आदि ने कार्यक्रम प्रारंभ किया। सत्यनारायण मूंदड़ा, पुरुषोत्तम गगरानी, श्रीनिवास नुवाल, सत्यनारायण सोमानी मंगरोप, आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यकम में भीलवाड़ा शहर व भीलवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्र व चित्तोड़ जिला व उदयपुर जिला से माहेश्वरी जन ने भाग लिया और बायोडाटा का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा भीलवाड़ा मुख्यालय के साथ चित्तौड़, उदयपुर, कोटा, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद में भी शाखाएं प्रारंभ की गई है।

# हमारी बहू हमारा अभिमान



**रांची ( झारखंड )।** महेश नवमी महोत्सव के प्रथम दिवस 28 मई को रांची (झारखंड) महेश्वरी समाज ने अपनी बहुओं के सम्मान में एक नए कार्यक्रम ''आशीर्वाद'' की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में समाज के नवदंपत्ति को समाज के लोगों ने आशीर्वाद प्रदान किया तथा भेंट स्वरूप एक सर्टिफिकेट तथा पूर्ण शिव परिवार की फोटो प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अशोक साबू ने टैग लाइन ''हमारी बहूः हमारा अभिमान'' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें नव दंपत्ति का परिचय समाज से समाज की अन्य बहुओं ने ही कराया। दोनों नववधू शीतल काबरा लखोटिया तथा नूपुर लाहोटी फलोड़ ने अपना अपना परिचय भी दिया तथा समाज के सदस्यों को अपनी योग्यता तथा रुचि से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभा की तीनों शाखाओं के अध्यक्ष किशन कुमार साबू, भारती चितलांगिया तथा विनय मंत्री ने समाज के सदस्यों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश के कोषाध्यक्ष शिवशंकर साबू ने किया। कार्यक्रम में विशेष रुप से नरेंद्र लखोटिया, विमला फलोड़, हेमंत माहेश्वरी, जयकिशन गट्टानी, प्रकाश साबू, संगीता चितलांगिया, मुख्य संयोजक अंकुर डागा आदि उपस्थिति थे।



अशोक बाहेती

जिला अध्यक्ष
भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा
कार्यसमिति सदस्य
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

महेश नवमी
की
हार्दिक
शुभकामनाए

Shubham
MINCHEM PVT. LTD.

# SHUBHAM COAL GROUP

Authorised Dealer

IndianOil | NAYARA ENERGY | HMEL | SERVO WORLD CLASS LUBRICANTS | WAAREE One with the Sun

Coal I Lignite I Petcoke I Bio-coal Briquettes I Mustered Husk
Servo Lubricants I IOCL - Azuba Petrol Pump I
Waaree - Solar Products I Transporation & Weighbridge Services

Shop No. 5, Badal Textile Market, Pur Road, Bhilwara - 311001, **Cell :** 94133 56347, 70737 73084
80970 80806, 94133 57347 **email :** shubcoal@shubhamminchem.com, akb56347@gmail.com
**www.**shubhamminchem.com

**MAHESH FLEXI GOLD LOAN**

INSTANT LOAN AGAINST GOLD ORNAMENTS

**MAHESH GRUHA YOJANA**

HOUSING LOAN

Attractive Rate of Interest

* Conditions apply







## SALIENT FEATURES

- Bharat BillPay Service for Online Payment of Utility Bills.
- Internet Banking facility and BHIM MaheshPay Services.
- IMPS – Merchant Payment Service – for online payment of Electricity, Telephone bills and booking flight, bus and hotel bookings.
- Direct RTGS / NEFT Facility.
- RuPay Debit Card facility – Access to more than 2.58 lakh ATMs of NFS Member Bank's and merchant establishments in the Country.
- Point of Sale Services (PoS). Prepaid Payment Instruments (PPIs)
- e-Tax payment - Income Tax, Professional Tax, & Excise.
- Bancassurance for Life Insurance & General Insurance solutions.
- Mutual Fund Business in tie-up with Nippon Life India Asset Management Ltd.
- Basic Savings Bank Deposit Accounts (under "Financial Inclusion").
- Tax Savings Deposit under Section 80C of Income Tax Act.
- Missed Call Service & Statement of Account through e-mail facility.
- Loans & Advances to Traders, Businessmen, SSIs, Personal Loans, Consumer Loans,
- Professional Loans, Educational Loans, Housing Loans, Gold Loans & Loans against NSCs, KVPs etc.
- Toll Free Banking Facility for Account Balance, Account Statement, Cheque Book Request and Loan Enquiry.
- MSE Loans under CGTMSE scheme up to Rs.30.00 Lakhs, without collateral security. Housing Loans up to Rs.140.00 Lakhs.
- Educational Loans upto Rs.50.00 Lakh for higher studies in Abroad and Rs. 20.00 Lakh in India.

**FUTURE PLANS**

- Artificial Intelligence (AI) Enabled BOT Solution
- Tab Banking & Loan Orgination System (LOS).

## BOARD OF DIRECTORS

RAMESH KUMAR BUNG
Chairman

PURSHOTAMDAS MANDHANA
Sr. Vice-Chairman

LAXMINARAYAN RATHI
Vice-Chairman

### DIRECTORS

Smt. ANITA SONI, ARUNKUMAR BHANGADIA, BADRIVISHAL MUNDADA, BHAGWAN PANSARI, Smt. BHAGWATI DEVI BALDWA

BRIJGOPAL ASAWA, GOVIND NARAYAN RATHI, KAILASH NARAYAN B., CA MURALI MANOHAR PALOD, PREM KUMAR BAJAJ

Smt. PUSHPA BOOB, RAMPRAKASH BHANDARI, RAMAKANT INANI, LLB, CS SUMAN HEDA, LLM, V.K. KHANDELWAL M.D. & CE

PROFESSIONAL DIRECTORS

महेश बैंक ESTD. 1978

# ANDHRA PRADESH MAHESH CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.

**(Multi-State Scheduled Bank)**

H.O. : 8-2-680/1&2, Road No.12, Banjara Hills, Hyderabad - 500 034 (T.S.) INDIA
Tel.: 040 - 2461 5296, 2461 5299, 2343 7100 – 103 / 2343 7105, Fax : 040 - 2461 6427

45 BRANCH Network | NET Banking | RTGS / NEFT Facility | Point of Sale Services | Mutual Fund Services | Easy Credit for Trade & Industry | FOREIGN EXCHANGE FACILITY | Life Insurance Services | 100% CBS BRANCHES Anywhere Banking

E-mail: info@apmaheshbank.com
Website: www.apmaheshbank.com

# दिल्ली प्रदेश की सेवा गतिविधि



**दिल्ली।** प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा माह मई में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें अष्टसिद्धा द्वारा कार्यसमिति मीटिंग रखी गई। पश्चिमी क्षेत्र द्वारा महिलाओं और बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु बीकानेर वाला फूड फैक्ट्री टूर रखा गया। संस्कारसिद्धा द्वारा महेश नवमी पर्व पर आयोजित प्रोग्राम में समाज के कर्णधार मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। दक्षिणी क्षेत्र द्वारा मदर्स डे चिल्ड्रेन कुक आउट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पूर्वी क्षेत्र द्वारा बच्चों के लिए ड्राइंग तथा स्केच प्रतियोगिता करवाई गई। स्वयंसिद्धा पूर्वी क्षेत्र द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए मेंहदी प्रतियोगिता करवाई गई। ज्ञानसिद्धा दक्षिणी क्षेत्र द्वारा मातृ दिवस पर मां के प्रति प्यार एवं भाव पर कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। संस्कृतिसिद्धा समिति के अंर्तगत प्रदेश के साथ साथ सभी क्षेत्रों द्वारा भी महेश नवमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। रघुकुलरीतसिद्धा पश्चिमी क्षेत्र द्वारा अपनी बहन बेटियों की सुरक्षा हेतु आज की पीढ़ी को लव जिहाद के प्रति सचेत करने तथा परिवार के साथ रहकर अपने आचार विचार और संस्कारों से कैसे जुड़कर रहें, इस हेतु The Kerla Story फिल्म दिखाई गई। पश्चिमी क्षेत्र द्वारा पिकनिक टूर संचालन किया गया। संकल्पसिद्धा द्वारा पूर्वी क्षेत्र द्वारा वट अमावस्या पर ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी में छाछ के भंडारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सभी समितियों ने सेवा गतिविधियों का आयोजन किया।

# मनोज राठी का हुआ सम्मान



**बीकानेर।** मुरलीधर व्यास नगर निवासी चांदरतन राठी एवं शांता देवी राठी के पुत्र मनोज राठी का गणित व्याख्याता पद पर अध्यापन कार्य करते हुए अपने विषय में निरन्तर श्रेष्ठ परिणाम देने के कारण सम्मान किया गया। मनोज राठी विगत 30 वर्षों से गणित विषय के अध्यापन का कार्य कर रहे है और अपने विषय गणित में अध्ययन करने वाले छात्रों को निरन्तर श्रेष्ठ परिणाम दिलवाने का अपनी ओर से भरसक प्रयास करते हैं। उन्हें जगतगुरु शंकराचार्य के जन्मोत्सव पर बीकानेर की धार्मिक संस्था सनातन धर्म साधना पीठ द्वारा आयोजित सनातन अलंकरण समारोह में ''सनातन अलंकरण पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया।

# पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण



**शाजापुर।** गत 2 जून को श्री हनुमान वाटिका गिरवर रोड पर पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम मिथलेश माहेश्वरी (अध्यक्ष माहेश्वरी समाज) एवं अध्यक्ष शाजापुर आगर माहेश्वरी महिला मंडल वीणा महेश्वरी के नेतृत्व में किया गया।

# छबील का हुआ आयोजन



बठिंडा में माहेश्वरी समाज द्वारा छबील का आयोजन माहेश्वरी मार्केटिंग शोरूम के बाहर किया गया। छबील का शुभारंभ रमन गोयल मेयर नगर निगम बठिंडा एवं संदीप गोयल, समाजसेवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में के.के. मालपाणी, सविता होलानी, जगदीश मंत्री, पवन होलानी ने विशिष्ट सहयोग दिया।

# महासभा उपसभापति का अभिनंदन



**बिल्सी।** अशोक सोमानी उपसभापति अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा उत्तरांचल का महेश नवमी के अवसर पर प.उ. प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रदेश मंत्री सुभाषचंद बाहेती के निवास स्थान पर आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री बाहेती का कपिल माहेश्वरी एवं सुवीन माहेश्वरी ने शाल ओढ़ाकर कर स्वागत किया। प्रदेश सभा के उपसभापति राजकुमार जाखेटिया भी उपस्थिति रहे। उनका भी माला तथा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सोमानी, जिला मन्त्री राकेश माहेश्वरी, नगर अध्यक्ष उमेश तोषनीवाल, नगर मन्त्री अमित माहेश्वरी आदि उपस्थिति थे।

# हॉस्पिटल में दिया सहयोग




**बीकानेर।** श्री प्रीति क्लब परिवार द्वारा 3 जून को स्थानीय सेटेलाइट हॉस्पिटल में व्हीलचेयर्स एवं 7 कुर्सियों का सेट प्रदान किया गया। क्लब के अध्यक्ष नारायणदास दम्माणी ने बताया कि पूर्व में हुई भेंट में हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर प्रवीण चतुर्वेदी ने हॉस्पिटल में व्हीलचेयर एवं कुछ कुर्सियों की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी थी। कार्यक्रम के उपरांत जब श्री प्रीति क्लब परिवार के सदस्यों ने हॉस्पिटल का अवलोकन किया तो उन्हें महसूस हुआ कि ओपीडी तथा आपातकालीन विभाग में भी कुछ अन्य सामग्रियों की आवश्यकता है। अतः क्लब के वरिष्ठ सदस्य नारायण डागा, देवकिशन चांडक (हेमू), घनश्याम कल्याणी, जगदीश कोठारी, अशोक बागड़ी, राजू टावरी आदि ने हॉस्पिटल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही प्रतीक्षारत व्यक्तियों के बैठने हेतु उत्तम क्वालिटी की चेयर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष उत्तरी प्रादेशिक माहेश्वरी महिला समिति निशा झंवर, अध्यक्ष श्री कृष्ण माहेश्वरी मंडल सत्यनारायण राठी, सचिव सुशील करनानी, अध्यक्षा माहेश्वरी महिला समिति मंजू दम्मानी, ट्रस्टी माहेश्वरी पब्लिक स्कूल नारायण चांडक, रघुवीर झंवर आदि उपस्थित थे।

# 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान



**बून्दी।** बेजुबान पशु-पक्षियों की रक्षा करना और विशेषकर गर्मी के दिनों में इनके लिए दाना पानी की व्यवस्था करना हमारी संस्कृति और धर्म है। इसी उद्देश्य को लेकर माहेश्वरी समाज से जुड़े सदस्यों ने 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान के तहत बेजुबान परिंदों के लिए पानी के परिण्डे बांधने की शुरुआत की। इस अवसर उनके निरन्तर दाना-पानी की व्यवस्था का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर आधे दर्जन से अधिक पेड़ो पर परिण्डे बांधकर सदस्यो ने नियमित रूप से परिंदों की सार-संभाल करने व पानी भरने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर माहेश्वरी पंचायत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष जगदीश जैथलिया, जिला सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजेन्द्र माहेश्वरी, कैलाश बहेडिया, द्वारका जाजू, महेश क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. के अध्यक्ष संजय लाठी व सचिव नारायण मंडोवरा आदि उपस्थित रहे।




अशोक कुमार मूंदड़ा
98281 46248

।। जय महेश ।।

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

।। जय महेश ।।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम
HP

मेसर्स छगनलाल बगतावरमल

डीलर : हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड

HAMARE PETROL MAIN DUM MAXIMUM

PETROL KE SATH UPHAR BHI*

उत्कृष्ट सेवा - उत्कृष्ट उत्पाद

उत्कृष्ट राष्ट्र - उत्कृष्ट समाज

पेट्रोल पंप, रेल्वे अण्डर ब्रिज के पास चित्तौड़गढ रोड भीलवाड़ा ( राज. ) 311001

E-mail : hp_clbm@yahoo.co.in

# योग से स्वास्थ्य प्रबंधन पर पुस्तक का विमोचन



**उज्जैन।** विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में योग गुरु डॉ. रामेश्वर परमार द्वारा लिखित पुस्तक ''योग से स्वास्थ्य प्रबंधन'' का विमोचन किया गया। ऋषि-मुनि प्रकाशन द्वारा इस पुस्तक का प्रकाशन किया गया है। अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जया मिश्रा, दैनिक अक्षरविश्व के संपादक सुनील जैन, योग गुरु पायल खेमानी एवं लेखक डॉ. परमार सहित अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर योग गुरु डॉ. परमार ने अष्टांग योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग ही एकमात्र माध्यम है, जो मन और इंद्रियों को नियंत्रित कर सकता है। उन्होंने विस्तार से योग के महत्व को दर्शाया। डॉ. जया मिश्रा ने योगा से फिटनेस कैसे लाई जा सकती है, इसको विस्तार से बताया। आपने हमारे ऋषि-मुनियों के बताये संस्कारों और प्रकृति से जुड़ने के लाभ बताये। अक्षरविश्व के संपादक सुनील जैन ने कहा कि यह पुस्तक निश्चित रूप से आमजन को योग से जोड़ेगी तथा स्वास्थ्य प्रबंधन में अपनी महती भूमिका निभाएगी। ऋषि-मुनि प्रकाशन के संचालक पुष्कर बाहेती ने पुस्तक प्रकाशन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लेखक डॉ. परमार का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। इनके साथ उपस्थित योग गुरु राजेंद्र सुगंधी, वीना परमार, प्रीति जायसवाल, लता शर्मा, मनोरमा उपाध्याय, गोरा आर्य व उषा छजलानी का भी अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। स्वागत भाषण सोहम संस्था प्रमुख मिलिंद तेलंग ने किया। अभिनंदन पत्र का वाचन कार्यक्रम संयोजक संजय सुगंधी तथा परिचय संजय लड्ढा एवं राजश्री सुगंधी ने दिया। इस अवसर पर समूह के खुशाल चावड़ा, ममता उपाध्याय, मंजू रावलानी ने कार्यक्रम के संयोजन में विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अदिति निगम ने किया। आभार प्रो. एनके गर्ग ने माना। इस अवसर पर योग, साहित्य एवं कला जगत से जुड़े लोगों के साथ कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# दक्षिणी राजस्थान युवा संगठन के चुनाव सम्पन्न



**भीलवाड़ा।** दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष पद के लिये निवार्चन चित्तौड़गढ़ के बस्सी में आयोजित हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद डाड, सहायक चुनाव अधिकारी राजेन्द्र गगरानी, कृष्णगोपाल राठी, सुशील सोमानी, प्रदेश पर्यवेक्षक नवरतन बिलिया के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसमें सत्र 2023-26 के लिए दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष पद पर राघव कोठारी को निर्विरोध निवार्चित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रमोद डाड ने नवनिवार्चित अध्यक्ष राघव कोठारी को शपथ दिलाई एवं प्रदेश कार्यकारिणी बनाने के लिये सर्वाधिकार दिये गये।

# रेयांश ने बनाया रिकॉर्ड




**गुवाहाटी।** माहेश्वरी सभा सदस्य वन्दना-नरेश सोमानी के पौत्र और सीमा-वरुण सोमानी के सुपुत्र रेयांश सोमानी ने रुबिक क्यूब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 1 मिनट 49 सकेंड में 195 देशों के राष्ट्रीय ध्वज पहचान कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया। उनके नाना रमेश तापड़िया (झारखंड बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के कार्यकरणी मंडल सदस्य) ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रेयांश की उम्र मात्र 8 साल है। इतनी सी उम्र में इसने विशिष्ट प्रतिभा हासिल की है। वह पिछले साल भी रेयांश पांच मिनट में 46 देशों के राष्ट्रीय ध्वज बना कर इण्डिया बुक रिकॉर्ड व एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं।

# मानस को शिरोमणि सम्मान



**बीकानेर।** गोवर्धन बिन्नानी के पौत्र तथा समीर कुमार बिन्नाणी के सुपुत्र मानस कुमार ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा के सभी विषयों में श्रेष्ठ अंक विशेषकर हिन्दी विषय में अति उत्तम अंक प्राप्त किये। इसके लिए भारतीय युवा विकास समिति, उत्तर प्रदेश ने उन्हें विद्यार्थी शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया।

*अगर मरने के बाद भी जीना चाहो तो, एक काम जरूर करना, पढ़ने लायक कुछ लिख जाना था लिखने लायक कुछ कर जाना।*

## सम्मान समारोह के साथ मनाया वार्षिकोत्सव



**लखनऊ।** स्थानीय माहेश्वरी समाज लखनऊ द्वारा वरिष्ठजनों के सम्मान व मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण के साथ अपना वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्वी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष राजकुमार कोठारी, विशेष अतिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश महासभा के भूतपूर्व अध्यक्ष राम माहेश्वरी एवं भूतपूर्व मंत्री नंदकिशोर झंवर थे। कार्यक्रम में विनोद प्रकाश माहेश्वरी, राधेश्याम जाजू एवं वर्तमान मंत्री रवींद्र गांधी सहित सिधौली, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई, गोंडा एवं लखनऊ माहेश्वरी समाज के परिवार उपस्थित रहे। विशेष सचिव गृह राकेश मालपानी एवं जीएसटी कमिश्नर आशीष माहेश्वरी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विनम्र माहेश्वरी द्वारा किया गया। महिला मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। माहेश्वरी युवा परिषद द्वारा माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति विषय पर एक नाट्य की प्रस्तुति दी गई।

## भीषण गर्मी में मानवता की सेवा



**बूंदी।** सामर्थ्य सोसायटी द्वारा चलाए जाने वाले प्रकल्पों के अंतर्गत भीषण गर्मी से बचाव के लिए शहर की दलेलपुरा बस्ती में रहने वाले बच्चों को चप्पल एवं फल व सब्जी विक्रेताओं को साफी वितरित की। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए इन विक्रेताओं से प्लास्टिक की थैलियां इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया गया। माहेश्वरी ने प्लास्टिक की थैलियां की जगह कैरी अथवा जूट के बैग प्रयोग में लेने की अपील की।

## डॉ. माहेश्वरी बने कराची में मेडिकल इन्जार्च



**करांची (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान में वहां के करांची स्थित देश के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में सर्वप्रथम बार एक हिन्दू डॉ. गिरिश माहेश्वरी मेडिकल सुपरिन्टेंडेट (इंचार्ज) बने। समस्त स्नेहजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## शिवांगी ने जीता अन्तर्राष्ट्रीय पदक



**जयपुर।** समाज सदस्य विमल - नीता सारड़ा की बेटी शिवांगी ने जर्मनी के हैमबर्ग में आयोजित चैम्पियनशिप में 225.6 किलोमीटर की रेस 13 घण्टे 47 मिनट 23 सैकेंड में पूरी कर जीत का परचम लहरा दिया। इसमें उन्होंने 180.2 किलोमीटर साइकिल से, 42.2 किलोमीटर दौड़कर और 3.2 किलोमीटर तैरकर यह अविस्मरणीय स्वर्णपदक जीतकर आयरनमैन का खिताब जीत लिया। आयोजकों ने इस त्रिस्तरीय दौड़ का समय 15 घण्टा 30 मिनट तय किया था जबकि उन्होंने 1 घण्टा 42 मिनट पहले ही यह प्रतियोगिता जीत ली।

## पूर्वोत्तर राजस्थान की कार्यसमिति बैठक सम्पन्न



**जयपुर।** गत 11 जून को जयपुर के माहेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की द्वितीय कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष जुगलकिशोर सोमाणी की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव अधिकारियों को निमंत्रित कर उनका भूतपूर्व अध्यक्ष राधेश्याम परवाल, महासभा संयुक्तमंत्री (पश्चिमांचल) कैलाश सोनी और निवर्तमान अध्यक्ष मधुसूदन बिहानी द्वारा दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी मालचन्द बाहेती ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को सदन को बताया। अध्यक्षीय वक्तव्य से पहले गत 4 जून 2023 रविवार को अलवर-भरतपुर जिला गठन के बारे में प्रदेशमंत्री राजकुमार धूत ने सदन को अवगत कराया। अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में महासभा, कार्यरत ट्रस्ट, छात्रावास आदि की जानकारी बारीकी से प्रस्तुत की। बैठक के समापन पर अध्यक्ष ने आभार प्रकट किया।

## योग दिवस पर योगाभ्यास



**उज्जैन।** माहेश्वरी समाज के सदस्य और प्रसिद्ध योगाचार्य राजेश डागा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को उज्जैन के गोवर्धन धाम नगर सार्वजनिक उद्यान में सामूहिक रूप से योग अभ्यास करवाया। इस अवसर पर राजेश डागा ने योगासन और प्राणायाम द्वारा अनेक बीमारियों को ठीक करने के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि योगाचार्य श्री डागा विगत कई वर्षो से योग के माध्यम से जनसामान्य की सेवा का कार्य कर रहे हैं। वे उज्जैन के नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से नियमित योग शिक्षा प्रदान कर रहें हैं एवं अन्य शहरों के लोगों को योग और प्राणायाम ऑनलाइन भी सीखा रहें हैं।'

# कमजोर परिवारों की करेंगे मदद



**भीलवाड़ा।** अशोक बाहेती, जिलाध्यक्ष माहेश्वरी समाज, (भीलवाड़ा) ने बताया कि माहेश्वरी समाज ने अपने कमजोर तबके के परिवारों को आगे बढ़ाने को विभिन्न योजना शुरू की। चिकित्सा हो या शिक्षा, हर संभव मदद करता है। बद्रीलाल सोनी शिक्षा सहयोग केंद्र व भगवती देवी बल्दवा ट्रस्ट सहयोग करता है। समाज के हॉस्टल कई शहरों में है। एडमिशन का कार्य भी भीलवाड़ा माहेश्वरी जिला सभा करती है। समाज प्रशासनिक सेवा की तैयारी के लिए दिल्ली में हॉस्टल बनवा रहा है ताकि समाज के बच्चों का चयन कर वहां भेजा जाएगा। विधवा पेंशन तीन स्थानों से मिल रही है, राजस्थान महेश सेवा निधि, कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट दम्मानी डी मार्ट ग्रुप इसमें शामिल है। सामाजिक कुरीतियां दूर करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। शादी समारोह में दिखावा अधिक होने लगा है। इसके कारण मध्यम परिवारों पर ज्यादा दबाव है। वे दिखावे के चलते कर्जदार हो जाते है। दिखावे को बंद करने के लिए शादी में खाने के आइटम की अधिकतम संख्या सीमित करने का प्रयास किया जाएगा। प्री वैडिंग बंद किया जाएगा। जनवरी 2024 में सामूहिक सम्मेलन होगा। समाज का परिचय सम्मेलन 22 व 23 दिसम्बर को भीलवाड़ा में होगा। समाज की बिजनेस डायरेक्टरी बनाएंगे। समाज में तलाक चिंता का विषय है। वैवाहिक रिश्तों में कठिनाइयाँ दूर करने को पारिवारिक समन्वय प्रकोष्ठ बनाएंगे। रोजगार प्रकोष्ठ में युवा बेरोजगारों को समाजजनों के संचालित उद्योगों व व्यापार में रोजगार दिलाएंगे। कोई कम्प्युटर के क्षेत्र में काम करना चाहता है तो टेली व अन्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# योग दिवस का हुआ आयोजन



**मथुरा।** माहेश्वरी समाज द्वारा जवाहर बाग मथुरा में 21 जून को योग दिवस के अवसर पर प्रातः 5.30 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षित योग शिक्षिका भावना मालपानी ने सभी उपस्थित जन को योग व सूर्य नमस्कार करवाया तथा योग के लाभ से अवगत कराया। शिविर में समाज के अध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी, महासचिव अभिषेक राठी, कोषाध्यक्ष गौरव राठी, महिला मंडल की अध्यक्षा रेखा माहेश्वरी/सारडा, मंत्री तृप्ति माहेश्वरी, के.जी माहेश्वरी, सुशील दीवान, अजय माहेश्वरी, अनूप माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे। शिविर का समापन स्वल्पाहार के साथ हुआ।

*इंसान का सबसे बेहतरीन साथी उसकी सेहत होती है अगर उसका साथ छूट जाये तो वह हर रिश्ते के लिए बोझ बन जाता है।*

# महिपाल बने पाकिस्तान में पायलट



**कराची ( पाकिस्तान )।** चाचरो (सिंध) पाकिस्तान निवासी महिपाल लद्दड़ पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाईंस में प्रथम माहेश्वरी पायलट बने। यह वहां की ऐतिहासिक घटना है।

# महासभा के सभापति का भीलवाड़ा में स्वागत



**भीलवाड़ा।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा अखिल भारत वर्षिय माहेश्वरी महासभा के आगामी सत्र हेतु घोषित नव निर्वाचित सभापति संदीप काबरा का एक दिवसीय भीलवाड़ा प्रवास पर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी, प्रदेश पद उपाध्यक्ष सत्येंद्र बिड़ला, जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती, जिला मंत्री रमेश चंद्र राठी, जिला वरिष्ठजन उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा, जिला अर्थ मंत्री, सुशील मरोठिया, निवर्तमान प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कचोलिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, नगर उपाध्यक्ष अभिजीत सारडा, नगर अर्थ मंत्री गोपाल नरानीवाल, नगर संगठन मंत्री प्रमोद डाड ने पगड़ी पहना कर, दुपट्टा ओढ़ाकर एवम् तिलक लगा कर स्वागत व अभिनंदन किया। श्री काबरा ने इस अवसर पर जिला सभा की गतिविधियों की जानकारी भी ली।

# रेल दुर्घटना मे मानव सेवा



**चाईबासा ( झारखंड )।** उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन हादसा के कारण बहुत सी ट्रेनों का रूट चेंज किया गया और कुछ ट्रेनों को चाईबासा के रास्ते से पास किया गया। इन ट्रेनों का रुकाव चाईबासा स्टेशन में होने के कारण चाईबासा माहेश्वरी सभा एवं महिला संगठन द्वारा जो यात्री ट्रेन में परेशान हो रहे थे उनके लिए पानी, बिस्कुट, जलजीरा, समोसा इत्यादि की व्यवस्था की गई। यह कार्य जब तक ट्रेनों का रूट परिवर्तित होकर जारी रहा, चलता रहा। इस नेक कार्य में सभा की ओर से अध्यक्ष सतीश करनानी, सचिव श्रीकांत मूंदड़ा, राधेश्याम मूंदड़ा, गौरव मूंदड़ा, अजय मोहता, जुगल मूंदड़ा, लक्ष्मण मूंदड़ा, गोविंदा मोहता, संजय मूंदड़ा, आदित्य सारड़ा, केशव मूंदड़ा, पुनीत मुंगड़ा, सौरव मुद्रा, मंजू सारडा, संगीता मूंदड़ा आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

स्थापित : 1969 ॥ जय महेश ॥ पंजीबद्ध संस्था

-: माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस - महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं:-

# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन



प्रधान कार्यालय :- महेश मार्ग, पुष्कर - 305022 (राजस्थान)

फोन : 0145-2772038, 2773128 मो. 8769646438

Email : abmsevasadan@gmail.com Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com

सेवा सदन के सभी भवनों में शुद्ध सात्विक भोजन तथा वातानुकूलित,डीलक्स एवं कूलर-युक्त कमरें, डोरमैट्री एवं सभागार की सुविधाएं उपलब्ध है।

महेश मार्ग, रमणरेती रोड,
वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश)
फोन : 0565-2540421, मो. 9412280732

दूधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड,
हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01334-261636, 261141 मो. 9897125873

बस स्टेण्ड के पास,
बद्रीनाथ-246422 (उत्तराखण्ड)
मो. 9897125873

नाथूवास रोड, नाथद्वारा-313301
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02953-232301, 231379 , मो. 7297933441

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढ़बोर-313333
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02954-248200, मो. 9116361993

पोकरण रोड़, रामदेवरा-345023
जिला-जैसलमेर (राजस्थान)

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास, जतीपुरा-281502
वाया-गोवर्धन,जिला-मथुरा (उ.प्र.)

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर, क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11
के पास, एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राज.)
फोन : 0291-2744688, 2744588

## -: निर्माणाधीन :-

सर्वे नं. 48,
मखमलाबाद परिसर, रांका स्क्वेयर के आगे,
पंचवटी, नाशिक (महाराष्ट्र)

200 फीट बाईपास,
जगद्गुरु कृपालुजी महाराज के आश्रम के सामने,
जगन्नाथपुरी (उड़ीसा)

## -: शुभेच्छु :-

रामकुमार भूतड़ा — अध्यक्ष
कैलाश सोनी — वरिष्ठ उपाध्यक्ष
रमेशचन्द्र छापरवाल — महामंत्री
मनोहरलाल पुंगलिया — कोषाध्यक्ष

प्रहलाद शाह राठी — उपाध्यक्ष
अनिलकुमार बांगड़ — उपाध्यक्ष
जयकिशन बल्दुवा — उपाध्यक्ष
शंकरलाल बाहेती — उपाध्यक्ष
विजयशंकर मून्दड़ा — उपाध्यक्ष

सोहनलाल मून्दड़ा — मंत्री
मुरलीधर झंवर — मंत्री
श्रीभगवान बंग — मंत्री
संजयकुमार जैथलिया — मंत्री
किशनगोपाल बंग — मंत्री

भागीरथ भूतड़ा — प्रचार मंत्री
मधुसुदन मालू — कार्यालय मंत्री

एवं समस्त कार्यकारिणी समिति सदस्यगण

श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर

राम जन्म भूमि अयोध्या मे शीघ्र ही निर्मित होगा अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन का भव्य भवन

|| जय श्री गणेश ||

*With Best Compliments*



Rahul Gandhi
Director



Ramesh Gandhi
Managing Director



Rohit Gandhi
Director

# R.A. Kraft Paper Pvt. Ltd.

**PAPER & BOARD INDENTER & IMPORTOR**

## The Global Leader of

- **Kraft Paper**
- **Waste Paper**
- **Duplex Paper**
- **News Print**
- **Imported Waste Paper**

R.S. Kraft Paper Ltd.

**FIBRE IMPEX** Pvt. Ltd.

**HEAD OFFICE : 504, Suryakrian Complex, Opp. VNIT-1, Bajaj Nagar, Nagpur-10 (India)**
**Ph. : 0712-2220626, 2242412, 2249685, Fax : 0712-2243248 e-mail : info@rakraftpaper.com**

**MUMBAI : B-230, Sanjay Building No. 5B, Mittal Estate,**
**Andheri Kurla Road, Andheri (E) Mumbai-400059**
**Ph. : 022-42235000 Fax : 022-66915284**
**E-mail : mumbai@rakraftpaper.com**
**Website : rakraftpaper.com**

**BRANCHES : AURANGABAD, HYDERABAD, INDORE, KOLHAPUR, NASIK, PUNE, VAPI**

माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस श्री महेश नवमी के अवसर पर

## ॥ हार्दिक शुभकामनाएं ॥



# श्रीमती कौशल्या गट्टानी

**पूर्व कोषाध्यक्ष**

**अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन**

उदयपुर (राजस्थान)

प्रातः काल और संध्याकाल में देवों के देव महादेव की पूजा उपासना के लिए उत्तम समय है। माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी की पावन पर्व पर आप सबको हार्दिक शुभकामनाएं। जय श्री त्रिकालनाथ महाकाल... आप और आपके परिवार पर भगवान शंकर व गंगा मैया की असीम कृपा बनी रहे!



## डॉ. चौधरी पाकिस्तान में अलंकृत

**कराची (पाकिस्तान)।** इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर डॉ. भवानीशंकर चौधरी को वहां के राष्ट्रपति ने उनकी सेवाओं के लिये ''निशान-ए-इम्तियाज'' सम्मान से नवाजा।

## संगठन आप के द्वार का आयोजन



**भीलवाड़ा।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा संगठन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गत 4 अप्रैल को मांडल तहसील माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों के साथ मिलकर जिला सभा के पदाधिकारियों की टीम ने जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती के नेतृत्व में ग्राम बागोर, लेसवा, मेजा, मांडल एवं भगवानपुरा क्षेत्र का दौरा कर समाज जनों महासभा की विभिन्न योजनाएं एवं सोशल ईको सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बागोर ग्राम सभा में स्थानीय समाज के पदाधिकारियों एवं युवा व महिला मंडल की भागीदारी से कार्यक्रम में उमंग और उत्साह का संचार हो गया। मांडल नगर सभा, युवा एवं महिला संगठन के पदाधिकारियों ने जिला सभा द्वारा संगठन आपके द्वार कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए आश्वस्त किया कि महा सभा की सामाजिक , शैक्षणिक, स्वास्थ चिकित्सा, छात्रावास, एवं व्यापार सहयोग हेतु विभिन्न ट्रस्टों के माध्यम से की जा रही समाजोत्थान के लिए योजनाओं को जरूरत मंद परिवारों तक पहुंचाएंगे। भगवानपुरा ग्राम सभा में भी जिला एवम तहसील सभा के पदाधिकारियों के पहुंचने पर स्वागत किया गया।

## अस्पताल में निःशुल्क भोजन योजना



**जयपुर।** क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा परकोटा द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा योजना के तहत गत 16 जून को द्वारकादास जाजू ने अपने पुत्र अभिषेक जाजू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर बांगड़ हॉस्पिटल के बाहर असहाय वर्ग को भोजन प्रसादी कराई गई। क्षेत्रीय सभा के इस कार्यक्रम में 726 लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। प्रदेशाध्यक्ष जुगलकिशोर सोमाणी, जयपुर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बजाज, जिलामंत्री महेश (गोविन्द) परवाल, जिला अर्थमंत्री राधेश्याम काबरा, श्री माहेश्वरी समाज महामंत्री मनोज मूंदड़ा, महेश हॉस्पिटल अध्यक्ष तेज प्रकाश रांदड, ओम प्रकाश मांधना, परकोटा महिला संगठन अध्यक्षा उर्मिला लोहिया, प्रेमलता मांधना आदि इस अवससर पर उपस्थित थे।

## योग दिवस पर योगाभ्यास



**बैंगलोर।** माहेश्वरी महिला संगठन एवं माहेश्वरी युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर माहेश्वरी भवन में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव निर्मला काँकाणी ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान महेश की पूजा एवं दीप प्रज्वलन कोलोर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सुरेश बियाणी, प्रशिक्षक रंजना तोतला एवं रीमा तापडिया, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष निर्मल तापडिया, उपाध्यक्ष नवल किशोर मालू, महिला संगठन की अध्यक्षा श्वेता बियाणी एवं युवा संघ के अध्यक्ष अरविंद लोया, महिला संगठन की सलाहकार सदस्य प्रकाश मुन्दडा, माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट को-ऑ.लि. के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डागा ने किया। प्रशिक्षक रंजना तोतला एवं रीमा तापडिया का सम्मान शाल ओढ़ाकर उपहार देकर कान्ता काबरा, शोभा भूतड़ा एवं पदाधिकारियों ने किया। योगा ट्रेनर ने कपल योगा, प्राणायम, मेडीटेशन, भजन के साथ योगा, मनोरंजक योगा का प्रशिक्षण उपस्थित समाजजनों को दिया। आनन्द व उत्साह के साथ योग अभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## झारखंड बिहार प्रदेश में योग दिवस



**रांची।** झारखंड बिहार प्रदेश के सभी महिला संगठन द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि सुबह हो या शाम सिर्फ 30 मिनट खुद के लिए निकालकर मॉर्निंग वॉक एवं योगा करना बहुत जरूरी है। कही योगा प्रशिक्षक तो कही सदस्यों ने योगा करवाया। योगा के साथ हेल्थी डाइट की भी जानकारी भी प्रदान की। पटना, गुमला, मुजफ़रपुर, देवघर, कोडरमा, रांची, जमशेदपुर, गुलाबबाग, चाईबासा, किशनगंज, कर्ज़ाइन में बृहद रूप से योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी झारखंड बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक साबू व रश्मि मालपानी ने दी।

# श्रीमती मूंधड़ा हुई सम्मानित




**मालेगाँव।** महेश नवमीं के अवसर पर सुमिता राजकुमार मूंधड़ा को श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल मालेगांव द्वारा सम्मानित किया गया। श्रीमती मूंधड़ा को यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियां प्राप्त करने पर प्रदान किया गया।

# युवा संगठन द्वारा मूवी का आयोजन



**अहमदाबाद।** माहेश्वरी युवा संगठन ने 17 जून को एनवाय सिनेमा चांदखेड़ा में आदिपुरुष मूवी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। मूवी की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से हुई और सदस्यों ने सिनेमा हॉल में 'जय श्री राम' के नारे लगाए, जिससे पूरा सिनेमा हॉल गूंज उठा। संगठन द्वारा मूवी के दौरान जलपान की व्यवस्था भी की गई। मूवी के पूर्ण होने के बाद सभी कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया जो पंजीकरण डेस्क पर मौजूद रहे और मूवी के टिकट वितरण और सदस्यों के पंजीकरण के लिए व्यवस्था बनाने में मदद की। संगठन के अध्यक्ष दीपक मणियार, सचिव अभिषेक मालपानी और कोषाध्यक्ष प्रवीण माहेश्वरी आदि ने धन्यवाद दिया। संगठन मंत्री अर्पित बाहेती द्वारा उक्त जानकारी दी गयी।

## परामर्श चिकित्सीय शिविर का हुआ आयोजन

**सोडाल ( जयपुर )।** क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा, सोडाला जयपुर द्वारा गत 24 जून को जयपुर के कैंसर सेन्टर और 25 जून 2023 को इटरनल हॉस्पिटल में चिकित्सीय शिविर और डाक्टर्स के साथ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए। 24 जून को डॉ. कार्तिक रस्तोगी, 25 जून को डॉ. आलोक माथुर एवं डॉ. सुशील तापड़िया ने कई अबूझ जानकारियाँ दी, साथ ही अनेक प्रश्नों के उत्तर दिए। इन शिविरों में क्रमशः रामजीदास मोदानी फाउंडेशन और महेश प्रगति क्लब ने अपनी सहभागिता निभाकर समन्वय की महत्ता दिखाई। समापन कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष जुगलकिशोर सोमाणी, जयपुर जिला माहेश्वरी सभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बजाज कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन क्षेत्रीय सभाध्यक्ष रमेशकुमार भैया और उनकी टीम की सोच के फलस्वरूप आयोजित हुआ।

# हेमलता गाँधी को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष सम्मान



**उज्जैन।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के आयोजित सम्मान समारोह नागदा में श्री माहेश्वरी मेवाड़ा थोक पंचायत महिला मंडल उज्जैन की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती हेमलता गाँधी को पूरे उज्जैन जिले में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में ट्रॉफी देकर जिला अध्यक्ष राधा असावा एवं जिला सचिव सीमा मालपानी ने सम्मानित किया। यह गौरव सम्मान उन्हें राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जिला एवं स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं को सुचारु रूप से संचालित करने व सर्वाधिक पुरुस्कार प्राप्त करने हेतु दिया गया। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष संगीता भूतड़ा ने दी।

# पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण




**अहमदाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अहमदाबाद के वटवा जीआईडीसी में माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पौधारोपण और जल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए दृष्टि फाउंडेशन ट्रस्ट ने जानकारी प्रदान की। युवा संगठन अध्यक्ष दीपक मणियार, सचिव अभिषेक मालपानी, कोषाध्यक्ष प्रवीण माहेश्वरी, अनिल मणियार, सपना मणियार, लक्ष्मी माहेश्वरी, नेहा मालपानी, रंजना दरगड़, एवम् संदीप, बसंत, आशीष, धनेश, जय, ऋषिकेश, केशव, और जूनियर सदस्य कनिश, वंशिका, लावण्या, पर्व, दिव्यांश आदि भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संगठन मंत्री अर्पित बाहेती द्वारा दी गयी।

## खरी-खरी...

*नहीं जरूरत रही*
*विद्वता के संवर्धन की*

*स्वार्थपूर्ण हो गई*
*हमारी धारा चिंतन की*

*परिवर्तन के साथ*
*प्रबंधन का कौशल सीखो*

*चाटुकारिता पाती है*
*माला अभिनन्दन की*



© राजेन्द्र गट्टानी, भोपाल
94250-16939, 87702-21707

# वरिष्ठ समूह ने मनाई पिकनिक




**भोपाल।** भेल क्षेत्र माहेश्वरी समाज सीनियर सिटीजन समूह ने इस बार सीहोर के पास स्थित राधा की ढाणी में पिकनिक मनाई। इस बार ऐसा लगा कि सारे वरिष्ठ अपनी-अपनी उम्र को घर छोड़ कर शहर से दूर आए। इस आयोजन में समूह के सदस्यों ने अपने आरामदायक दिनचर्या को भूलकर खुद को फिर से युवा महसूस करने का अवसर प्राप्त किया। राधा की ढाणी में जहां ढोल की आवाज पर सभी थिरके वही महिलाओं ने बेलिया डांस में भी सिर पर मटकी रखकर भाग लिया। उन्होंने पारंपरिक खाना खाया, खेले, गीत गाए और मुस्कानों से भरी हंसी और बातचीत का आनंद लिया। बच्चों की तरह जादू का खेल और रस्सी पर संतुलन का कमाल देखा, वहीं अलग-अलग जगह पर जवानी के दिनों की तरह सभी की पोज देकर फोटो खिंचवाए। इस पिकनिक के द्वारा उन्होंने एक-दूसरे के साथ जीवन का मज़ा और खुशियों के पलों का आनंद उठाया।

# योग दिवस का किया आयोजन



**अहमदाबाद।** माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 9 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसके उपलक्ष्य में अहमदाबाद माहेश्वरी युवा संगठन ने प्रेक्षा ध्यान योग साधना शिविर के सहयोग से 21 जून 2023 को प्रातः प्रेक्षा विश्व भारती ध्यान केंद्र कोबा, ग़ाधीनगर में ध्यान योग और प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षको द्वारा योग और प्राणायाम करवाया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष दीपक मणियार, सचिव अभिषेक मालपानी, संगठन सदस्य रक्षा मणियार, सपना मणियार, नेहा मालपानी, संदीप, धनेश, हर्ष, अर्पित आदि उपस्थित थे।

*परिश्रम सौभाग्य की जननी है,*
*देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान और*
*त्यागने के लिए अभिमान ''सर्वश्रेष्ठ'' है।*

## अदिति मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित



**भीलवाड़ा।** जूनियर एशियन स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी अदिति माहेश्वरी को म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सम्मानित किया। अदिति माहेश्वरी भीलवाड़ा ज़िला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष अशोक बाहेती की भांजी हैं।

## जाजू की मेहनत रंग लाई



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की वर्ष 2005 में दायर जनहित याचिका पर 18 वर्ष बाद अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-03 भीलवाड़ा के पीठासीन अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने प्राचीन गांधीसागर तालाब की आराजी संख्या 1999 की 100 बीघा 2 बिस्वा भूमि में से 1717.5 वर्ग गज भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हस्तांतरित एवं विक्रय नहीं करने इत्यादि हेतु भूमि का हस्तांतरण अथवा विक्रय नहीं कर तालाब का मूल स्वरूप यथावत रखने के नगर परिषद को आदेश दिये हैं। श्री जाजू ने बताया कि प्राचीन तालाब की भूमि में भराव कर नगर परिषद द्वारा पेट्रोल पम्प हेतु अवैध रूप से नियम विरूद्ध भूमि नीलाम की जा रही थी।

## जिला माहेश्वरी महासभा के चुनाव संपन्न



**कुक्षी/डही (धार)।** धार जिला माहेश्वरी सभा, महासभा कार्यकारी मंडल, प्रदेश सभा कार्यकारी मंडल के सत्र 2023 से 2026 तक के लिए निर्विरोध चुनाव कुक्षी में संपन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी गिरधर शारदा बेटमा इंदौर जिला ग्रामीण अध्यक्ष, पर्यवेक्षक रामचंद्र तोतला बेटमा प्रादेशिक संगठन मंत्री व सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद शारदा सागोर की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद ओमप्रकाश झंवर बाग को पश्चिमांचल माहेश्वरी सभा संयुक्त सचिव और श्याम भांगडीया सागौर को पश्चिमांचल प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर माहेश्वरी समाज के सदस्यों द्वारा पुष्प हार पहनाकर बधाई दी गई। धार जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद के लिए नारायण लड्ढा डही, सचिव रोहित झवर बाग, उपाध्यक्ष संदीप सोनी बदनावर, कपिल माहेश्वरी धार, संयुक्त मंत्री सुनील माहेश्वरी रिंगनोद, कोषाध्यक्ष रमेश भारती राजगढ़, संगठन मंत्री मधुसूदन बाहेती राजोद, प्रचार मंत्री दीपक चांडक सागौर को निर्विरोध चुना गया। अखिल भारतीय महासभा कार्यकारी मंडल के लिए प्रहलाद माहेश्वरी कुक्षी, प्रदेश सभा कार्यसमिति के लिए घनश्याम जाजू घाटा बिल्लोद, प्रदेश सभा कार्यकारी मंडल के लिए संतोष बाहेती बदनावर, शैलेंद्र लड्ढा सुसारी, प्रहलाद आगीवाल धामनोद, सुभाष माहेश्वरी धार आदि चुने गये।


## पिता-पुत्र ने जीती कॉमरेड मैराथन




**सूरत।** पहाड़ी क्षेत्र में मुश्किल मानी जाने वाली कॉमरेड मैराथन में सूरत के एक सॉफ्टवेयर कारोबारी ललित पेड़ीवाल व उनके पुत्र गोपेश ने न सिर्फ एक साथ हिस्सा लिया बल्कि उसे सफलतापूर्वक पूरा भी किया। एक साथ यह कारनामा करने वाले संभवतः वे भारत के पहले पिता-पुत्र हैं। 54 वर्षीय ललित पेड़ीवाल ने यह दौड़ 11 घंटे 49 मिनट में पूरी की, जबकि 23 वर्षीय गोपेश ने 11 घंटे 44 मिनट का समय लिया। राजस्थान के चूरू जिले के छापर गांव के मूल निवासी ललित ने बताया कि उनका कारोबार तो कुर्सी पर बैठ कर काम करने का है, लेकिन दौड़ना उनका शौक है। 18 वर्ष की उम्र से ही वे नियमित रूप से सुबह दौड़ लगाते हैं। 2014 में जब सूरत में मैराथन का आयोजन हुआ तो उन्होंने पहली बार उसमें हिस्सा लिया और सफलतापूर्वक मैराथन को पूरा भी किया था। कॉमरेड्स मैराथन एक तरह की अल्ट्रा मैराथन है। 1921 से दक्षिण अफ्रीका के डरबन व पीटर मार्टीज बर्ग शहरों के बीच 89 किलोमीटर की इस मैराथन का आयोजन होता है। उल्लेखनीय है कि श्री पेड़ीवाल गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा के पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन पेड़ीवाल के भाई है।

### लघुकथा

रमा, तुम जल्दी से काम खत्म करके फिर बच्चों को भी देख लेना। मैं समाज सेवा के काम से कच्ची बस्ती में मटको के वितरण हेतु जा रही हूँ। तुम तो जानती हो ना, इस चिलचिलाती धूप में उन गरीबों के लिए तो मटके ही फ्रिज का काम करते हैं। सुधा अपनी नौकरानी रमा से यह कह रही थी कि इतने में ही डोरबेल बजी। रमा ने दरवाजा खोला तो सामने दो बच्चे खड़े थे। आँटी, थोड़ा पानी पिला दो, गर्मी से गला सूखा जा रहा है। रमा ने सुधा जी को बताया तो सुधा जी रमा पर ही बरस पड़ी। तुम्हें पता है ना, मेरे को पहले ही देर हो रही है और फिर इन गरीबों के क्यों मुँह लगती हो? भगा दो उन्हें यहाँ से। रमा अपनी मालकिन का मुँह देखती रही और सोचने लगी शायद इसी को समाज सेवा कहते हैं।



विनीता काबरा

## तनिषा को 99.4 प्रतिशत



**मुम्बई।** श्याम लाल भदादा एवं कुसुम भदादा की पोत्री और विवेक माहेश्वरी एवं पायल माहेश्वरी की पुत्री कुमारी तनिषा विवेक माहेश्वरी ने ICSE बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा 99.40% अंक तथा ऑल इंडिया में तीसरा स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण की। उल्लेखनीय है कि तनिषा के पिता विवेक माहेश्वरी मुंबई के जेफरिज में रिसर्चर और चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। समस्त स्नेहीजनों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## हर्ष जिला में प्रथम



**बोकारो (झारखंड)।** हर्ष बिहानी पुत्र संजय बिहानी ने जेईई एडवांस की परीक्षा में 2097 रैंक लाकर पूरे बोकारो जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## राघव को 96.8 प्रतिशत



**सोलापुर (महा.)।** समाज सदस्य जय प्रकाश व संगीता करवा के सुपुत्र राघव ने महाराष्ट्र बोर्ड की एसएससी परीक्षा 96.8 % अंकों से उत्तीर्ण की।

## पूर्वेश को 99.6 प्रतिशत



**अमरावती (महाराष्ट्र)।** समाज सदस्य नंदकिशोर डागा के पोत्र तथा डॉ. गिरीश डागा और वनीता डागा के सुपुत्र पुर्वेश डागा ने महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा 99.60% अंक के साथ उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## रितिका को एमबीबीएस उपाधि



**रांची (झारखंड)।** श्री माहेश्वरी सभा राँची के पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर मारु एवं पुष्पा मारु की पौत्री तथा डा. राजेश-वंदना मारु की सुपुत्री रितिका मारु ने काठमांडू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## माहिया नीट टॉपर



**छपरा (बिहार)।** समाज सदस्य सुलेखा-राजीव माहेश्वरी की पुत्री माहिया माहेश्वरी ने पूरे भारत में नीट की परीक्षा में 660 रैंक प्राप्त किया। बचपन से ही मेधावी रही माहिया ने इस वर्ष की CBSE बोर्ड की 12वीं कक्षा में 97.2 अंक प्राप्त किये।

## कुंश को 99.91 पर्सेन्टाईल



**इंदौर (म.प्र.)।** समाज की प्रतिभा कुंश कृष्ण न्याति सुपुत्र निशांत न्याति ने जेईई एडवांस परीक्षा में 685 वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल की है। कुंश ने जेईई मुख्य परीक्षा में 99.91 पर्सेन्टाइल और सीबीएसई बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।

## डोना को 93.2 प्रतिशत



**आलीराजपुर (म.प्र.)।** प्रतिभावान छात्रा डोना कृष्णकान्त बेड़िया ने 12वीं म.प्र. बोर्ड की परीक्षा में 500 में से 466 अर्थात 93.2% अंक के साथ पूरे आलीराजपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रैली निकालकर शहर में डोना का स्वागत किया गया।

*कौन से कपड़े पहनूं जिससे मैं अच्छा लगूं ये तो हम हर रोज सोचते हैं पर कौन सा कर्म करूं जिससे मैं भगवान को अच्छा लगूं, ये कोई कभी नहीं सोचता।*



Sandeep Motors

ASHOK LEYLAND | HYUNDAI | KIA | BAJAJ | FORD SERVICE

▪ SALES ▪ SERVICE ▪ SMILES ▪ SUCCESS

## OUR BRANCHES

### SANDEEP BAJAJ
Showroom : Chandan Leyland Choraha Bhilwara, 9413214418
Workshop : Pansal Road Bhilwara, 7976685831

### SANDEEP KIA
Bhilwara Showroom : Ajmer Road, Bhilwara, 9772754444
Bhilwara Workshop : Evergreen Tax Park Riico Area, Bhilwara, 7230091030
Chittorgarh Showroom / Workshop : Plot No 3 Old Industrial Area.

### SANDEEP HYUNDAI
Bhilwara Showroom : Chandan Leyland Choraha, Bhilwara, 9414014431
Bhilwara WorkShop : Evergreen Tax Park Riico Area, Bhilwara, 9414014406
Bhilwara Dbu : Ajmer Road, Bhilwara, 9414014458
Gulabpura S/r & W/s : 29 Mill Choraha Near Mayur Mill, Gulabpura, 9680698333, 8875420234
Shahpura S/r & W/s : Opp K.b Dharam Kanta Jahajpur Road.
Shahpura : 9414014403

### SANDAAP ASHOK LEYLAND
Bhilwara : N.h. 79 Ajmer Road Near Mandal Mandal Choraha, Distt Bhilwara, 9413314430
Chanderiya : N.h. 79 Village Putholi, Chanderiya, Distt Chittorgarh, 941331416
Chittorgarah : Nh-27 Udaipur Road Rithola, Near Devari, Distt Chittorgarah, 9414014493
Nasirabaad : Jaipur Highway Road Village Dilwari (Nasirabaad), Distt Ajmer, 9413314431
Ajmer: F-228 Ajaymeru Riico Industrial Area Plara, Ajmer, 9587007720
Srinagar : E-1 Riico Industrial Area Srinagar, Ajmer, 9411314449
Rajsamand : Opp Komal Marble, National Highway Rajsamand 94140144

### S.G. ASSOCIATES
Parts Distribution : N.h. 79 Ajmer Road Near Mandal Choraha Bhilwara, 9413357393
Trailer Manufacturing : D-307/308 Growth Center Hamirgarh Bhilwara, 8875001760

Corporate/ Head Office : Chandan Leyland Choraha, Bhilwara
Rajasthan - 311001

**माहेश्वरी समाज ने अपना उत्पत्ति पर्व महेश नवमी पूरे उल्लास के साथ परम्परागत रूप में मनाया। इसमें देश के कोने-कोने में धार्मिक चल समारोह तथा गतिविधियों का आयोजन हुआ। समाज की प्रतिभाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर भी प्रदान किया गया।**



# चहुं ओर गूंजा 'जय महेश'



**जोधपुर।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा समाज के उत्पत्ति दिवस पर दादा-दादी वृद्धाश्रम एवं जोधाणा वृद्धाश्रम में 1 दिन का सुबह-शाम का खाना, चाय नाश्ता एवं उनकी आवश्यकतानुसार सुखी सामग्री, 10 पानी के टैंकर, कुलर, पंखे, खाना बनाने के लिए भट्टी, चप्पल, आम इत्यादि सामग्री 27 मई को भेंट किए गए। जिला अध्यक्ष उषा बंग ने बताया कि दादा-दादी वृद्ध आश्रम मे गमले एवं पौधे भी लगाए गए। निर्वत्तमान अध्यक्ष शिवकन्या धूत, आनंद भूतड़ा, सुषमा सोनी, संजू राठी, लता राठी, सुनीता जैसलमेरिया, संतोष राठी आदि महिलाएं उपस्थित थी।



**बैंगलुरु।** माहेश्वरी सभा, बेंगलुरु द्वारा अपना वंशोत्पती दिवस महेश नवमी महोत्सव ओखलीपुराम स्थित माहेश्वरी भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष निर्मलकुमार तापड़िया, माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्षा श्वेता बियानी, माहेश्वरी युवा संघ अध्यक्ष अरविंद लोया, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट चेयरमैन मोहनलाल माहेश्वरी, माहेश्वरी फाउंडेशन के चेयरमैन राज गोपाल भूतड़ा आदि ने भगवान महेश की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष निर्मलकुमार तापड़िया ने स्वागत उद्बोधन में दिया। विभिन्न प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुनीता मुंदडा ने किया। वयोवृद्ध सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत सभा सदस्य आशाराम शांतिदेवी सारड़ा, लक्ष्मीनारायण इंद्रदेवी मुंदड़ा, सुशीला देवी राठी, शकुंतला देवी बजाज आदि का सम्मान किया गया। विशिष्ट उपलब्धि सम्मान के अंतर्गत प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सह सचिव सत्यनारायण मालाणी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष निर्मलकुमार तापड़िया ने अपनी धर्मपत्नी अलका तापड़िया के साथ रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया।



**दिल्ली।** प्रदेश माहेश्वरी संगठन द्वारा गत 26 मई को शाह आडिटोरियम, सिविल लाइंस दिल्ली में समाज का उत्पत्ति दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओमकृष्ण बिड़ला मुख्य अतिथि रहे। समारोह में दिल्ली प्रादेशिक महिला संगठन द्वारा समाज के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश बागड़ी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विशिष्ठ अतिथियों में दिल्ली के प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल भूतड़ा (चारभुजा), बीकानेर राजस्थान के जुगल राठी, डॉ. एस एन चांडक, रतनलाल डागा, परमानंद मालानी, राधाकृष्ण करनानी एवं सीआईएसएफ के कमांडेंट हरिओम गांधी (IPS) आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभा व रक्तदाता सम्मान भी किया गया।



**पुणे।** सांगवी परिसर महेश मंडल की ओर से महेश नवमी के पावन पर्व पर भगवान माहेश्वरी चौक में सभी समाजबंधुओं ने मिलकर भगवान महेशजी की आरती तथा पूजन किया। इस अवसर पर नगर सेविका शारदा ताई सोनावणे और नगर सेवक संतोष कांबले ने समाज को महेश नवमी की शुभकामना दी। प्रभातफेरी में भजन और नाम स्मरण के साथ सुबह साई चौक से कृष्णा चोकसे माहेश्वरी चौक तक भगवान महेश और हर हर महादेव के जय घोष से प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में पुना के बालाजी भजनी मंडल की ओर से सेवा दी गयी। कार्यक्रम में सतीश लोहिया, पंकज टावरी, मुकुंद तापडिया, निलेश अटल आदि का सहयोग रहा।




▶▶ **बैंगलोर।** माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव निर्मला काँकाणी ने बताया कि माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी के अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ समाज की सदस्याओं पुष्पा जाजू, सुनीता मालपानी, आयूषी काबरा एवं मास्टर कनव साबू ने मिलकर माहेश्वरी भवन में राहगीरों में 300 ग्लास लाल शरबत का वितरण किया। शाम 4:15 बजे से जूम द्वारा ऑनलाइन भगवान महेश के भजनों का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम में 70 सदस्याओं ने भजनों का आनंद लिया।



▶▶ **हैदराबाद।** नुमाइश मैदान में आयोजित महेश महोत्सव में माहेश्वरी समाज महाराजगंज द्वारा श्री रघुनाथजी मंदिर महाराजगंज से माहेश्वरी भवन बेगम बाजार तक विशाल बाइक रैली निकाली गई। महाराजगंज प्रभातफेरी के सदस्यों मदनलाला नावंदर एवं रामुजदास मालानी का सम्मान परामर्शदाता भगवान पंसारी, अध्यक्ष रामदेव सारडा, मंत्री नरेश भूतड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक बल्दवा, उपाध्यक्ष राम नावंदर आदि ने किया।



▶▶ **जावरा ( रतलाम )।** माहेश्वरी समाज जावरा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम रखे गए व भगवान शिव का अभिषेक समाज अध्यक्ष प्रहलाद चंदा मालानी द्वारा किया गया। गोशाला में माहेश्वरी समाज द्वारा गायों को घास चारा खिलाया गया। महिला मंडल द्वारा अन्न क्षेत्र में भोजन कराया गया। पश्चिमांचल माहेश्वरी समाज के कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण मालपानी व रोहित डांगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र डारिया, समाज के मार्गदर्शक प्रकाश मेहरा, ओमप्रकाश मालपानी, अध्यक्ष प्रहलाद मालानी, घनश्याम सारडा, अशोक मूंदड़ा, सोम सारडा, युवा संगठन अध्यक्ष आदित्य तोषनीवाल, पूर्व अध्यक्ष मदनलाल मूंदड़ा आदि उपस्थित रहे। आभार समाज सचिव पुखराज झंवर ने व्यक्त किया।



▶▶ **उज्जैन।** महेश नवमी महोत्सव के द्वितीय दिवस पर अशोक या आम के पत्तों एवं फूलों द्वारा बंदनवार बनाना, श्री राम स्तुति, हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर कवि सम्मेलन, फैंसी वेशभूषा हाव भाव डायलाग के साथ, पारंपरिक वेशभूषा के साथ पारंपरिक गीत आदि प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में लिपिका लड्ढा प्रथम, सिद्धांशी हेड़ा द्वितीय, वैदिका राठी तृतीय रही। हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर में नितिशा तोषनीवाल प्रथम, मनिषा राठी द्वितीय, पारूल लढा तृतीय रही। श्री राम स्तुति मे स्वाति साबू  प्रथम, अर्चना बसेर द्वितीय, मानसी मूंदडा व सीमा पलोड तृतीय रही। आम के पत्तो के बंदनवार में मीनल राठी प्रथम, कीर्ति मंत्री द्वितीय, पारूल लड्ढा तृतीय रही।



▶▶ **ताल ( रतलाम )।** समाज का उत्पति दिवस महेश नवमी पर्व समाजजनों द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। समाजजनों द्वारा भगवान महेश का सुबह अभिषेक व आकर्षक श्रृंगार तथा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को महिला मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के साथ समाज की धर्मशाला पर सहभोज आयोजित किया गया। मनोहर लाल आगार, प्रह्लाद माहेश्वरी, सुरेश चंद्र सोमानी, राजेन्द्र सोमानी, सुरेश मंडोवरा, कैलाश सोमानी, महिला मंडल की विष्णु कांता आगार, विमला देवी बाहेती, वंदना सोमानी आदि विशेष रूप से व्यवस्था में उपस्थित रहे।



▶▶ **बीकानेर।** 'महेश नवमी' का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिव अभिषेक, दवात कलम की पूजा, रक्त दान, निशुल्क हेलमेट वितरण, सजीव झांकिया से युक्त शोभा यात्रा, सांस्कृतिक संध्या एवं सामूहिक प्रसाद से परिपूर्ण यह पावन दिन विशेष ऊर्जा भर देने वाला रहा। इस वर्ष वर्षो पुराना विषय 'समाज के ध्वज' का अनावरण हुआ। सभी के सुझाव व उपलब्ध इतिहास एवं अन्य माध्यम से प्राप्त साक्ष्य को सहेजते हुए क्लब सदस्यों ने प्रस्तुत ध्वज का प्रारूप तैयार किया। इस अनावरण कार्यक्रम में स्थानीय बंधुओ की साथ वर्चुअल रूप से अ.भा. माहेश्वरी महासभा मंत्री संदीप काबरा एवं उत्तरी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मनोज चितलांगिया भी उपस्थित थे।



**नागपुर।** माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी के उपलक्ष्य में गत 27 मई को श्री महेश्वर वानप्रस्थ आश्रम (श्री उज्ज्वल गोरक्षण ट्रस्ट के अंतर्गत), उमरेड रोड, बहादुरा में दैनिक आवश्यक वस्तुओं का वितरण एवं अल्पाहार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में साबूदाना खिचड़ी, फराली चिवड़ा, चिप्स, स्वीट आदि का वितरण किया गया और दैनिक आवश्यक वस्तुओं के पैकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सतीश बियानी (सचिव, नागपुर जिला माहेश्वरी सभा नागपुर), कमल तापड़िया (अध्यक्ष, नगर माहेश्वरी सभा), महेश बजाज (महेश नवमी संयोजक, नागपुर जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), विनोद चांडक (प्रचार प्रसार मंत्री, नागपुर जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), प्रकाश जावंधिया- (नगर सभा कार्यसमिति सदस्य), कैलाश राठी (सामजसेवी, झोन 6), प्रकाश पनपालिया (अध्यक्ष-झोन 6, नगर माहेश्वरी सभा) आदि उपस्थित थे।



**कोलकाता।** मध्य कोलकाता माहेश्वरी सभा, महिला एवं युवा संगठन द्वारा माहेश्वरी समाज के उत्पति दिवस महेश नवमी को इस वर्ष भी सेवा, सद्भावना एवं समर्पण पर्व के रूप में मनाया गया। संगठन द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले सेवा कार्य में एक नई कड़ी जोड़ते हुए शीतल पेयजल मशीन संघ नेत्रालय (नागरिक स्वास्थ्य संघ) को जन सेवार्थ समर्पित की। इसका उद्‌घाटन कोलकाता प्रदेश के अध्यक्ष विनोद कुमार जाजू ने किया। प्रदेश के मंत्री संपत कुमार मांधना, युवा प्रदेश मंत्री राजीव लखोटिया, पूर्वांचल उपाध्यक्ष सुरेश कोठरी, गणेश बागड़ी आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंच का संचालन आलोक दम्मानी ने किया।

**ढोढर ( रतलाम )।** माहेश्वरी समाज द्वारा अपना उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व मनाया गया। समाजजनों ने सेठों के बाग स्थित भोलेनाथ मंदिर पर भगवान शिव का अभिषेक किया। महिला मंडल द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही समाजजनों द्वारा माहेश्वरी भवन पर स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ हरिवल्लभ डांगरा, लीलाधर डांगरा, सुभाष मालपानी, गोपाल डांगरा, दामोदर राठी, राहुल डांगरा, हितेश डांगरा, हर्ष डांगरा, पार्थ मालपानी आदि उपस्थित थे।



**स्टुटगार्ड ( जर्मनी )।** महेश नवमी के उपलक्ष्य में जर्मनी के शहर स्टुटगार्ट में 29 मई को सभी माहेश्वरियों ने मिलकर मिलन समारोह का आयोजन किया। चित्तौड़गढ़ मूल के राकेश देवपुरा ने बताया कि कार्यक्रम बहुत ही कम समय में तय किया गया था। नोखा मूल के जर्मनी प्रवासी महेंद्र राठी ने बताया कि जर्मनी में पहली बार महेश नवमी के उपलक्ष में मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशीष चांडक, संदीप राठी, यशोदीप बुब, पुष्कर बाहेती, दर्शन मालु, तुषार बंग आदि समाज के कई गणमान्यजनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी महिला मंडल एवं श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल नरसिंह मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में बड़े ही उत्साह से महेश नवमी पर्व मनाया गया। 26 मई को क्षीरसागर स्टेडियम में साड़ी दौड़ का आनंद महिलाओं द्वारा उठाया गया। 27 मई को श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर परिसर में सूर्यकांता बजाज कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राधेश्याम चौखड़ा सहित समाज के कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे। टेलेंट शो हुआ जिसमे बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक नर्मदा सारडा और फाल्गुनी बियानी थी। 29 मई को सुबह श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में भगवान महेश का अभिषेक कर विधिपूर्वक पूजन किया। दोपहर में महिला मंडल ने सिविल अस्पताल की भोजनशाला में भोजन करवाया, संध्या में भगवान महेश का भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें पश्चिमी मध्यप्रदेश माहेश्वरी सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पकुमार माहेश्वरी, मानद मंत्री अजय झंवर आदि उपस्थित थे।

**जोधपुर।** महेश नवमी के अवसर पर 'माहेश्वरी साहित्यकार मंच' के फेसबुक पेज पर बच्चों, युवा, प्रौढ़ एवं वृद्ध ने भी भगवामय होकर पोस्टर पर विचार लिखकर देश-विदेश तक संदेश भेजकर नयी पहल की। महेश नवमी के पावन पर्व पर माहेश्वरी साहित्यकार मंच के फेसबुक पेज पर कार्यक्रम का माँ शारदे की स्थापना, सरस्वती वंदना और महेश वंदना द्वारा विधिवत् संचालन हुआ। संस्थापक श्यामसुंदर माहेश्वरी, सतीश लखोटिया, कलावती करवा, स्वाति जैसलमेरिया व मधु भूतड़ा 'अक्षरा' आदि साहित्यकारों ने अपने विचारों व संदेश से भगवामय पोस्टर बनाकर देश व विदेश तक भगवान शिव के वंश से उत्पन्न माहेश्वरी समाज के अस्तित्व को नयी पहचान दी।



**▸▸ सरवन ( रतलाम )।** माहेश्वरी सभा एवं महिला संगठन के सान्निध्य व माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में 4 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम माहेश्वरी भवन में आयोजित हुए। इसमें 26 मई को माहेश्वरी क्रिकेट लीग टूर्नामेंट हुआ। इसका फाइनल 27 मई 2023 को हुआ जिसमें माहेश्वरी टाइगर ने विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। 28 मई 2023 को केरम म्यूजिकल रेस और तम्बोला कार्यक्रम हुए। महेश नवमी के दिन प्रातः 9 बजे से शोभायात्रा निकली जिसमें सदर बाजार में माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा स्वागत किया गया एवं पुनः मंदिर पर शोभायात्रा का समापन हुआ। महाआरती एवं प्रसादी वितरित की गयी जिसमें दोनों टाइम का सहभोज भी रखा गया। प्रातः 11 से 2 बजे तक युवा संगठन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि समाज अध्यक्ष प्रकाश सोमानी, कृष्णकुमार तोतला, सुशील धुत, सत्यनारायण तोतला थे। उसके पश्चात शाम 5 बजे समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला सचिव महिला मंडल किरण बाहेती सैलाना, विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी शांतिलाल भट्टड, मनोहरलाल लड्ढा, शांतिलाल तोतला, समाज अध्यक्ष प्रकाश सोमानी और जिलाध्यक्ष युवा संगठन यश तोतला उपस्थित थे। समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।



**▸▸ नावांशहर।** महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल ने मेले का आयोजन माहेश्वरी भवन में आयोजित किया। इसका शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष माधव प्रसाद धूत व नवनिर्वाचित अध्यक्ष मूलचंद लढ़ा तथा तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण लढ़ा ने फीता काटकर किया। मेले में समाज की महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई। प्रियंका बियाणी, आरती लड्ढा, कमलेश लढ़ा, प्रीति बियाणी, रुचि कांकाणी आदि ने गेम्स की स्टाल का संचालन किया। महेश नवमी पर माहेश्वरी भवन में सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया तथा महेश भगवान की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही महिलाओं व बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। प्रकाश सोमानी, मूलचंद लढ़ा, सत्यनारायण लढ़ा, माधव प्रसाद धुत, महिला मंडल से प्रियंका बियाणी आदि मंचासीन रहे। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया।



**▸▸ लखनऊ।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा 29 मई को सर्वप्रथम आनंदी देवी मंदिर चौक पर एकत्रित होकर एवं दर्शन करके क़ोनेश्वर महादेव मंदिर से प्रभात रैली निकाली गई। मंदिर में सभी ने दर्शन कर समाज द्वारा आयोजित शरबत सेवा कार्यक्रम में अपना योगदान देकर परोपकार का कार्य किया। इस अवसर पर सभासद अनुराग मिश्रा (अन्नू) भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं महेश्वरी समाज के सेवा, त्याग एवं परोपकार की भावना की तारीफ की। माहेश्वरी समाज लखनऊ के अध्यक्ष शरद लाहोटी एवं मंत्री निखिल बल्दुआ द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



**▸▸ रायपुर।** माहेश्वरी सभा रायपुर ने तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव मनाया। 28 मई रविवार को भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लगभग 600 समाज बंधु पारंपरिक वेशभूषा मे शामिल हुए। दूसरे दिन महेश नवमी को महेश छात्रावास मे भगवान का रुद्राभिषेक एवं महेश ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात शरबत वितरण एवं आम भंडारा लगाया गया। मेकाहारा हॉस्पिटल में मरीजो को भोजन वितरण किया गया। माहेश्वरी सभा के द्वारा रक्तदान शिविर एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया। तीसरे दिन मंगलवार को माहेश्वरी भवन मे पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि के रूप मे सुप्रसिद्ध समाजसेवी गणेश भट्टड, माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्षा प्रगति कोठारी, माहेश्वरी युवा मंडल के अध्यक्ष निलेश मुँदडा, माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति से रमा बागड़ी आदि कई समाजजन उपस्थित थे।

*ये जिंदगी है साहब - उलझेंगे नहीं तो सुलझेंगे कैसे और बिखरेंगे नहीं तो निखरेंगे कैसे, ख्वाब भले टूटते रहे, मगर हौंसले फिर भी जिंदा रहे, हौंसला अपना ऐसा रखो जहाँ मुश्किलें भी शर्मिंदा हो।*



▶▶ **अहमदाबाद।** माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी के पर्व पर संगीत संध्या का कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया। इसे अहमदाबाद में माहेश्वरी युवा संगठन, माहेश्वरी प्रगति मंडल और माहेश्वरी सखी संगठन ने मिलकर संचालित किया है। यह वर्ष अहमदाबाद माहेश्वरी युवा संगठन और माहेश्वरी सखी संगठन दोनो का 25 वां रजत जयंती वर्ष है। इस कार्यक्रम में 800 से अधिक समाजजनों ने उपस्थिति देकर इसका आनंद उठाया।



▶▶ **अड़ाजन।** गंगेश्वर महादेव मंदिर में 26 मई को अड़ाजन घुड़दौड़ माहेश्वरी सभा एवं भटार माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान में रुद्राअभिषेक एवं महाआरती का आयोजन कर महेश नवमी महापर्व की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सूरत जिला माहेश्वरी सभा सचिव अतिन बाहेती, कोषाध्यक्ष रामसहाय सोनी, संगठन मंत्री मुरली लाहोटी,अड़ाजन घुड़दौड़ माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सुनील माहेश्वरी, सचिव सुनील जागेटिया, भटार माहेश्वरी सभा सचिव विकास डोडिया आदि कई समाजजन उपस्थित थे।



▶▶ **बिल्सी।** श्री माहेश्वरी भवन बिल्सी में महेश नवमी के शुभ अवसर पर सुबह भगवान महेश का पूजन एवं हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सुभाष चंद्र बाहेती, उमेश तोषनीवाल, जय प्रकाश माहेश्वरी, दीपक माहेश्वरी (बाबा), सतीश माहेश्वरी, कपिल माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी (डैनी), मुकेश तोषनीवाल आदि कई समाजजन उपस्थित थे।



▶▶ **बरेली।** माहेश्वरी समाज का वंशोत्पत्ति उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड हाई कोर्ट के रिटायर जज वी.के. माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रदेश मंत्री सुभाष चंद्र बाहेती, प्रोफेसर शशि बाला राठी थे। सनातन यात्रा अभियान के संस्थापक विशाल अजमेरा ने सनातन धर्म पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया। शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सभा के अध्यक्ष के.के. माहेश्वरी ने की। कार्यक्रम का संचालन ममतेश माहेश्वरी ने किया।



▶▶ **जयपुर।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला सभा समिति द्वारा केशव नगर सामुदायिक भवन में 27 मई को महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में महारुद्राभिषेक कार्यक्रम व संध्या महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कैलाश सोनी (संयुक्तमंत्री महासभा) के कुशल टीम नेतृत्व एवं सुरेन्द्र बजाज (जिला अध्यक्ष), गोविन्द परवाल (जिला मंत्री), राधेश्याम काबरा (जिला कोषाध्यक्ष) के संयुक्त मार्गदर्शन में विजय डागा (मुख्य संयोजक) ने अपने सह संयोजक सहयोगियों संदीप शारदा, कृष्ण गोपाल सामरिया, अनिल साबू, ललित समधानी के टीम प्रयासों से कार्यक्रम आयोजित किये। मुख्य यजमान युगल जोड़ी बजरंग जाखोटिया के साथ चार विशिष्ट यजमान सहित युगल जोड़ों ने रुद्राभिषेक किया।





▶▶ **कलकत्ता।** दक्षिण कलकत्ता माहेश्वरी सभा और दक्षिण कोलकाता युवा माहेश्वरी संगठन द्वारा सांचिया माता जी मंदिर में भगवान महेश का रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। शाम 5.30 बजे विधिवत आरती की गई। आरती के बाद भगवान उमा-महेश के प्रसाद का सहभोज आयोजित किया गया। कई समाजजनों ने यजमान के रूप में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश नागोरी, अनिल लखोटिया, दीन दयाल जाजू, मुरली मनोहर मंधाना, अरुण गगन, भगवती प्रसाद मुंधड़ा आदि का सहयोग रहा।



▶▶ **इंदौर।** महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें सात हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए, जिनमें करीब दो हजार महिलाएं शामिल थीं। महेश चौक गोराकुंड स्थित जानकीनाथ मंदिर में सुबह भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर कांकड़ा आरती की गई। उसके बाद प्रभातफेरी प्रारंभ हुई। इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रामस्वरूप धूत, मंत्री मुकेश असावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, उपाध्यक्ष राजेश सोमानी, मीडिया समन्वयक रामस्वरूप मूंदड़ा, प्रचार मंत्री अजय सारडा, कोषाध्यक्ष संतोष मानधन्या, संगठन मंत्री प्रह्लाद सेठ, सह मंत्री केदार हेड़ा एवं नीलेश सारड़ा के नेतृत्व में प्रभातफेरी शुरू हुई। मुंबई से अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अर्थ मंत्री आरएल काबरा मुख्य अतिथि के रूप में प्रभातफेरी में शामिल हुए। सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता एवं भारत पारेख, अरविंद बागड़ी, हरीश विजयवर्गीय एवं कैलाश खंडेलवाल ने प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रभातफेरी में रामेश्वरलाल असावा, कल्याणमल मंत्री, पुरुषोत्तम पसारी, रामअवतार जाजू, उमाशंकर बिहानी, अशोक डागा सैकड़ों सहित कई समाजजन उपस्थित थे।



▶▶ **नागपुर।** महेश नवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन वाड़ी से 29 मई को सुबह 7:00 बजे शिव मंदिर के पास हुआ। शोभा यात्रा की शुरुआत हरेश सोनी (अध्यक्ष, जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), सतीश बियानी (कोषाध्यक्ष, जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), महेश बजाज (महेश नवमी संयोजक, नागपुर जिला माहेश्वरी सभा, नागपुर), लक्ष्मीनारायण केला (माहेश्वरी मंडल वाडी हिंगना रोड,नागपुर), शामसुन्दर मुंधड़ा (माहेश्वरी मंडल वाडी हिंगना रोड, नागपुर) ने महेश भगवान का पूजन एवं हरी झंडी दिखाकर की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमप्रकाश राठी (अध्यक्ष,माहेश्वरी मंडल वाड़ी हिंगना रोड, नागपुर), दिपक चांडक (सचिव, माहेश्वरी मंडल वाड़ी हिंगना रोड, नागपुर), शोभा यात्रा संयोजक मनोज मुंधड़ा, सह-संयोजक किरण राठी, सह-संयोजक रेखा चांडक आदि ने योगदान दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 30 मई शाम 07:30 पुण्याइ सभागृह, दत्तवाड़ी में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रमुख अतिथि प्रकाश हेड़ा (अध्यक्ष, झोन-04), सतीश लद्धड़ (झोन-04), प्रकाश पनपालिया (अध्यक्ष, झोन-06), अजय नबीरा (सचिव, झोन-06), अजय डागा (पश्चिम रैली संयोजक), हरीश कलंत्री (झोन-06) आदि ने किया।



▶▶ **उदयपुर।** माहेश्वरी महिला गौरव द्वारा महेश नवमी उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता के साथ मनाया गया। अध्यक्ष आशा नरानीवाल ने बताया कि महेश वंदना व भजनों के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। संरक्षक कौशल्या गट्टानी ने अध्यक्षता की। मेंगो रेसिपी में सरिता मुन्दडा, इन्द्रा मुन्दडा, सलाद में रमा लढा, नीना मुंवर विजेता रही। कार्यक्रम की जज ध्रुविका असावा थी। सरिता न्याली व मंजु गाँधी ने सभी को पुरस्कार वितरित किये। उमा काबरा व प्राची ने हाउजी व गेम्स खिलाये। संचालन वीणा मोहता ने किया।



▶▶ **बठिंडा।** महेश नवमी के उपलक्ष में 2 दिवसीय कार्यक्रम में 28 मई को प्रातः 6.30 बजे से शोभायात्रा/प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। डॉ. राम नारायण माहेश्वरी, नरिंदर होलानी, सतपाल राठी, सतपाल लखोटिया, हरीश लखोटिया, प्रवीण लखोटिया, विजय माहेश्वरी, अनिल लखोटिया एवं जगदीश मंत्री द्वारा अपने घर के सामने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सुराजगिरी मंदिर में भगवान महेश का अभिषेक एवम संकीर्तन किया गया और अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में के.के. मालपाणी, सविता होलानी व पुष्पक मंत्री आदि ने विशेष योगदान दिया।



▶▶ **अहमदाबाद।** माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा 29 मई को महेश नवमी का कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में अहमदाबाद महेश्वरी युवा संगठन, अहमदाबाद महेश्वरी प्रगति मंडल, अहमदाबाद माहेश्वरी प्रगति मंडल महिला विभाग के साथ मिलकर आयोजित किया गया। सखी संगठन की अध्यक्षा अनुराधा अजमेरा, सचिव-निक्की राठी और संरक्षक सदस्या- इंद्रा राठी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। यह वर्ष अहमदाबाद माहेश्वरी सखी संगठन का 25वां रजत जयंती वर्ष है। प्रोग्राम में लगभग ८०० लोगो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सखी संगठन की संरक्षक सदस्या - इंद्रा राठी, कोषाध्यक्ष - सुमन काबरा, प्रचार प्रसार मंत्री-जया दीपक जेठा व समस्त समिति सदस्य उपस्थित रहे।



**सूरत।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा 29 मई को महेश नवमी धूमधाम से मनाई गई। सुबह शोभायात्रा में लाल चुनरी की साड़ी पहनकर 500 महिलाओं ने शोभा यात्रा को भव्य बनाया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आरती की गई एवं सुबह और शाम अलग-अलग संभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे बच्चों द्वारा शिव तांडव स्त्रोत का पाठ किया गया। इस अवसर पर 2000 लोगों की उपस्थिति रही। महेश नवमी पर अखिल भारतीय सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।




**रतनगढ़।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस पर माहेश्वरी भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत महेश वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष नरेश पेड़ीवाल, महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू लढ़ा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याओं ने भगवान महेश की वंदना की तथा युवा मंडल एवं महिला मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं एवं भगवान शंकर को लेकर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उत्तरी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी समाज के उपाध्यक्ष रजनीकांत सोनी, नरेंद्र झंवर, महेश जाजू, तहसील अध्यक्ष राकेश जाजू, मंत्री रामावतार चांडक, योगेश लढ़ा, मुकुंद सोनी, कृत्येय लढ़ा, अनिल सोनी आदि समाजजन उपस्थित थे।

**इचलकरंजी ( महाराष्ट्र )।** इस वर्ष महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में विचार मंथन प्रतियोगिता में वैवाहिक रिश्तो पर बहुत ही सार्थक चर्चा हुई। सभी प्रतियोगियों ने वर्तमान परिपेक्ष में इस विषय से सम्बंधित सभी परिस्थितियों पर सटीक विचार रखें एवं परीक्षकों, संचालकों तथा उपस्थित समाज बंधुओं के प्रश्नों का समुचित उत्तर देते हुए टूटते रिश्ते को लेकर इसके कारण, निवारण एवं समाधान आदि सभी विचार प्रस्तुत किए।

*जिंदगी में इतनी गलतियां मत करो कि पेंसिल से पहले रबर घिस जाये। और रबर को इतना मत घिसो कि जिंदगी का पेज ही फट जाये।*



**सिडनी ( ऑस्ट्रेलिया )।** सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में महेश नवमी पर्व 28 मई को धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। सिडनी से महू निवासी शगुन ढोली ने बताया है कि अत्यंत ही पारिवारिक माहौल में माहेश्वरी समाज के बंधुओं ने महेश नवमी उत्सव उल्लास पूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिवजी के महाभिषेक से हुई। महाभिषेक के साथ ही समाज बंधुओं ने सुमधुर भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों के लिए ड्रॉइंग कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया। तत्पश्चात समाज के पुरूष एवं महिलाओं व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। माहेश्वरी समाज के लगभग 150 से ज्यादा लोगों ने महेश नवमी उत्सव में हिस्सा लिया। सभी ने साथ मिलकर भगवान महेश की भोजन प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर सिडनी माहेश्वरी समाज के कमल भूतडा, गोपाल काकानी, अंकुर तोतला, दीपिका ढोली, शुभा काकानी, नीता भूतडा, सोनल तोतला, अरुण-संगीता बिरला, रमेश बांगर सहित अनेक गणमान्य समाजजन उपस्थित थे।



**नागपुर।** नगर माहेश्वरी सभा (अंतर्गत नागपुर जिला माहेश्वरी सभा) द्वारा महेश नवमी पर्व हास्य कवि सम्मेलन, ढोल ताशे, बॉक्स क्रिकेट, लघु रुद्राभिषेक, भव्य महेश रैली व रंगारंग सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में नगर माहेश्वरी सभा ने समस्त माहेश्वरी संगठनों का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। विभिन्न संगठनों के प्रेरक सामाजिक संदेशों से ओत प्रोत लघु नाटिकाओं ने सांस्कृतिक संध्या में चार चांद लगाए। नगर माहेश्वरी सभा नागपुर द्वारा सामाजिक एकता को मजबूत बनाते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागपुर शहर में सक्रियता से अग्रणी समस्त माहेश्वरी पंचायतों, महिला व युवा संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी समाज का वंशोत्पत्ति पर्व महेश नवमी बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। नगर माहेश्वरी सभा के प्रचार मंत्री विनोद चांडक ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 15 दिवसीय रचनात्मक, मनोरंजक, सामाजिक, सांस्कृतिक, सेवाभावी, खेलकुद इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। ढोल ताशे के साथ लघु रुद्राभिषेक, भव्य महेश रैली, बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट, प्रेरक सामाजिक संदेशों से ओत प्रोत लघु नाटिकाओं की रंगारंग सांस्कृतिक संध्या एवम समस्त सामाजिक संगठनों का सत्कार प्रमुख केंद्र रहा।



▶▶ **बीकानेर।** माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व श्रीकृष्ण माहेश्वरी मण्डल के तत्वावधान में सम्पूर्ण बीकानेर के स्वजातीय बन्धुओं ने बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया। अध्यक्ष सत्यनारायण राठी ने बताया कि वार्षिक उत्सव के रूप में मनाये जाने वाले पर्व का शुभारंभ प्रातः 8 बजे मरूनायक मोहता चौक स्थित मण्डल कार्यालय में भगवान शिव-परिवार की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात् 9 बजे मरूनायक मंदिर में सदैव की भांति कलम, तराजू एवं पुस्तक का पूजन किया गया। सायं 5 बजे सोनगिरी कुआं स्थित महेश भवन से सचेतन झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक पूगल रोड़ स्थित माखण भोग में श्री बीकानेर माहेश्वरी महिला समिति के तत्वावधान में माहेश्वरी समाज के युवा कोरियोग्राफर श्रीरतन मोहता के निर्देशन में तैयार की गई 45 मिनट की महेश नवमी पर्व पर शिव-महिमा आधारित डोक्योमेंट्री के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों में माहेश्वरी समाज की प्रशासनिक अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक सदर थाना बीकानेर शालिनी बजाज सपरिवार उपस्थित हुई।



▶▶ **अकोट।** माहेश्वरी समाज उत्पत्ति पर्व महेश नवमी का त्रिदिवसीय आयोजन 27 मई से 29 मई तक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री माहेश्वरी सेवा समिति अकोट के तत्वावधान मे माहेश्वरी महिला मंडल तथा तालुका युवा संगठन ने किया था। 27 मई 2023 को सुबह 6 बजे स्थानीय विद्यांचल द स्कूल में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। 28 मई को भव्य रक्तदान शिबिर का आयोजन तालुका युवा संगठन द्वारा किया गया, जिसका उद्घाटन सेवा समिति के अध्यक्ष नवीन चांडक तथा युवा अध्यक्ष नितेश राठी ने श्री महेश पूजन कर किया। 29 मई को महेश नवमी के दिन श्री भगवान महेश का अभिषेक स्थानीय श्री चमत्कारी शिव रामदेव बाबा मंदिर अकोट में किया गया था, जिसमें समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे। शाम 4 बजे श्री भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। मंच पर समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष गोकुलदास चांडक, सेवा समिती के अध्यक्ष नवीन चांडक, महिला मंडल की अध्यक्षा कविता चांडक, तालुका युवा अध्यक्ष नितेश राठी ,सुनील सोमानी, गीता केला आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवा समिति के कोषाध्यक्ष अतुल मालाणी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन सचिव सचिन राठी ने किया।



▶▶ **नसीराबाद ( अजमेर-राजस्थान )।** महेश नवमी महोत्सव स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा 29 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष सुनील काहल्या ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम 25 मई से प्रारंभ हुए। 25 मई को प्रातः समाज बंधुओं द्वारा गौमाता को लापसी एवं हरे चारे का भोग लगा कर शुभारंभ किया गया व एक शाम भगवान महेश के नाम का आयोजन किया गया। 26 से 28 मई तक बालकों एवं बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। विभिन्न सांस्कृतिक व कला स्पर्धा का आयोजन भी हुआ। मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि रुकमणी देवी काहल्या धर्म पत्नी स्मृति शेष भंवरलाल काहल्या निवासी दिलवाडा व विशेष अतिथि ओमप्रकाश लोगड (अध्यक्ष- माहेश्वरी क्षेत्रीय सभा नसीराबाद), माया ईनांणी (उपाध्यक्ष- अजमेर जिला माहेश्वरी महिला मंडल), बेला तेला (सहसचिव-अजमेर जिला माहेश्वरी महिला मंडल) थीं। समाज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान विधार्थियों का सम्मान करते हुए शिल्ड एवं पारितोषिक भी प्रदान किये। मंच संचालन समाज संस्था के सचिव संजय राठी ने किया।



▶▶ **रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा, प्रादेशिक महिला संगठन एवं प्रादेशिक युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में, 29 मई को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के 41 संगठन में महेश नवमी हर्ष व उल्लास से मनाई गई जिससे इस पर्व ने प्रदेश में महोत्सव का स्वरूप ले लिया। महेश नवमी महोत्सव हेतु प्रदेश सभा से प्रभारी संगठन मंत्री गजेंद्र चाण्डक व संयोजक सहमंत्री जगदीश चाण्डक-दुर्ग, महिला संगठन से सह-संयोजक उर्मिला टावरी व युवा संगठन से सह-संयोजक धीरज भट्टड़ बनाये गए थे। साथ ही 6 जिलों में सभा, महिला व युवा संगठन के जिला अध्यक्ष, सचिव व उनकी टीम ने सहयोग किया। छत्तीसगढ़ के समस्त 41 संगठनों में यह महोत्सव के रूप में मनाया गया जिसके साक्षी प्रत्येक संगठन में पहुंचे प्रदेश सभा के संगठन प्रभारीगण थे। प्रदेश सभा ने 41, युवा संगठन ने 36 व महिला संगठन ने 10 संगठन में प्रभारी भेजे थे। प्रत्येक स्थानीय संगठन ने आयोजन स्थल, मंदिर या माहेश्वरी भवन में महेश ध्वज की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया व महेश वंदना के साथ ही प्रत्येक माहेश्वरी परिवार में महेश ध्वज बांधा गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा ने प्रत्येक परिवार एवं स्थानीय संगठन हेतु महेश ध्वज उपलब्ध कराया था।



**पूर्वी म.प्र.।** महेश नवमी का कार्यक्रम प्रदेश भर में उत्साह से मनाया गया। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, वृद्ध आश्रम में फल एवं नाश्ता वितरण तथा गरीब बस्ती में उनको उपयोग आने वाली सामग्री, राशन, रेलवे स्टेशन पर शरबत वितरण व नाश्ता वितरण किया गया। खेलकूद में भूले बिसरे खेलों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 70 इकाइयों में से 55 स्थानीय इकाई में प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी के सानिध्य में महेश नवमी सभी जगह हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।



**निजामाबाद।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का स्वागत निजामाबाद जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा नारायण टावर के पास किया गया। इसमें भगवान महेश की पूजा व भगवान का स्वागत पुष्प व पटाखो के साथ किया गया। सभी समाज बंधुओं के लिए शीतल जल व ज्यूस की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजक दीपक कालानी, विष्णु जाजू, अध्यक्ष गोविंद झंवर, उपाध्यक्ष गोविंदा मालू, मंत्री रामगोपाल बंग, उपमंत्री मोहित बजाज, कोषाध्यक्ष श्रीगोपाल मूंदड़ा, खेल मंत्री मयूर बंग आदि युवा साथी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



**हैदराबाद।** श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल चप्पल बाज़ार के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 29 मई को धूमधाम से जैन भवन, ईडन बाग़, रामकोट में मनाया गया। मंत्री भरत जाजू ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल महारुद्राभिषेक, टीकमचंद घनश्याम चांडक परिवार और ध्वजारोहण जगदीश भराड़िया द्वारा किया गया। अल्पाहार के साथ प्रातःकाल का कार्यक्रम समाप्त हुआ। मुख्य अतिथि श्यामसुंदर जाजू (डिप्टी कमिश्नर ऑफ लेबर, हैदराबाद) सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अपनो राजस्थान' में पारंपारिक राजस्थानी संस्कृति का दर्शन करवाया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। मंच संचालन अमर जाजू एवं महेश असावा ने किया। सहभोज के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।



**नागदा।** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर प्रातः 6:00 से 9:00 तक भगवान महेश का दशहरा मैदान प्रांगण में अभिषेक किया गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश सरिता मेहता एवं नंदकिशोर लीला मालपानी एवं घनश्याम राठी द्वारा अभिषेक किया गया। उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी छात्रों का सम्मान एवं गेम खेले गए। इस मौके पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पुष्प माहेश्वरी एवं सचिव अजय झंवर मुख्य अतिथि थे। शाम 4:00 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण से महेश भगवान की शोभा यात्रा निकली। संचालन गोपाल बजाज द्वारा किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति मोहता, जिला अध्यक्ष सीमा मालपानी, सुनीता राठी, अनीता राठी, हेमलता मेहता, शोभा बिसानी, सुषमा बिसानी, सीमा राठी आदि का विशेष योगदान रहा।




**देवास।** महेश नवमी महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नटवर बियाणी कांटाफोड़, विशेष अतिथि सुरेश हेड़ा इंदौर, अनिल मंत्री इंदौर एवं कैलाश डागा जिलाध्यक्ष उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री बियाणी ने संगठन को मजबूत करने के सुझाव दिए। सुरेश हेड़ा व अनिल मंत्री ने अखिल भारतीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी समाज द्वारा किया गया। महिला संगठन की ओर से अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। युवा संगठन द्वारा बैडमिंटन व केरम, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन राधावल्लभ सिंगी ने किया। अतिथि परिचय सचिव अनिल झंवर ने दिया। आभार युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांडक ने माना।

**गंजबासौदा।** हितकारिणी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज ने अपना उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। सुबह भगवान शिवजी का पूजन एवं अभिषेक हुआ। तत्पश्चात दोपहर 12:00 बजे आरती के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। पूजन अभिषेक के मुख्य यजमान कैलाश पदमा परवाल थे। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष कृष्ण साबु, बालमुकुंद पलोड, राजेश माहेश्वरी, रामनिवास मूंदडा, सतीश माहेश्वरी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज डागा, महिला मंडल की अध्यक्ष कांता माहेश्वरी, रेखा माहेश्वरी, रंजना मूंदड़ा, मनोरमा पलोड, उषा माहेश्वरी आदि कई समाजजन उपस्थित थे।

*किसी को कभी दुख मत देना*
*क्योंकि दी हुई चीज एक दिन हजार गुना*
*होकर वापिस आती है।*



▶▶ **झारखंड ( बिहार )।** सभी शाखाओं में महेश नवमी महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। महेश नवमी उत्सव का आगाज जमशेदपुर गुमला रांची में भव्य प्रभात फेरी एवं स्कूटी रैली के साथ हुआ। शोभायात्रा में सभी शाखाओं में समाज के लोगों की बहुत ही उत्साह वर्धक उपस्थिति रही। प्रदेश में 28 मई को सभी जिले में रक्तदान शिविर से कुल 440 यूनिट रक्त स्थानीय ब्लड बैंक में संग्रह किया गया। जमशेदपुर, गुमला, मुजफ्फरपुर में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जहाँ बच्चों को योगा, डांस, हमारे धार्मिक संस्कृति के कुछ-कुछ पाठ आदि का प्रशिक्षण दिया गया। जमशेदपुर माहेश्वरी वरिष्ठ सखी मंडल (महिला चौपाल) ने आशीर्वाद ओल्ड एज़ होम बारादारी में बुजुर्गों को नाश्ता करवाया एवं उनके साथ समय बिताया। गांधी कुष्ठ आश्रम में अल्प आहार की भी व्यवस्था की गई। सिनेमाक्स द्वारा कार्तिकेय मूवी सभी को दिखाई गई। किशनगंज, देवघर, मुजफ्फरपुर, गुमला, चाईबासा, कर्जाइन, जमशेदपुर,पटना, कोडरमा, गुलाबबाग, बोकारो, रांची, मुरलीगंज, धनबाद, फारबिसगंज सहित सभी समितियों ने महेश नवमी के अवसर पर सामूहिक रुद्राभिषेक, भजन, सुंदरकांड, सहभोज, गौ सेवा एवं जन सेवा के अंतर्गत बढ़ती गर्मी में राहगीरों को शरबत, चना, सत्तू पानी, तरबूज, आम, केला, छाछ आदि का वितरण भी किया। मुजफ्फरपुर मे बच्चों ने माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति कैसे हुई इसकी झलक दिखाई। जमशेदपुर में समुन्दर मंथन एवं रांची में बहू-बेटियो ने नारी सम्मान, नारी शक्ति और बच्चों ने पेरेंट्स एंड एजुकेशन पर नाटक प्रस्तुत किया। पटना में चर्चित मूवी केरला स्टोरी वहां की महिला एवं युवतियो को सिनेमा घर में मुफ्त दिखाई गई। संस्कार पाठशाला के बच्चों के बीच ॐ एवं स्वस्तिक बनाओ प्रतियोगिता भी करवाई गई।




▶▶ **तराना।** माहेश्वरी महिला मंडल तथा उत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय महेश नवमी उत्सव मनाया गया। इसमें कई तरह की प्रतियोगिता रखी गई जिनमें महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी विजेता को पुरस्कार दिए गए। महिला मंडल की अध्यक्ष कुसुम मंत्री की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी सचिव सुनंदा डोडिया ने दी।

**अहंकार मत कर किसी को कुछ देकर**
**क्या पता तू दे रहा है या पिछले जन्म का**
**कर्ज चुका रहा है।**



▶▶ **धामनगाव।** माहेश्वरी समाज वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी के उपलक्ष्य में माहेश्वरी हितकारक संघ एवं माहेश्वरी परिवार द्वारा 29 मई को विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय माहेश्वरी भवन में आयोजित तीन दिवसीय महेश नवमी का शुभारंभ 27 मई को सुबह 10 बजे विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष रमेशचंद्र चांडक के हाथो हुआ। सुबह 10.30 बजे से माहेश्वरी महिला मंडल, तहसील माहेश्वरी महिला संगठन एवं नवयुवती मंडल द्वारा विविध प्रतियोगिताऐं आयोजित की गयी। दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक तहसील माहेश्वरी संगठन द्वारा करियर गाईडन्स एवं नई शिक्षा नीति के क्या फायदे इस विषय पर सेमिनार हुआ। 28 मई को सुबह 9 बजे तहसील युवा संगठन एवं माहेश्वरी नवयुवक मंडल द्वारा गोरक्षण में गायों को चारा दिया गया। सुबह 10 बजे माहेश्वरी हितकारक संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर 2 से 5 बजे तक महिलाओं द्वारा विविध प्रतियोगिताऐं ली गयी व श्री चांडक एवं माहेश्वरी हितकारक संघ के अध्यक्ष मनीष मूंधड़ा के हाथों पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश राठी ने किया व आभार मनीष मूंधड़ा ने माना। महिला मंडल द्वारा 7 दिवसीय एरोबिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सोमवार 29 मई को सुबह 7 बजे माहेश्वरी भवन स्थित श्री महेश मंदिर में भगवान महेश का अभिषेक व 9 बजे महिलाओं द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। रात 8.30 बजे आरती एवं भोजन प्रसादी का समाज ने आनंद लिया।



▶▶ **चित्तौड़गढ़।** नगर माहेश्वरी सभा एवं महेश नवमी महोत्सव समिति द्वारा महेश नवमी पर्व का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महेश नवमी महोत्सव समिति के संयोजक राकेश मंत्री ने बताया कि इस बार के महेश नवमी महोत्सव में क्रिकेट प्रतियोगिता सतरंगी महेश मेला, सांस्कृतिक संध्या एवं भजन संध्या के साथ-साथ पर्यावरण बचाओ, साइकिल रैली, बैडमिंटन प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता तथा नवाचार के रूप में आरटीओ का लर्निंग लाइसेंस कैंप एवं 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ जनों का घर - घर जाकर सम्मान करना आदि अपने आप में एक अनूठी पहल थी। भोलेनाथ के अभिषेक के साथ-साथ ही विशाल शोभायात्रा निकली। इसमें उज्जैन से आई शिव बारात आकर्षण का केंद्र रही। अंत में स्नेहभोज का आयोजन हुआ।



▸▸ **रायपुर ( छ.ग. )।** प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा बुजुर्गों की चौपाल मे इस बार महेश नवमी पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। समाज के 100 से भी ज़्यादा बुजुर्ग महिलायें एवं पुरुष सुबह महेश छात्रावास मे एकत्रित हुए। प्रदेश सभा के अध्यक्ष सुरेश मुँदडा एवं कोषाध्यक्ष सी.ए मनोज राठी ने सभी का स्वागत किया। वरिष्ठ महिलाओं एवं पुरुषों के लिए कैरम, चैस, लुडो, हाउसी जैसे विभिन्न इंडोर गेम्स रखे गये। चौपाल के संयोजक गोपाल बजाज, जगदीश चाँडक एवं महेश बिरला थे। चौपाल मे बुजुर्गों द्वारा ही छात्रावास के बाहर सभी राहगीरों के लिए मठा वितरण किया गया। अखिल भारत वर्षीय महिला संगठन की महामन्त्री ज्योति राठी, रायपुर ज़िला के अध्यक्ष पवन करनानी, सचिव आशीष पूंगलिया,माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संपत काबरा, सचिव कमल राठी, गुढ़ियारी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बसंत राठी, महेश सभा के अध्यक्ष सुशील लाहोटी, माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्षा प्रगति कोठारी सहित कई समाज़जन उपस्थित थे।



▸▸ **कोलकाता।** प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवं प्रदेश युवा संगठन के तत्वावधान में माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा मंच हावड़ा के आतिथ्य में स्थानीय क्लब हाउस विवेक विहार में महेश नवमी उत्सव संपन्न हुआ। समारोह अध्यक्ष कैलाश काबरा (पूर्वांचल उपाध्यक्ष) ने गुवाहाटी थे। मुख्य अतिथि बर्दवान के उद्योगपति जगदीश झंवर, प्रधान अतिथि पूर्वांचल संयुक्त मंत्री छितरमल धूत (जमशेदपुर), विशिष्ट अतिथि चंद्र प्रकाश भट्टड़, दीनदयाल जाजू, देवी प्रसाद मूंदड़ा, सुरेश कुमार राठी, जगदीश मूंदड़ा, अशोक मूंधड़ा, पुरूषोत्तम दास मिमानी (माहेश्वरी सभा कोलकाता के पूर्व अध्यक्ष) कोलकाता माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बुलाकी दास मिमानी थे। धन्यवाद ज्ञापन माहेश्वरी हावड़ा के उपाध्यक्ष शशिकांत मुंधडा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुति ''समाज रिटायर हो रहा है'' का नाट्य मंचन था। सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक सीमा भट्टड़ एवं शिवकुमार राठी थे। कार्यक्रम संयोजक आशीष मालपानी, आलोक राठी, अश्विन लड्डा एवं शोभा दम्मानी के साथ माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा मंच के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज में समाज के लगभग 1500 सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया।




।। जय महेश ।।

# भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा

शॉप नं.5, बादल टेक्सटाईल मार्केट, पुर रोड़, भीलवाड़ा ( राजस्थान )
रजि. नं. 3/भीलवाड़ा/1989-90

## महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाए



अध्यक्ष
**अशोक बाहेती**
मो. 94133 56347



मंत्री
**रमेश राठी**
मो. 94141 13228



व. उपाध्यक्ष
**प्रदीप बल्दवा**



उपाध्यक्ष
**रामराय सेठिया**



अर्थ मंत्री
**सुशील मरोठिया**



संगठन मंत्री
**महेन्द्र कांकाणी**



संयुक्त मंत्री
**राजेन्द्र कुमार पोरवाल**



संयुक्त मंत्री
**रमेश चन्द्र बसेर**



संयुक्त मंत्री
**दिनेश तोषनीवाल**

### कार्यसमिति सदस्य

समस्त तहसील माहेश्वरी सभाएं: भीलवाड़ा नगर, माण्डल, माण्डलगढ़, हुरड़ा, शाहपुरा, भीलवाड़ा ग्रामीण, कोटड़ी, जहाजपुर, बनेड़ा, गंगापुर, रायपुर-करेड़ा, असीन्द, कार्यकारी मण्डल के समस्त सदस्यगण एवं भीलवाडा जिले के समस्त माहेश्वरी परिवार

# भीलवाड़ा में जय महेश की गूंज



**माहेश्वरी समाज के सर्वाधिक बाहुल्य वाला भीलवाड़ा इस बार भी महेश नवमी पर्व के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का साक्षी बना। महेश नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा में ''जय महेश'' के उद्घोष से सम्पूर्ण शहर गूंज उठा।**

**भीलवाड़ा ( पंकज पोरवाल, मीडिया प्रभारी श्रीनगर माहेश्वरी सभा )।** अपनी विशिष्ट परम्परानुसार श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के नेतृत्व में समाज द्वारा भव्य महेश नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समाज का उत्पत्ति पर्व तो परम्परानुसार गरिमामय रूप में मना, साथ ही समाज की प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया गया।



## 9 शिविरों में 1752 यूनिट रक्तदान

श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2023 कार्यक्रम के तहत कुल 9 रक्तदान शिविर आयोजित किए गये। महोत्सव के तहत पहला रक्तदान शिविर तिलक नगर क्षेत्रिय माहेश्वरी सभा द्वारा अध्यक्ष राजेंद्र जागेटिया, मंत्री राजेंद्र पोरवाल के नेतृत्व में सांवरिया रिसोर्ट में आयोजित हुआ जिसमें 30 महिलाओं की भागीदारी से 151 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। द्वितीय रक्तदान शिविर पूर्व विधायक स्वर्गीय रामरिछपाल नुवाल की पुण्य स्मृति में श्री नगर माहेश्वरी सभा एवं सोना प्रोसेस के संयुक्त तत्वावधान में सोना प्रोसेस परिसर मे आयोजित किया गया। सोना प्रोसेस के एमडी सुभाष नुवाल व डायरेक्टर हर्षिल नुवाल के सान्निध्य में दोनो युनिटों में 341 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। तृतीय रक्तदान शिविर रिको फोर्थ फेज स्थित सेवलोन सल्ज परिसर में आयोजित किया गया। सेवलोन सल्ज के एमडी राधाकिशन सोमानी, डायरेक्टर निधि व रूचि सोमानी के सान्निध्य में शिविर में 405 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। चतुर्थ शिविर शास्त्रीनगर माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ जिसमें 166 युनिट, पंचम शिविर संजय कॉलोनी माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ जिसमें 122 युनिट, तथा षष्टम शिविर एमपीएस स्कुल आजाद नगर में आयोजित हुआ जिसमें 136 युनिट संग्रहित की गई। सातवां शिविर नितिन स्पिनर्स चित्तौड़ रोड पर फैक्ट्री परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 160 यूनिट रक्तदान संग्रहित हुआ। आठवां रक्तदान शिविर चित्तौड़ रोड स्थित संगम इंडिया परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 156 यूनिट तथा नवम् शिविर महेश शिक्षा सदन एसी हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें 113 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। विभिन्न शिविरों में रक्त संग्रहण का कार्य रामस्नेही, महात्मा गांधी एंव भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। रक्तदान प्रभारी तरूण सोमानी व राकेश काबरा ने बताया कि शिविरों में पूर्व सभापति रामपाल सोनी, सांसद सुभाष बहेड़िया, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष कैलाशचन्द्र कोठारी व राधेश्याम सोमानी, अनिल बांगड़, सत्येन्द्र बिरला, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, मंत्री रमेश राठी, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कचोलिया, ओम नाराणीवाल, राजेन्द्र कचोलिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, सह सयोजक केजी राठी व प्रदीप पलोड, अतुल राठी, अभिजित सारड़ा, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, सुरेश बिरला, विनय माहेश्वरी, महेश जाजू, नवीन काकानी, रामकिशन सोनी, विकास कचोलिया, अनूप समदानी सहित नगर व क्षेत्रिय सभा के विभिन्न प्रदाधिकारीयों द्वारा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया।

## महिलाओ की मैराथन प्रतियोगिता



महेश नवमी महोत्सव के उत्सव में महिलाओ की मैराथन प्रतियोगिता रखी गई। इस प्रतियोगिता के आयोजन में शास्त्री नगर महिला संगठन ने अपनी सहभागिता निभाई। नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी व सचिन सोनल माहेश्वरी ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों में रखी गई। प्रथम ग्रुप में 5 वर्ष से 28 वर्ष तक, द्वितीय ग्रुप में 28 से 55 वर्ष तथा तृतीय ग्रुप में 55 से ऊपर की महिलाओं ने भाग लिया। प्रथम ग्रुप की विजेताओं में प्रथम कृतिका राठी, द्वितीय भव्या नुवाल, तृतीय प्रियल माहेश्वरी रहीं। द्वितीय ग्रुप में प्रथम लवीना तोषनीवाल, द्वितीय खुशी काबरा, तृतीय शिवानी समदानी रहीं। तृतीय ग्रुप में प्रथम वन्दना आगाल, द्वितीय सावित्री सोमानी, तृतीय किरण समदानी रहीं। सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया कि 55 वर्ष ग्रुप में प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ बाकी सभी को भी सांत्वना पुरस्कार दिये गये। संगठन मंत्री विनीता तोषनीवाल ने कहा कि प्रतियोगिता प्रभारी मधु जाजू, अनु मोदी, लीला राठी, निशा सोनी, नीलम दरगड, मधु समदानी, रेखा धूत टीम ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। वीणा मोदी, अंजू सोमानी, निशा काकानी, प्रदेश अध्यक्ष अनिला अजमेरा जिलाध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला सचिव प्रीति लोहिया सहित कई सदस्याऐं उपस्थित थीं।

## कई रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन



महेश नवमी खेलकूद महोत्सव के तहत एरोबिक्स झुम्बा, चेयर रेस, रस्सा कस्सी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी खेलकूद महोत्सव के तहत शरीर को शारीरिक रुप से स्वस्थ रखने कि लिए एरोबिक्स झुम्बा का आयोजन किया गया। खेल प्रभारी दिनेश काबरा ने बताया कि इसमें बालक व बालिका 8 से 15 वर्ष मे अथर्व भंडारी प्रथम, युवक व पुरूष 16 से 30 वर्ष में आयुष बाहेती प्रथम, युवती व महिला वर्ग 16 से 30 वर्ष में कृतिका राठी प्रथम, पुरूष वर्ग 30 से उपर में निरज हेडा प्रथम व महिला में कृतिका लढ़ा प्रथम रही। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने भाग लिया। इसमें पुरुष वर्ग मे प्रथम चन्द्र शेखर आजाद नगर, द्वितीय बसंत विहार तथा तृतीय स्थान पर सांगानेर क्षेत्रीय सभा रही। साथ ही महिला वर्ग में आरके आरसी (रेड पैंथर) प्रथम, द्वितीय बापूनगर तथा तृतीय स्थान आजाद नगर ने प्राप्त किया।

## टेलेन्ट सर्च का आयोजन



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान व माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के सहयोग से टैलेंट सर्च - 2023 एवं कॅरिअर सेमिनार 2023 का आयोजन किया गया। टैलेंट सर्च में कक्षा 7 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष प्रदीप लाठी व सचिव सुनील सोमानी ने बताया कि वक्ता उद्योगपति रामपाल सोनी, एडीएम प्रशासन राजेश गोयल, आरपीएस मेघा गोयल, डॉ. नरेश पोरवाल ने सीधे ही विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि रूबरू कार्यक्रम में करीब 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा जीवन में सफलता को लेकर मुख्य वक्ताओं को सुना और उनसे सवाल-जबाव किए। सुधा चांडक व कल्पना सोमानी ने बताया कि समसामयिक नॉलेज, अंग्रेजी, मेंटल एबिलिटी आदि पर आधारित 40-40 प्रश्नों की परीक्षा हुई। इस अवसर पर महेश सेवा समिति अध्यक्ष ओम नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कचौलिया, डायरेक्टर दिनेश शारदा, सीपी काल्या, केदार जागेटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र विरला, प्रदेश महिला अध्यक्षा अनिला अजमेरा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक राधेश्याम सोमानी, नगर महिला मंडल अध्यक्षा सुमन सोनी, सचिन सोनल माहेश्वरी सहित कई पदाधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित थे।

## अन्ताक्षरी प्रतियोगिता हुई आयोजित



महेश नवमी महोत्सव के तहत अंतराक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि सभी 13 क्षेत्रीय महिला संगठनों ने इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई। नगर सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया कि नगर कोषाध्यक्ष स्नेहलता और नगर संगठन मंत्री विनीता तोषनीवाल ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता प्रभारी कांता मेलाना, राज राठी, सीमा लढ़ा और कार्यसमिति के सभी सदस्यो ने प्रतियोगिता का कार्यभार सँभाला। प्रतियोगिता में प्रथम आरकेआरसी व्यास, द्वितीय सांगानेर कॉलोनी, तृतीय शास्त्री नगर कॉलोनी रही। निर्णायक रेखा सोडानी व अंजू सोमानी थीं। विजयी टीमों को पारितोषिक प्रदान किए गये। प्रथम टीम को 2100, द्वितीय टीम को 1500 और तृतीय टीम को 1100 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

# सतरंगी मेला का आयोजन



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान एवं नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के सहयोग से दो दिवसीय माहेश्वरी सतरंगी मेले का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम सांसद सुभाष बहेड़िया, लादूराम बांगड़, श्रीगोपाल राठी, अशोक बाहेती, रमेश राठी, दिनेश लढ़ा, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमाणी, सह सयोंजक केजी राठी व प्रदीप पलोड, मेला संयोजक अभिजीत सारडा, डॉ. नरेश पोरवाल, डॉ. बीएम मालू, अर्चित कोगटा, सुशील मरोठिया, महेन्द्र काकानी, राजेन्द्र पोरवाल, ओम गटयाणी, दीनदयाल मारू, सत्यनारायण मूंदड़ा, कृष्णगोपाल जागेटिया, प्रह्लाद हिंगड़, ओम प्रकाश मालू, दिलीप तोषनीवाल, केदार जागेटिया, दिनेश शारदा, चंद्र प्रकाश कालिया, सुरेश काबरा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। नगर महिला मंडल अध्यक्षा सुमन सोनी व सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजित माहेश्वरी संतरगी मेला में 24 मई को को देर रात सांस्कृतिक प्रोग्राम के तहत शहर की सभी माहेश्वरी क्षेत्रीय महिला संगठनों द्वारा कल्चर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रत्येक क्षेत्रिय सभा को श्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा 5100 रूपये पारितोषिक के रूप में प्रदान किये गये। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि माहेश्वरी सतंरगी मेले में भीलवाड़ा सहित चितोड़, राजसमन्द, उदयपुर, ब्यावर से कई व्यापारियो ने भाग लिया। वस्तुओं की लगभग 100 स्टॉल्स लगाई गई। मेला संयोजक अभिजीत सारडा ने बताया कि मेले के समापन पर 25 मई गुरुवार को अंतर राज्य कलाकारों द्वारा नृत्य एवं गायन की विशेष प्रस्तुति दी गई। प्रथम विजेता काशीपूरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल, दूसरे स्थान पर आरके आरसी व्यास माहेश्वरी महिला मंडल व तृतीय स्थान पर सुभाष नगर महिला मंडल और भोपालगंज महिला मंडल रही। सारडा ने बताया कि संतरगी मेले में लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम प्राइज 42 इंच एलईडी टीवी, सेकंड वाशिंग मशीन, तृतीय मोबाइल के साथ ही 5 सांतन्वा पुरस्कार रखे गए है। मेले के समापन के दौरान रक्तदान में विशेष सहयोग करने पर संगम ग्रुप, सोना प्रोसेस, सेवलोंन सल्ज़ एवं नितिन स्पिनर्स के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। मेला मुख्य प्रभारी गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, दिलीप लाहोटी, रामकिशन सोनी, दिनेश काबरा, महिला प्रमुख प्रभारी भारती बाहेती, मोना डाड आदि का विशेष सहयोग रहा।

# केरम-टेबल टेनिस - शतरंज स्पर्धा

श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2023 के तहत उत्सव क्लब भीलवाडा द्वारा प्रायोजित केरम टेबिल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता रहे खिलाडियों का सम्मान समारोह महेश स्कूल के एसी हॉल में किया गया। शुभारम्भ ओम नराणीवाल, अशोक बाहेती, अनिल बांगड, राजेन्द्र कचैलिया, अजय गुप्ता, महेन्द्र काकाणी, सुशील मरोटिया, राधेश्याम सोमानी एवं अभिजित सारडा द्वारा किया। कैरम प्रभारी कमलेश सोमानी ने बताया कि कैरम पुरुष वर्ग एकल में प्रमोद चेचानी प्रथम ओमप्रकाश मालानी द्वितीय रहें। कैरम पुरुष वर्ग युगल में अनिल मुन्दडा एवं प्रमोद चेचानी प्रथम व ओम प्रकाश मालानी एवं मुकेश चेचानी द्वितीय, कैरम बालक वर्ग एकल में रामानन्द काष्ट प्रथम, निमय दरक द्वितीय एवं बालक युगल वर्ग मे अंश बाहेती एवं विवेक बाहेती प्रथम, आशीष लढ़ा एवं करण हुरकट द्वितीय रहें। कैरम बालिका वर्ग एकल में चेष्ठा माहेश्वरी प्रथम, निशा सोमानी द्वितीय एंव महिला एकल वर्ग में सरोज लड्ढा प्रथम, निशा बाहेती द्वितीय वं महिला पुरुष युगल वर्ग में अरुण बाहेती एवं निशा बाहेती प्रथम, भूपेश लढ़ा एवं सरोज लढ़ा द्वितीय रहें। पुरुष वर्ग टेबिल टेनिस प्रभारी अशोक कुमार पोरवाल ने बताया कि पुरुष वर्ग अंडर 14 में ईशान सामरिया प्रथम, अक्षत सोनी द्वितीय, अंडर 20 में लक्ष्य हुरकट प्रथम, सान्निध्य झंवर द्वितीय, आयुवर्ग 20 से 40 वर्ष में चिन्मय कोगटा प्रथम, विदित झंवर द्वितीय, आयुवर्ग 40 वर्ष से ऊपर श्याम मुन्दडा प्रथम, श्याम बिड़ला द्वितीय रहें। महिला वर्ग में आयु वर्ग 14 वर्ष से 40 वर्ष चहक लढ़ा प्रथम, अंकिता माहेश्वरी द्वितीय रहीं। पुरुष वर्ग आयु 20 से 40 वर्ष तक में चिन्मय कोगटा व निखिल बल्दवा प्रथम, ईशान सामरिया व लक्ष्य हुरकट द्वितीय रहे। पुरुष वर्ग आयु 40 वर्ष से उपर श्याम मून्दडा एवं श्याम बिरला प्रथम, अर्पित मोदी एवं बालमुकन्द मोदी द्वितीय रहे। शतरंज प्रभारी कैलाश चन्द्र डाड ने बताया कि माधव अजमेरा प्रथम, दिनक चेचानी द्वितीय एवं सौम्य बिडला तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में आरंभ डाड प्रथम, अंशित डाड द्वितीय एंव नव्या देवपुरा तृतीय रहें। सभी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# 18 शिवालयों में एक साथ महाभिषेक



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2023 के आयोजनो के तहत जिला माहेश्वरी युवा संगठन के नेतृत्व में भोलेनाथ (भगवान महेश) का एक साथ 18 शिवालयों में दुग्ध महाभिषेक 5 पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक आयोजित किया गया। सभाध्यक्ष केदार गगरानी एवं संयोजक पूर्व राधेश्याम सोमानी ने बताया कि भीलवाड़ा के प्राचीन शिवालय हरणी महादेव व श्री गोपालद्वारा मंदिर में भोलेनाथ का प्रातः 5.30 सहित सभी क्षेत्रीय सभाओ में विधि-विधान पूर्वक महा अभिषेक किया गया। महाअभिषेक बडे मंदिर पुर, जलदाय विभाग मंदिर बापूनगर, पंचेश्वर महादेव मंदिर चंद्रशेखर आजाद नगर, रामधाम मंदिर काशीपुरी, एफ सेक्टर नर्पदेश्वर महादेव मंदिर आजाद नगर, निंबार्क आश्रम मंदिर बसंत विहार, नीलकंठ महादेव मंदिर शास्त्री नगर, पंचमुखी दरबार पुराना शहर, पीपलेश्वर महादेव भोपालगंज, चामुंडा माता मंदिर आरके आरसी, शिव मंदिर बांस वाली गली संजय कॉलोनी, श्री राम मंदिर छोटी पुलिया सुभाष नगर, राधाकष्ण मंदिर पानी की टंकी के पास विजय सिंह पथिक नगर, चित्रकुट हनुमान मंदिर आदर्श नगर तिलक नगर, शिव मंदिर बड़े मंदिर के पास सांगानेर, सेक्टर 8 चारभुजा मंदिर मे तिलक नगर आदर्श नगर क्षेत्रिय सभा द्वारा प्रातः 7.15 से ही जिला माहेश्वरी युवा संगठन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर अभिषेक मुख्य प्रभारी राघव कोठारी, अर्जुन तोषनीवाल सहित समाज के कई वरिष्ठ जन उपस्थित थे। श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के बड़ा मंदिर में प्रातः 6 बजे चारभुजा नाथ के दुग्ध महा अभिषेक का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे से ही भगवान चारभुजा नाथ के मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। प्रातः 11.15 बजे शांतिलाल, सत्यनारायण, संजय, सुनील डाड परिवार द्वारा मंदिर शिखर पर ध्वजा अर्पण की गई। उसके बाद महाआरती का आयोजन कर छप्पन भोग धराया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र बिरला, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, राजकुमार मालपानी, राजेन्द्र भंडारी, देवेंद्र सोमाणी सहित कई समाज जन उपस्थित थे।



# एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता

श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम भीलवाड़ा द्वारा प्रायोजित महेश नवमी महोत्सव 2023 के तहत दो दिवसीय एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता एलटूसी के नवनिर्मित टर्फ पर हुई। इसमें रविवार को दो सेमिफाइल मैच खेले गये। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि शुभारम्भ लादूराम बांगड़, श्रीगोपाल राठी, सुभाष नुवाल, अनिल नुवाल, हेमराज जागेटिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक राधेश्याम सोमाणी द्वारा किया गया। माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के प्रदीप लाठी व सीए सुनील सोमानी ने बताया कि दो सेमीफाइनल मैच खेले गये। इसमें प्रथम मेच आरकेआरसी ए-वर्सेस भोपालगंज के बीच खेला गया, जिसमें आरकेआरसी टीम विजयी रही। इस मैच की वुमन ऑफ द मैच छवि माहेश्वरी रही। वहीं दूसरा मैच संजय कालोनी वर्सेज बसंत विहार के बीच खेला गया। जिसमें संजय कॉलोनी टीम विजयी रही। इस मैच की वुमन ऑफ द मैच वृन्दा सोमानी रही। इससे पूर्व शनिवार को आठवां मैच आरकेआरसीव्यास बी वर्सेस भोपालगंज के बीच खेला गया। दूसरी पारी में भोपालगंज ने 2.2 ओवर में ही मैच जीत लिया। इस मैच में वुमन ऑफ द मैच अर्चिता रही। नवां मैच आजादनगर वर्सेस प्रथिक नगर के बीच हुआ। मैच आजाद नगर टीम ने जीत लिया। इस मैच की वुमन ऑफ द मैच कविता काबरा रही। 10वां मैच बसंत विहार वर्सेस चन्द्र शेखर आजाद नगर के मध्य खेला गया। चंद्रशेखर आजाद नगर ने इसमें अपनी जीत दर्ज कराई। इस मैच की वुमन ऑफ द मैच इशिता माहेश्वरी रही। 11वां मैच शास्त्रीनगर बी वर्सेज काशीपुरी के मध्य खेला गया। काशीपुरी ने इसमें विजय प्राप्त कर ली। इस मैच की वुमन ऑफ द मैच हर्षा भंडारी रही। लीग स्टेज का बारवां व आखिरी मैच शास्त्री नगर ए वर्सेज आरके आरसी व्यास बी के मध्य हुआ। शास्त्री नगर एक ने इसमें विजय प्राप्त करी। आखिरी मैच की प्लेयर ऑफ द मैच साक्षी बाहेती रही।

# वॉलीबाल शूटिंग प्रतियोगिता



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आरकेआरसी व्यास क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा प्रायोजित वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह महेश स्पोटर्स एकेडमी, महेश स्कुल के प्रांगण में आयोजित हुआ। समापन पर विभाग संघचालक चांदमल सोमानी, प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रविंद्र जाजू, महानगर सह कार्यवाह निर्मल गग्गड़, महानगर व्यवस्था प्रमुख सुरेश लढ़ा, नगर कार्यवाहक राकेश असावा, प्रांत संरक्षक आरोग्य भारती, डॉ. डीएल कास्ट, प्रांत मंत्री आरोग्य भारती कैलाश सोमानी, प्रांत सह संयोजक हिंदू जागरण मंच सुभाष बाहेती, क्षेत्रीय पर्यावरण प्रमुख विनोद मेलाना, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, योगेश लढ़ा, राजेन्द्र कचोलिया, प्रदीप लाठी, महेश देवपुरा, ललित पोरवाल आदि अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। खेल प्रभारी दिनेश काबरा ने बताया कि समापन से पूर्व तृतीय स्थान के लिए भोपालगंज वर्सेज शास्त्रीनगर (टाइटन्स) के बीच मैच खेला गया। इसमें शास्त्रीनगर (टाइटन्स) टीम विजेता रही। उसके बाद फाइनल मैच प्रथिकनगर ए वर्सेज आरकेआरसी (पंचमुखी) के बीच खेला गया। इसमें आरकेआरसी पंचमुखी टीम विजेता रही। इससे पूर्व सेमी फाइनल के दो मेच खेले गये जिसमें प्रथम शास्त्रीनगर वर्सेज प्रथिकनगर ए के बीच खेला गया जिसमे प्रथिकनगर ए विजेता रही। वही दूसरा सेमी फाइनल आरकेआरसी (पंचमुखी) वर्सेज भोपालगंज के बीच खेला गया जिसमें आरकेआरसी (पंचमुखी) विजेता रही।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान व सांगानेर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा प्रायोजित चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन फोर आर्म्स एकेडमी सांगानेर रोड पर हुआ। खेलकुद प्रभारी दिनेश काबरा ने बताया कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में सभी क्षेत्रीय सभा से 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कपल एंट्री में प्रथम वैभव एंव अंकिता झंवर, द्वितीय रोशनलाल व संजु डाड, तृतीय स्थान पर प्रद्युमन व आंचल न्याति रहे। अंडर 13 में युवराज चांडक, निर्भीक समदानी तथा अंडर 17 में गर्वित हुरकट, अथर्व काबरा, खुशी मंडोवरा, सौम्या अजमेरा व अंडर 21 में मनन तोषनीवाल, गौरव सोमानी विजेता रहे। बॉयज अंडर 13 में प्रथम युवराज चांडक, द्वितिय सौम्या तोषनीवाल, तृतीय निर्भीक समदानी, गर्ल्स अंडर 13 में प्रथम नवविशती माहेश्वरी, द्वितीय सियोना बसेर, तृतीय धारा बाल्दी, बॉयज अंडर 17 प्रथम लक्ष्य सोमानी, द्वितीय रोनक झंवर, तृतीय सोम्य अजमेरा, गर्ल्स अंडर 17 में प्रथम रेना बाल्दी, द्वितीय हिमांगी असावा, तृतीय परिधि माहेश्वरी, अंडर 21 में प्रथम माधव काबरा, द्वितीय कृष्णा माधव असावा, तृतीय गौरव सोमानी, गर्ल्स अंडर 21 में प्रथम नंदनी बहेड़िया, द्वितीय खुशी अजमेरा, तृतीय परिधि कोगटा रही।

# जय महेश के गूंजे जयकारे



माहेश्वरी समाज के वंशोत्पति दिवस महेश नवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में चहुँओर भगवान महेश के जयकारे गूंजायमान होते रहे। शोभायात्रा के बाद रामेश्वरम में महाप्रसाद के साथ 15 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का समापन हो गया। शोभायात्रा से पूर्व सुबह विभिन्न शिवालयों में भगवान महेश का अभिषेक हुआ एवं माहेश्वरी समाज के बड़े मंदिर में चारभुजानाथ को छप्पन भोग लगाया गया। वस्त्रनगरी में पिछली बार की तर्ज पर इस बार भी सायंकालीन बेला में केसरीमल भैरूलाल माहेश्वरी धर्मशाला से महेश नवमी की शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा मुरलीविलास रोड, स्टेशन चौराहा, गोलप्याऊ चौराहा होते हुए बालाजी मार्केट, भूपालक्लब, सुभाष मार्केट, संकटमोचन हनुमान मंदिर होकर राजेन्द्र मार्ग विद्यालय पहुंच सम्पन्न हुई। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा में आगे शहनाई वादक, उंटगाड़ी, 8 अश्व के साथ तीन बैंड विशेष धुन ओम नमः शिवाय की स्वरलहरियां बिखरते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में पूर्व सभापति महासभा रामपाल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र बिरला, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक व पूर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, सह संयोजक केजी राठी व प्रदीप पलोड़ सहित हजारों समाजजन शामिल थे। एक दर्जन मंदसौरी ढोल की थाप पर युवक-युवतियां उत्साह से नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा को सार्थक बनाने के लक्ष्य से माहेश्वरी समाज ने सर्वजन को इसके माध्यम से सामाजिक एकता के साथ स्वच्छता, नशामुक्ति व भ्रुण हत्या रोकने का संदेश भी दिया।

# सभी के सहयोग ने आयोजन को किया सफल

भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा के जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती ने भीलवाड़ा जिले की समस्त ग्राम सभाओं, क्षेत्रीय सभाओं, नगरसभा तहसील सभाओं का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज का महापर्व उत्पत्ति दिवस महेश नवमी भगवान महेश की कृपा एवं आशीर्वाद से संपूर्ण जिले में निर्विघ्न रुप से दिव्य, भव्य, ऐतिहासिक रूप से सानंद संपन्न हुआ। जिला सभा आभारी है श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा ने 23 दिन से विभिन्न प्रकार के सामाजिक, रचनात्मक एवं प्रतिभाओं का सम्मान एवं मानव सेवा के विभिन्न प्रकल्प आयोजित किये। विशेष रुप से रक्तदान शिविर, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सतरंगी मेला एवं महिला मंडल, युवा संगठन, माहेश्वरी प्रोफेसनल फोरम, उत्सव क्लब व सभी क्षेत्रीय सभाओं के माध्यम से पूर्ण करवाए।



अशोक बाहेती

॥ जय महेश ॥

# श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा (राज.)

## सत्र : 2022-25



अध्यक्ष
केदार गगरानी ( एडवोकेट )
मो. : 98290 45291



श्री केदारमल जागेटिया
संरक्षक



मंत्री
संजय जागेटिया
मो. : 94141 15371



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अतुल राठी | अभिजीत सारडा | महावीर समदानी | दिनेश पेडीवाल | गोपाल नराणीवाल | प्रमोद कुमार डाड | विनय माहेश्वरी | राजेश कोठारी |
| व.उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | अर्थ मंत्री | संगठन मंत्री | सयुक्त मंत्री | सयुक्त मंत्री |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गिरीश बाहेती | सुरेश आगाल | सुरेश पोरवाल | मधुसुदन बागला | नवीन काकाणी | प्रदीप लाठी | दिलीप लाहोटी | मनोहर अजमेरा |
| सयुक्त मंत्री | कार्यालय मंत्री | कार्यालय मंत्री | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रदीप शारदा | प्रहलाद नुवाल | कैलाश चन्द्र मून्दड़ा | कैलाश ईनाणी | दिनेश कचौलिया | राजेन्द्र तोषनीवाल | अरविन्द राठी | अरविन्द चेचाणी |
| कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोक चेचाणी | मनीष भदादा | जगदीश सोनी | सुनील सोमाणी | अशोक मून्दड़ा | आजाद अजमेरा | रामगोपाल कोठारी | राकेश शारदा |
| कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रूपलाल लाहोटी | रामनिवास डाड | सुनील काबरा | रमेश समदानी | श्यामसुन्दर समदानी | ओमप्रकाश सोमानी | परमेश्वर बांगड़ | मुकेश पलोड़ |
| कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य | कार्य समिति सदस्य |





**हिन्दू पंचांग के अनुसार श्रावण साल का पांचवां महीना है। इस महीने से वर्षा ऋतु का प्रारंभ हो जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे उत्तम महीना है, ऐसा कहा जाता है कि इस महीने में भगवान शिव का माता पार्वती से पुनः मिलन हुआ था इसी वजह से भोलेनाथ को यह महीना बेहद प्रिय है।**

## महादेव शिव शंकर को प्रसन्न करने का मास

# श्रावण मास



सरिता बाहेती, उज्जैन

श्रावण का महीना वो महीना है जिसमें सूर्य की तपिश धरती पर कम होने लगती है और बारिश की फुहार पेड़-पौधों में नई जान डाल देती है। श्रावण के इस महीने में दूर-दूर से शिवभक्त आकर गंगाजल अर्पित करते हैं।

इस वर्ष श्रावण मास की शुरुआत 4 जुलाई मंगलवार से हो रही है। इस बार श्रावण मास 59 दिनों का है। श्रावण मास 4 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त को समाप्त होगा। 19 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बना है कि अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) होने के कारण श्रावण के दो महिने हैं। अधिकमास का प्रारंभ 18 जुलाई मंगलवार से होकर 16 अगस्त बुधवार को समाप्त होगा। इस श्रावण मास में 8 सोमवार व्रत और 9 मंगला गौरी व्रत हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार सूर्य और चंद्रमा के आपसी संबंधों की वजह से हर तीसरे साल एक महिना ज्यादा होता है। जिसे अधिकमास कहते हैं।

### क्या है पौराणिक महत्व

एक कथा के अनुसार श्रावण माह में ही समुद्र मंथन किया था और जब इस मंथन के दौरान विष निकला तो सृष्टि की रक्षा के लिए महादेवजी ने इसका पान किया और अपने कंठ में उसे रोक लिया, जिससे उनके शरीर में गर्मी बढ़ने लगी। तब उस विष के प्रभाव को कम करने के लिये सभी देवी-देवताओं ने उन पर जल अर्पित किया। इस कारण से श्रावण मास में शिवजी को जल अर्पित करने का विशेष महत्व माना गया है।

### क्या है इसका महत्व

इसमें धर्म करना, दान-पुण्य करना, कथा करवाना व सुनना, धार्मिक यात्राएं करना व गुरु और विष्णु की पूजा करना चाहिए। उज्जैन में तो 84 महादेव की पूजा व नौ नारायण सागर आदि की पूजा का बहुत ही महत्व है। श्रावण माह में कुंआरी कन्यायें अच्छे वर के लिए भगवान शिव की पूजा करती हैं और विवाहित महिलायें भी अपने पति की लंबी आयु के लिये व्रत पूजा करती है। श्रावण महीने में पड़ने वाली शिवरात्री के अलावा हरियाली तीज, नागपंचमी, रक्षाबंधन जैसे त्यौहार इस महीने के महत्व को और बढ़ा देते हैं।

### श्रावण माह में क्या करें

- शास्त्रों के अनुसार श्रावण माह में भगवान शिव की उपासना के साथ जलाभिषेक करना चाहिए।
- श्रावण माह में शिवलिंग पर धतूरा और भांग अर्पित करने से मनचाहे फल की प्राप्ति होती है।
- श्रावण माह में दूध का दान करना शुभ माना जाता है।
- ऐसा माना जाता है कि श्रावण माह में अगर घर के दरवाजे पर नंदी (वृषभ) आ जाए तो उसे कुछ खाने को दें।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए इस महीने में बेल (लता) पर उगने वाली सब्जी जैसे लौकी, तुरई, टमाटर आदि का सेवन करें।

### श्रावण में क्या न करें

- श्रावण में दूध सेवन न करें।
- हरी पत्ते वाली सब्जी और बैगन, मूली का सेवन न करें।
- शिवजी पर केतकी का फूल अर्पित न करें।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा

की ओर से

## महेश नवमी महोत्सव 2023

की हार्दिक शुभकामनाएं...



**सुरेश मूंधड़ा** प्रदेश अध्यक्ष

**नंदकिशोर राठी** प्रदेश मंत्री

**गजेन्द्र चाण्डक** संगठन मंत्री

**मनोज राठी** अर्थमंत्री

**नारायण राठी** कार्यालय मंत्री/राष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय

**रामरतन मूंधड़ा** निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष

**रमेश भट्टर** उपाध्यक्ष

**रमेश केला** उपाध्यक्ष

**रामकिशन माहेश्वरी** उपाध्यक्ष

**जगदीश चाण्डक** सहमंत्री

**ओमप्रकाश टावरी** संयुक्त मंत्री

**अजय सारडा** संयुक्त मंत्री

**पवन करनानी** जिलाध्यक्ष, रायपुर

**अनिल चाण्डक** जिलाध्यक्ष, बिलासपुर

**देव रतन तापड़िया** जिलाध्यक्ष, दुर्ग

**गोविन्द मलानी** जिलाध्यक्ष, राजनांदगांव

**श्री किसन सारडा** जिलाध्यक्ष, धमतरी

**राजेन्द्र गांधी** जिलाध्यक्ष, बस्तर

**सी.ए. मनोज राठी** प्रबंध न्यासी, महेश सेवा निधि ट्रस्ट

**बालकिशन झंवर** मानद मंत्री, महेश सेवा निधि ट्रस्ट

**छगन लाल मूंधड़ा** संयोजक, श्री आ.वी.बिड़ला व्या.सहयोग केंद्र

**नरेन्द्र लोहिया** संयोजक, श्री बांगड मा.में.वे. सोसायटी

**डॉ. रवि राठी** चिकित्सा प्रकोष्ठ

**सक्रियता से ... सेवा**



भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी राधेश्याम दरगड़ की पौत्रियाँ जान्हवी व जिनल कॅरियर बनाने में जुटी युवा पीढ़ी के लिये रोल मॉडल से कम नहीं हैं। सतत उच्च शिक्षा प्राप्त करती हुईं, भीलवाड़ा की ये बेटियाँ देश के बाहर भी अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रही हैं।

## विदेश में सफलता की मिसाल बनी भीलवाड़ा की बेटियां

# जान्हवी-जिनल

जान्हवी और जिनल दरगड़ बहनें, अपने कॅरियर और अध्ययन में युवा आयु में अद्भुत उपलब्धियों को हासिल कर चुकी हैं। ये बहनें भीलवाड़ा राजस्थान के राधेश्याम दरगड़ की पौतियां हैं, जो एसबीबीजे से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान में, जान्हवी लंदन में रह रही है और वहाँ काम कर रही है। जिनल दुबई में रह रही है और उसे अपने उच्च अध्ययन के लिए लंदन जाना है। दोनों बहनें युवा छात्रों के मार्गदर्शन और करियर सलाह में सक्रिय रूप से शामिल हैं और कई प्रतिभाशाली बच्चों के लिए आदर्श बन गई हैं। इसके साथ वे समाजसेवा में भी शामिल हैं, जहां उन्होंने गरीब छात्रों की मदद करके उनके जीवन में विकास की सहायता की है। जान्हवी और जिनल को उनके माता-पिता और परिवार द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पिता नवीन दरगड़, दुबई में एक कॉर्पोरेट बैंकिंग पेशेवर हैं और माता रेखा दरगड़ गृहिणी हैं।

### जान्हवी की सफलता की यात्रा

जान्हवी, एक तेज सीखने वाली, नए अवसरों और चुनौतियों को खोजने वाली है, जिन्होंने एक कम उम्र में उत्कृष्ट शैक्षिक रिकॉर्ड प्राप्त किया है। उन्होंने, 2018 में अपनी 12 वीं कक्षा के अध्ययन के साथ, 17 वर्ष की आयु में ACCA (affiliate) UK पूरा किया। 18 वर्ष की आयु में Oxford Brookes University, UK से BSc Hons (Applied Account) प्रथम श्रेणी में प्राप्त की और सबसे युवा आयु के उम्मीदवारों में से एक के रूप में CFA Level III पूरा किया। जान्हवी को 2018 में IIM इंदौर के पांच वर्षीय Masters Programme के लिए चयनित किया गया था, हालांकि उन्होंने अपने पेशे को एक और चुनौतीपूर्ण मार्ग के माध्यम से गति देने के लिए प्रवेश की पेशकश वापस ले ली। उन्हें 19 साल की आयु में लंदन के एक बड़े बहुराष्ट्रीय बैंक में नौकरी की पेशकश मिली और वहां पिछले 3 वर्षों से काम कर रही हैं।

### जिनल की सफलता की यात्रा

जिनल को उनकी बड़ी बहन जान्हवी से प्रेरणा मिली हैं। जिनल ने 18 वर्ष की उम्र में London Business School (LBS), UK के MFA (Master in Financial Analysis) कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। वह सितंबर 2023 में एलबीएस के साथ जुड़ रही हैं। जिनल LBS के मास्टर्स (स्नातकोत्तर) कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाली सबसे युवा उम्मीदवारों में से एक हैं। जिनल ने अपनी 12 वीं कक्षा के अध्ययन के साथ (17 वर्ष की उम्र में) BSc (Hons) – Applied Accounting, Oxford Brookes University, UK से, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और ACCA, UK के सभी 13 पेपर्स पास कर ACCA (affiliate) बन गई हैं। उनकी ACCA यात्रा के दौरान, वह Financial Reporting परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कार विजेता रहीं और UAE में ACCA के Strategic Professional Level के पेपर्स में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने के लिए तीसरी सर्वोच्च रहीं। जिनल वर्तमान में CFA Level 2 का पाठ्यक्रम भी पूरा कर रही हैं। जिनल को दुबई की एक वैश्विक प्रतिष्ठित मर्जर और अधिग्रहण सलाहकार फर्म से नौकरी की पेशकश मिली लेकिन उन्होंने LBS में मास्टर्स का चयन किया है।

# ORIENT PRESS LIMITED

An ISO 9001:2015 Company



**FLEXIBLE DIVISION**

**CARTON PACKAGING**



**AWARDS**



**AWARDS**

**Head office:** 1101 and 1102, "G" Wing, 11th Floor, Lotus Corporate Park, Off: Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai 400063, Maharashtra, INDIA. Tel.(Board): +91(022) 42977310

**: FACTORIES :**

- **Tarapur :** L-31, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
  G-73, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
- **Silvassa :** Survey No. 297/1-P, Dongarpada, Village Sayali, Silvassa - 396 240 (D & N.H.).
- **Noida :** Plot No. 103, Ecotech Extension - 1, Dist. Gautam Budh Nagar, Greater Noida, U.P.
- **Mumbai :** Unit No. 28, Pragati Industrial Estate, N.M. Joshi Marg, Mumbai-400 011.

Email : flexible@orientpressltd.com    Web : www.orientpressltd.com

**शेयर बाजार आम लोगों के लिये हमेशा ही जिज्ञासा का विषय रहता है और विशेषज्ञों के लिये गहन शोध का। ऐसे ही गुढ़ विषय ''शेयर बाजार टेक्निकल एनालिसिस'' पर अपनी पीएच.डी. शोधपूर्ण कर विशिष्ट मार्गदर्शन देने का कार्य कर रहे है, अहमदाबाद (भीलवाड़ा) निवासी किंग ऑफ निफ्टी के डायरेक्टर विकास लढ़ा। मो. 97856 09947**

## भारतीय शेयर बाजार के टेक्निकल एनालिसिस पर पीएच.डी.

# डॉ. विकास लढ़ा



आर्थिक जगत में धन का महत्व और उसकी उपयोगिता को हर कोई समझता है। विशेषकर कोरोना और उसके बाद उपजे हालातों पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे की परिस्थितियां विकट से विकटतम प्रतीत होती जा रही है। विशेषज्ञों के दावे कुछ भी कहते हों लेकिन व्यावसायिक हलचल चिंताजनक जरूर हुई है। तमाम व्यवसायों पर नजर डाले तो एक ही कहानी सामने आती है कि उत्पादन तो बढ़ा है लेकिन खरीददार कम हो गए हैं। जहां खरीददार हैं, वहां वस्तु के दामों का अवमूल्यन हुआ है। ऐसे में उत्पादित वस्तु के मुनाफे का प्रतिशत कम से कमतर होता जा रहा है। विभिन्न व्यवसायों पर रिसर्च करने पर ज्ञात हुआ कि शेयर बाजार एक ऐसा व्यवसाय है, जिसमें व्यावसायिक बुद्धि और नफे-नुकसान की सीमा को तय करते हुए अच्छी कंपनियों में निवेश किया जाए तो बेहतर रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। बस एक अड़चन आती है कि शेयर में निवेश की जानकारी किससे प्राप्त की जाए? यह जानकारी अनेक ब्रोकर और बड़े-बड़े समूह भी उपलब्ध करवाते हैं लेकिन अनिश्चितता के साथ। ऐसे में जोखिम बढ़ने के साथ नुकसान का डर भी रहता है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से 'किंग ऑफ निफ्टी' ग्रुप ने कमाल का प्रदर्शन किया है। इनके द्वारा बताए गए फंडों से निवेशकों ने मुनाफा भी कमाया है और पूर्व में हुए नुकसान की भरपाई भी की है।

### निवेशकों के लिये कोचिंग की भी सेवा

किंग ऑफ निफ्टी के डायरेक्टर डॉ. विकास लढ़ा, अहमदाबाद (भीलवाड़ा) से बातचीत करने पर सामने आया कि वो व्यक्तिगत रूप से निवेशकों को कोचिंग भी उपलब्ध करवाते हैं। केश, डिलिवरी, इंट्राडे, निफ्टी 50, 100, बैंक निफ्टी, गोल्ड, सिल्वर, सहित कमोडिटी में भी खरीद और बेचान के लेवल्स बताते हैं। यही नहीं इनके खरीद और बेचान की एक्यूरेसी भी 95 प्रतिशत सही जाती है। यह देखकर आश्चर्य होता है कि एक महीने पहले, एक दिन पहले और बाजार खुलने के 15 मिनट पहल ही बता देते हैं कि बाजार की चाल क्या रहेगी? वर्षों की मेहनत के साथ गुरु - गोविंद की कृपा के बिना अनिश्चितता वाले शेयर बाजार की इतनी सटीक जानकारी देना संभव नहीं है।

### सफलता की राह पर हर प्रकार मार्गदर्शन

King of Nifty के नाम से वाट्सएप, यू-ट्यूब और टेलीग्राम चैनल्स के माध्यम से भी श्री लड्ढा निःशुल्क जानकारी उपलब्ध करवाते हैं। ऐसे में कोई भी इस व्यवसाय को सीखकर अपनी पेंशन की पुख्ता व्यवस्था कर सकता है। सीखने के लिए उम्र नहीं, जज्बे की जरूरत होती है। जो दूसरों के कंधों पर जिंदगी गुजारने की सोचते हैं वो सफलता के लिए मोहताज ही रहते हैं। लेकिन जिन्होंने ठान ली मंजिल वो उसे पाकर ही रहते हैं। दोस्तों ये अल्फाज़ मेरे या आपके लिए नहीं, हर उस बन्दे के लिए हैं जो ईश्वर में आस्था रख, निकल पड़ता है अपने जुनून को पाने के लिए। वो बढ़ते रहे मंजिल की ओर, कारवां बनता गया। हम यहां बात कर रहे हैं उस शख्सियत की जो हमारे बीच से निकलकर उस मंजिल पर पहुंच चुका है जहां सफलता हर कदम पर उनके कदम चूमेगी। डॉ. विकास लढ़ा, गांव की मिट्टी से निकला एक ऐसा बंदा जिसने अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी से कर्म को साक्षी रखते हुए शेयर बाजार के उस मैदान पर महल खड़ा किया, जहां अनुभवी लोग भी हवा के मामूली ठंडे झोंके से ही सिहर उठते हैं।

### अनुभव में उच्च शिक्षा का साथ

किंग ऑफ निफ्टी के डायरेक्टर डॉ. विकास लढ़ा ने शेयर बाजार में 'टेक्निकल एनालिसिस' पर अनुसंधान कर डॉक्टरेट (पीएच.डी.) की उपाधि प्राप्त की। पिछले दिनों 11 जून 2023 को अमेरिकिन ईस्ट कोस्ट यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने से पूर्व भी एमबीए, एमएसडब्ल्यू, एलएलबी और डीएलएल जैसी डिग्री उनके हाथ में थी। डीएलएल में राजस्थान टॉपर और गोल्ड मेडलिस्ट होने के बावजूद भी पीएचडी प्राप्त करने के जुनून ने इनको उस ओर आकर्षित किया जिस और बहुत कम लोग देखते हैं। इनकी मेहनत लगन और ईश्वर के आशीर्वाद से आज ये उस मुकाम पर जा खड़े हुए हैं जहां से पीछे मुड़कर देखना अब संभव नहीं। आज अपनी मेहनत और ईश्वर कृपा के दम पर अपने स्टूडेंट्स को शेयर बाजार की ऑनलाइन तकनीकी शिक्षा देते हुए निफ्टी और अन्य स्टॉक्स पर अपनी राय रखते हैं और पेपर ट्रेड से आमजन को शिक्षित करते हैं। अब डॉक्टरेट की उपाधि 'सोने पर सुहागा' के रूप में चार चांद लगाएगी।

### पिता हमेशा रहे प्रेरणा

डॉ. विकास लढ़ा के पिता श्री ज्योतिषाचार्य हेमराज लढ़ा भी बहुत बड़े जाने-माने प्रसिद्ध वास्तुशास्त्र एवं ज्योतिषचार्य हैं। वे पिछले 26 वर्षों से देश विदेश में समाज, दीन दुखियों को निःशुल्क सेवाऐं प्रदान कर रहे हैं। आपने अपने जीवन में अनेक नेता, अभिनेता, आईएएस, आरएएस, उद्योगपतियों और गणमान्यजनों को अपने मार्गदर्शन से लाभान्वित किया है। माँ जगदम्बा के आशीर्वाद सभी पर बना रहे इसलिए उन्होंने पिछले 36 वर्षों से अपने निवास स्थल पर शुद्ध देशी घी की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर रखी है। पिताजी का प्रभाव बचपन से ही डॉ. लढ़ा पर रहा। इतना ही नहीं उनका समय-समय पर मार्गदर्शन भी इस सफलता की यात्रा में उनका सहयोगी बना।

महेश नवमी के पावन पर्व पर

सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं

समाज के सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना



**श्रीकांत भूतड़ा**
मो.94141-52776

# रामकुमार भूतड़ा

अध्यक्ष - श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी राजस्थान
पूर्व महामंत्री - अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा
मो. 9414153043, 98285-53

**अमित भूतड़ा**
मो.94144-15579

# कमला ग्रेनाईट इण्डस्ट्रीज

जी-101, रिक्को इण्डस्ट्रीयल एरिया तृतीय चरण, जालौर (राजस्थान)
फोन-02973-223956, 224043 फैक्स- 02973-225376

## सहयोगी प्रतिष्ठान

सेवा त्याग सदाचार

**श्रीकान्त ग्रेनाईट्स**
जी-100, रिक्को इण्ड.एरिया
तृतीया चरण,जालौर
फोन -02973-224043,
मो.9414152776

**आर.के. ग्रेनाईट्स**
जयपुर बाईपास रोड,
मदनगंज-किशनगढ़
फोन -01463-250530
मो.9829180971

**आर.के. ग्रेनाईट्स**
जी-98-99, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण, जालौर
फोन-02973-225376, 225377
मो. 9414415579

**दिग्विजय ग्रेनाईट्स**
जी-221, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण,जालौर
फोन-02973-225088,
224198

**हौंसले बुलंद हों तो सफलता कदम चूमती है। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ कर रहे हैं, मीरजापुर निवासी आशीष पेड़ीवाल जो दिव्यांग दृष्टिबाधित होकर भी सीनियर बैंक मैनेजर जैसे पद की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभा रहे हैं।**



# दिव्यता की मिसाल
# आशीष पेड़ीवाल

प्रतिभा व हौंसले को कभी रोका नहीं जा सकता। वह तो हर हाल में प्रकट हो ही जाते हैं। समाज के वरिष्ठ विजय कुमार पेड़ीवाल के सुपुत्र आशीष पेड़ीवाल दृष्टिबाधित हैं। इसके बावजूद कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर वे वर्तमान में मीरजापुर में इंडियन बैंक की वासलीगंज शाखा में सीनियर बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। इसमें भी उनकी कार्यशैली इतनी अच्छी है कि पूरा स्टॉफ उनकी प्रशंसा करने में पीछे नहीं रहता। अब वे चीफ बैंक मैनेजर पद के लिए होने वाली परीक्षा तथा साक्षात्कार की तैयारी कर रहे हैं।

## किशोरावस्था में खोई रोशनी

वैसे तो बचपन से इनकी आँखे कमजोर थी। फिर जब ये 10वीं कक्षा में अध्ययन कर रहे थे कि स्कूल जाते समय साईकिल दुर्घटना में आई चोट के कारण आँख का परदा खिसक गया और धीरे-धीरे दिखाई देना बंद हो गया। मन में निराशा व जिंदगी में अंधियारा छा गया। ऐसे में इनके पिताजी के मित्र सी.पी. गुप्ता ने हौंसला बढ़ाते हुए इनको समझाया कि ऐसे हालात में भी जिन्दगी बेहतर बनाई जा सकती है। बस इसी प्रेरणा ने उनके जीवन को नयी दिशा दे दी और उन्होंने मन की आंखों से ही सफलता के शिखर की ओर बढ़ने का संकल्प ले लिया।

## सतत चली शिक्षा यात्रा

वाराणसी में दृष्टिबाधित स्कूल श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्धविद्यालय से ब्रेललिपि (दृष्टिबाधित लोगों को पढ़ने के लिए) में अध्ययन करते हुए दिल्ली विवि से ग्रेजुएशन किया, अंग्रेजी में बी.ए. आनर्स किया। नौकरी के लिए अप्लाई करने पर प्रथम प्रयास में स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर में क्लर्क के पद पर नियुक्ति मिल गई। बाद में इण्डियन बैंक में अवसर मिला। बैंक एक्जाम और इंटरव्यू का सिलसिला चलता रहा। सकारात्मक सोच, उत्साह, कार्य के प्रति निष्ठा और कड़ी मेहनत करके श्री पेड़ीवाल क्लर्क से सीनियर बैंक मैनेजर के पद तक पहुँच चुके हैं और उनके इस हौंसले की यात्रा अभी भी जारी है।


महेश नवमी की सभी समाजबन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं

ANJALI ®




राकेश डाड
98290-47054

क्षितिज डाड
94136-47054




हमारे उत्पादन

राजगिरा आटा, सिंघाडा आटा, भगर (सावा), साबुदाना, कुट्टू आटा, काला नमक, सेंधा नमक, मैदा, सूजी, बेसन, दलिया, पोहा, चना दाल, मसूर दाल, तुअर दाल, मूंग मोगर, मूंग दाल (हरी), उड़द मोगर, उड़द दाल काली, राई, मैथी, जीरा, सौंफ, अजवाईन, आंवला पाउडर, अरीठा पाउडर, शिकाकाई पाउडर, मूल्तानी पाउडर, महेन्दी पाउडर

**Anjali Food Industries**
New Irans, Kota Road, Bhilwara (Raj.) 311001
anjalifoodindustries2011@gmail.com




माहेश्वरी समाज की सबसे पुरानी
और सफल वैवाहिक सेवा

www.maheshwari.org

हमारी अन्य सेवाएं
www.jain2jain.org
www.agarwal2agarwal.org

निःशुल्क
पंजीकरण
9312946867

**हमारे सनातन धर्म में कोई भी शुभ कार्य आरम्भ गणेश जी की पूजा से करते हैं, ताकि कार्य में कोई विघ्न नहीं पड़े। गणेश को इसीलिये विघ्नेश्वर कहते हैं। जो काम हम पूजा अर्चना से करते हैं, वही काम हम दोनों हाथों की मुद्रा बनाकर भी कर सकते हैं। गणेश मुद्रा वह है, जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ अर्थात् निर्विघ्न होते हैं।**

# विघ्नों को दूर भगाती गणेश मुद्रा





शिवनारायण मूंधड़ा
'वास्तु मित्र'
94252-02721

**विधिः** बायां हाथ हृदय के सामने लाकर हथेली बाहर की ओर रखें। दूसरे हाथ की हथेली को हृदय की ओर करते हुए दोनों हाथों की उंगलियों का आपस में फसायें। श्वास भरते हुए अपने हाथों को हृदय के सामने की ओर तानें। श्वास छोड़ते हुए ढीला छोड़ें, 5 बार ऐसा करें। फिर हाथों की दिशा पलटते हुए अर्थात् दायीं हथेली बाहर की ओर और बायीं हथेली हृदय की ओर करते हुए हाथों को खींचे। शक्ति के साथ श्वास भरते हुए अंगूठे भी उंगली के साथ मिलाइये, अलग न हों। कोहनियों को तिरछा करते हुए भी इस मुद्रा को कर सकते हैं। इस प्रकार से करने के बाद इसी मुद्रा में हाथों को छाती से लगाएं।

## लाभ

■ इस मुद्रा से अनाहत चक्र (हृदय चक्र) प्रभावित होता है और चूंकि हृदय चक्र नीचे के तीनों चक्रों पर नियंत्रण करता है, इसीलिये मणिपुर चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र और मूलाधार चक्र भी प्रभावित होते हैं।

■ इस मुद्रा से आत्मविश्वास बहुत बढ़ता है, स्फूर्ति आती है और हिम्मत बढ़ती है और हम कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर सकते हैं।

■ हृदय की मांस पेशियां मजबूत होती है, हृदय की धमनियों में रक्त, बढ़ता है और हृदय रोग नहीं होते हैं। हृदय की रक्त पम्पिंग प्रणाली सुचारु रूप से काम करती है और रक्त संचार ठीक से होता है।

■ हमारे हाथों की उंगलियों के अग्रभाग में साईनस के बिन्दु हैं। जब हम उंगलियों का ग्रिप बनाकर खींचते हैं तो ये सारे बिन्दु क्रियाशील हो जाते हैं। इससे साईनस, नजला, जुकाम और श्वास नलिकाएं भी साफ हो जाती हैं। उनमें जमा श्लेष्मा बाहर निकलता है।

■ जब हाथों का ग्रिप बनाकर हाथों को दाएं-बाएं, ऊपर-नीचे छाती चौड़ी होती है, फेफड़ों का विस्तार होता है और श्वास रोग नहीं होते है।

■ हाथों को खींचने से हाथों और भुजाओं की नस नाडियां, कन्धों की मांसपेशियां भी सबल होती हैं।

■ इस मुद्रा से अग्नि तत्व बढ़ता है। शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है तथा हम उदारवादी बनते हैं। जिन लोगों के हाथ-पैर ठंडे रहते हैं, वे कफ प्रकृति के होते हैं। ऐसे व्यक्तियों के लिये गणेश मुद्रा बहुत लाभदायक है।



राह जिंदगी की...



प्रो. कल्पना गगडानी मुंबई

# बच्चों पर अपना स्टेटस सिंबल न थोपें

दसवीं बारहवीं परीक्षाओं के प्रायः अधिकांश बोर्ड के रिजल्ट आ गये हैं। हमारे माहेश्वरी बच्चों ने अच्छी सफलता प्राप्त की है। सभी बच्चों और पालकों को बहुत-बहुत बधाई। आजकल दसवीं बारहवीं के रिजल्ट और मिले हुए अत्यधिक अंकों की मन भर के खुशियां भी नहीं मना पाते कि उसके पूर्व अच्छे कोर्स और अच्छे कॉलेज में एडमिशन का विषय भयाक्रांत कर देता है, बच्चों को भी और उससे अधिक उनके पालकों को।

परसेंटेज, कोर्स, कॉलेज, तब से अहमियत रखते हैं जब से क्लास रूम एजुकेशन शुरु हुआ है। हर पीढ़ी इस दौर से गुजरती आई है। उत्सुकता और भविष्य की संभावनाएं आशंकित अवश्य करती आई हैं पर आज हम इसे विकराल पिशाच समझ पूर्वाग्रह लेकर खुद भी परेशान होते हैं और बच्चों को मानसिक संत्रांस की स्थिति में पहुंचा देते हैं। टेंशन, फ्रस्ट्रेशन, डिप्रेशन का उपहार दिलवा देते हैं।

युग बदलता है, कार्य पद्धति बदलती हैं, विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या से प्रतियोगिता का प्रतिशत भी कुछ संख्या में बदलता है, अनेकों बोर्ड और उभरती हुई कोचिंग क्लासेस की व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा विद्यार्थी का और पालकों का मानसिक दोहन कर रही हैं परंतु ज्ञान, शिक्षा और क्षमता के मूल सिद्धांत शाश्वत रहते हैं। विद्यार्थी की प्रकृति प्राकृतिक ही रहनी चाहिए।


अतः मेरा आप सभी अभिभावकों से नम्र निवेदन है कि सर्वप्रथम तो आपके बच्चों को जो भी नंबर मिले हैं उसकी खुशी मनाएं। उनका अभिनंदन करें। भले ही वे क्लास के अन्य बच्चों से पीछे हों, वो रिश्तेदारों के बच्चों से कम हों, वो सोसायटी या समाज के अन्य बच्चों के बराबर न हों। ध्यान रखें कि वे आपके बच्चे हैं, आपके स्टेटस सिंबल नहीं हैं।

आप बच्चों की अन्य बच्चो से तुलना न करें। एक पल को विचार करें कि कभी बच्चा भी ये सोचने लगे और फिर कहने लगे कि मेरे दोस्त की मम्मी आपसे अच्छा और स्वादिष्ट टिफिन देती है, मेरे दोस्त के पिता उसे आप की तुलना में ज्यादा समय और सामान देते हैं। तब आपका फ्रस्ट्रेशन किन-किन अंगों और शब्दों में बरसेगा।

हकीकत तो ये है कि जितने भी मार्कस आयें हों और जितना भी आईक्यू हो हर एक के अनुरूप हजारों कोर्स हैं जो उत्तम जीवन यापन की सुविधा प्रदान करते हैं। इंजीनियर, डॉक्टर, CA.,M.B.A. किये बिना भी हजारों बच्चे अपनी क्षमता और शौक के कोर्स में सिद्धहस्तता प्राप्त कर कम समय में उचित रोजगार और व्यवसाय से सफल जीवन यापन कर रहे हैं।





**CHIRAG landscape products, that compel you to enjoy outdoors, in today's indoor world!**

Made from new age materials, CHIRAG products are designed to suit specific requirements with trouble free long life and aesthetics.

**A style statement of your indulgence.**

**CHIRAG ENTERPRISES**
F-123 A, M.I.A., II-Phase
Basni, Jodhpur -342005
T:+91-291-2742772
chirag_enterprises@dataone.in



**मानवीय संवेदना के बिना चिकित्सा क्षेत्र अधूरा ही है। वाराणसी निवासी डॉ. पद्मनाभ झंवर एक ऐसे ही चिकित्सक हैं, जिन्होंने दूसरों का जीवन बचाने के लिये अपना सम्पूर्ण कॅरियर दांव पर लगाने में भी कभी कसर नहीं रख छोड़ी। आईये जानें डॉ. पद्मनाभ की प्रेरक कहानी।**

# दूसरों की रक्षा में लगाया कॅरियर भी दांव पर

# डॉ. पद्मनाभ झंवर

किसी दूसरे की जिन्दगी बचाने के लिए एक मेडिकल स्टूडेंट्स ने अपनी पढ़ाई का साल बर्बाद होने की परवाह नहीं की, और ऐसा उसने एक बार नहीं दो बार किया। वर्ष 2018 में चेन्नई शहर में यह मेडिकल स्टूडेंट परीक्षा देने के लिए होस्टल से परीक्षा केन्द्र की ओर चला। रास्ते में उसने देखा कि सड़क पर एक स्कूटर चालक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्कूटर दूर फेंका गया और चालक बुरी तरह घायल अवस्था में सड़क पर लहुलुहान पड़ा था। लोग आ जा रहे थे। स्टूडेंट को दूर से देखकर ही लगा कि यदि इसे तुरन्त अस्पताल नहीं पहुंचाया गया तो यह मर जाएगा। वह अपने परीक्षा केन्द्र जाने के स्थान पर उस व्यक्ति को किसी तरह लेकर अस्पताल गया, भर्ती कराया, उसका इलाज शुरू करवाया, उसे खून चढ़वाने की व्यवस्था की तथा उसके घर वालों को सूचित किया। उसके घर वालों के आ जाने पर वह परीक्षा भवन की ओर लपका। परीक्षा शुरू हुए डेढ़ घण्टा बीत चुका था। ऐसी परिस्थिति में विलम्ब से आए छात्र को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं मिलती है। इसने परीक्षा अधिकारियों को सारा वृतान्त बताया, बहुत अनुनय-विनय करने पर छात्र के मन में बसी मानवता की सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए इसे परीक्षा में शामिल होने की इजाजत इस शर्त पर दी गई कि परीक्षा के लिए निर्धारित समय समाप्त होने के बाद अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा, लेकिन तीन घण्टे की परीक्षा डेढ़ घण्टे में देकर भी यह पास होने लायक अंक प्राप्त करने में सफल हो गया।

**दूसरी घटना** सन् 2021 में इस स्टूडेंट का एक्जाम चल रहा था। एक व्यक्ति वहाँ आकर गिड़गिड़ा कर कह रहा था कि डॉक्टर का कहना है, यदि मेरी पत्नी को तुरन्त ब्लड नहीं चढ़ाया गया तो जच्चा-बच्चा दोनों का बचना मुश्किल है। परीक्षा ले रहे अधिकारियों ने उस व्यक्ति को डाँटकर भगा दिया। वह परीक्षा के अलग-अलग कक्षों में जा रहा था गिड़गिड़ा रहा था। वह पुनः उस कक्षा में आया जहाँ यह स्टूडेंट परीक्षा दे रहा था। उस व्यक्ति को जिस ग्रुप का ब्लड चाहिए था वह रेयर था। निरीक्षक ने पूछा कि परीक्षा देने वालों में से किसी का यह ब्लडग्रुप है। इस स्टूडेंट ने हाथ ऊपर उठाकर बताया कि उसका यह ब्लड ग्रुप है। जहाँ तक प्रश्नपत्र हल किया था उतने पर अपनी परीक्षा छोड़कर वह छात्र उस व्यक्ति के साथ चल पड़ा। बिना इस बात की परवाह किए कि इस कारण वह परीक्षा में फेल हो सकता था, उसका साल बर्बाद हो सकता था। मगर इस स्टूडेंट को अपने कॅरियर से ज्यादा महत्वपूर्ण बात लग रही थी, दो जानें बचाने की। रक्तदान के लिए निर्धारित मानक से अधिक रक्त देकर उसने दो जाने बचाई। परीक्षा में जितने प्रश्नों का इसने उत्तर लिखा था उसके आधार पर वह परीक्षा में पास भी हो गया। दूसरे का जीवन बचाने में अपने कैरियर की चिन्ता न करने वाला, पर दुख कातरता का उदाहारण, मानवता के प्रति इतनी संवेदनशीलता के साथ जीवन जीने के मंत्र को आत्मसात करने वाला यह युवक है, वाराणसी के डा. पद्मनाभ झंवर (स्व.), डा. मेघराज झंवर के पौत्र और डा. वेणूगोपाल- डा. मोहिनी झंवर के पुत्र।



*Wishing You Happy Mahesh Navami*



# Tulsiram
## Maheshwari Public School

**Modi Nagar, G T Road Modinagar, Ghaziabad (U.P.), 201204**

**Vinod Kumar Maheshwari**
(President Manager)

**Mrs. Rajni Ohri**
(Principal)

***Affiliated of Central Board of Secondary Education, New Delhi***
***A Co-Educational School***

**NURSERY to XII**

**Having**
**Highly Qualified Teachers on the Staff**
**Well Equipped**
**Biology, Chemistry, Computer Science, Physics**
**& Home Science Laboratories**
**Excellent Results in Board's Examinations (X, XII)**



**शताब्दी के पथ पर प्रगति का परचम फहराती अग्रसर माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल संस्था राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्य को एक विशेष पहचान दे रही है। समाज के हर युवा-युवतियों को अपनी शिक्षा का हक मिले, किसी भी कारण वह शिक्षा से वंचित ना रहे इसी महत उद्देश्य से एरोली छात्रावास का भी शुभारम्भ किया गया।**

## MVPM की अनोखी पहल

# एरोली छात्रावास

मंडल प्रत्यक्ष रूप से पुणे, सोलापुर मुंबई शहर में विविध उपक्रमों को कार्यान्वित करते अपनी लोकप्रियता की मुद्रा अंकित तो कर ही रहा है, साथ ही पूरे महाराष्ट्र के साथ-साथ समूचे भारतवर्ष में मंडल के कार्य का सौरभ फैला रहा है। मुंबई, पुणे जैसे महानगरों में शिक्षार्जन के लिये हजारों शिक्षार्थी आते हैं। समाज के युवा-युवतियों के लिये घर से दूर अपना एक घर हो, अपनत्व और आस्था से परिपूर्ण शिक्षा के अनुकूल वातावरण के साथ हो और किफायती शुल्क, यहीं संस्था का ध्येय रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए एरोली छात्रावास की शुरुआत की गई।

### सभी के विकास पर ध्यान

माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल का समाज के साथ राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जब संकल्प अपनी पूरी शुचिता लिए होता है तो कर्मठ निरपेक्ष कार्यकर्ता और उदारमना दाता अपने आप जुड़ जाता है। संकल्प को साकार करने में संस्था के सहयोगी बन ही जाते हैं। हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो मंडल के गरिमामयी इतिहास पर गर्व होता है। शिक्षा प्रसार के साथ अन्य कई ऐसे उपक्रम है, जैसे होनहार बच्चों को शिष्यवृत्ति, स्वावलंबन जैसी योजना तथा स्टार्टअप के लिए मार्गदर्शन। द्रोणालय जैसे उपक्रम से युवा पीढ़ी को वर्तमान जगत में अपने करिअर में सफलता पाने हेतु आवश्यक स्किल्स प्रशिक्षण, शासकीय सेवा में समाज की युवा पीढ़ी अग्रसर हो इसी हेतु UPSC, MPSC आदि विद्यार्थियों पर अधिक ध्यान एवं विशेष छूट। यह सभी सुविधाएं छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को सहज उपलब्ध होती हैं।

### सुविधाजनक स्थान पर शुभारम्भ

नवी मुंबई के मुलुंड एरोली लिंक रोड पर नुवाल एंड पनपालिया गर्ल्स होस्टेल का संकल्प भी इसी लक्ष्य को लेकर हुआ है। इस महानगर में उच्च शिक्षा हेतु, नौकरी या करिअर बनाने हेतु आयी हमारी युवतियों एवं महिलाओं को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सुरक्षित वातावरण मिले और एक विशेष बात प्रख्यात है MVPM की वह है यहां का खान-पान! जिसकी लोकप्रियता सर्वत्र छायी है। 126 छात्रा की क्षमता रखने वाले इस भव्य छात्रावास में 3 सीटर ए सी कमरें, वाई फाई, वाचनालय,बृहत् उद्देशीय हॉल, मेस आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं । इसके साथ यह होस्टल स्थानीय ट्रेन स्टेशन के नजदीक है और मुंबई, नवी मुंबई, तथा ठाणे के लिए सुलभ है। समाज की महिला व युवतियों के लिये यह विशेष सौगात है। छात्रावास आगामी शैक्षणिक वर्ष में शुरू होने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार www.mvpm.org /hostel-airoli पर जा कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।


DISINFECTANTS BEST BY TEST







Peter's PRINCE PHENYLE

KEEP YOUR HOME FREE FROM BAD ODOUR, GERMS & INFECTIONS USE REGULARLY

IT IS BEST BY TEST

NATH PETERS HYGEIAN LIMITED
SAIDABAD,HYDERABAD-500 059.




HAND RUB DISINFECTANT SAFE ON HANDS AND HIGHLY EFFECTIVE

HAND RUB DISINFECTANT
Peter's PETILLIUM

NATH PETERS HYGEIAN LIMITED
SAIDABAD,HYDERABAD-500 059.

NATH PETERS HYGEIAN LIMITED
Post Box No. 1457, Regd. Off : 17-1-200, SAIDABAD,
HYDERABAD - 500 059.T.S.Tel: 2453 4523, Cell No: +919701343335
e -mail: sales@nathpeters.com, Website: www.nathpeters.com

*With Best Compliments from*

# THE PACKAGING PEOPLE

## Kraft Paper Mill
## Shriniwas Board and Paper Pvt Ltd, Dewas

**Corrugated Box:**

Shree Packers (MP) Pvt Ltd, Ujjain an ISO 9001-2008 Certified Co

Vyanktesh Corrugators Pvt Ltd,Ujjain an ISO 9001-2008 Certified Co

Automatic 3/5 Ply Plant

**HDPE Container & Accessories**

## Arpit Plastics Pvt Ltd, Ujjain
## Shriji Polymers Pvt Ltd, Ujjain

**Caps & Bottle for Pharmaceuiticals**

**(President's Award Winning Unit)**

**Manufacturers of All types of Corrugated Boxes, Dye Cut Boxes, Laminated and Offset Printed Cartons for Domestic & Export for Textile, Cosmetics, Engineering, Automobile, Pharmaceuticals, Food & Beverages , DMF approved facility for Bottles and CR Caps.**

**Contact Number:0734-2527320-23 Fax Number:0734-2519691**

**Email:anand@packingpeople.com Website:www.packingpeople.com**

**वास्तव में माहेश्वरी क्या हैं? माहेश्वरी समाज का महत्व क्या है? यह जानने के लिये इतिहास के स्वर्णिम पन्नों को पलटना होगा। इतिहास के इसी आयने में माहेश्वरी समाज का महत्व बता रहे हैं, महेश बैंक के चेयरमेन व समाज चिंतक रमेश कुमार बंग।**

# सदैव व्यापार व वाणिज्य के केन्द्र रहे माहेश्वरी



रमेश कुमार बंग
चेयरमैन-महेश बैंक



देश भर में माहेश्वरी समाज द्वारा ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को अपना जात्योत्पत्ति पर्व 'श्री महेश नवमी' उत्साह एवं श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति सिद्धांतानुसार ऋषियों के श्राप से ग्रस्त 72 क्षत्रिय उमरावों को इसी दिन भगवान महेश ने श्राप मुक्त किया और उन्हें क्षत्रिय धर्म त्यागकर वैश्य धर्म अंगीकार करने का आदेश दिया। इन 72 उमरावों की सन्तति भगवान महेश के नाम पर माहेश्वरी कहलायी। माहेश्वरी जाति की उत्पत्ति कब हुई यह ठीक-ठीक बता पाना संभव नहीं है क्योंकि हमारे देश में प्राचीन काल से प्रामाणिक इतिहास लेखन की प्रवृत्ति का नितांत अभाव रहा है। जो भी इतिहास लिखा गया वह केवल पथ-प्रदर्शन के उद्देश्य से ही लिखा गया। ऐसे में जातीय उत्पत्ति के सिद्धांत और काल-खंड की साक्ष्य सहित सटीक उद्घोषणा कर पाना किसी के लिए भी संभव नहीं है लेकिन इतना सत्य है कि देश में विभिन्न जातियों की उत्पत्ति परवर्ती वैदिक काल में हुई। राष्ट्रीय आवश्यकतानुसार समय-समय पर चतुष्वर्ण से ही विभिन्न जातियों का उद्भव हुआ और माहेश्वरी जाति भी उन्हीं में से एक है। यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य है कि माहेश्वरी जाति की उत्पत्ति उस काल खंड में हुई जब विश्व धार्मिक संक्रमण और उन्माद के दौर से गुज़र रहा था, जिसमें व्यापार करना अत्यंत साहसिक कार्य था। ऐसे में भगवान महेश की प्रेरणा से साहसी क्षत्रियों ने वैश्य धर्म अंगीकार कर नष्टप्राय व्यापार और वाणिज्य को गति प्रदान करने का प्रयास किया और सफलता के नवीन कीर्तिमान स्थापित किये। मध्ययुगीन राजपुताना की शायद ही ऐसी कोई रियासत रही होगी जिसके आर्थिक केन्द्र में माहेश्वरी न रहे हों।

## विदेशी सत्ता के दौरान भी प्रभाव

मुग़लों के पराभव और अंग्रेज, फ्रांसीसी, पुर्तगालियों के देश में बढ़ते वर्चस्व के समय माहेश्वरी व्यापारियों ने अपनी दूरदृष्टि का परिचय देते हुए देश के विभिन्न स्थानों पर अनेक कष्टों को सहन करते हुए अपने व्यापारिक केन्द्र स्थापित करना प्रारंभ कर दिये। आज माहेश्वरी जाति न्यूनाधिक मात्रा में देश के लगभग प्रत्येक भाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। देश में माहेश्वरी समाज का जनसंख्या के अनुपात से प्रभाव कहीं अधिक है। इस पर माहेश्वरी समाज गर्व कर सकता है। माहेश्वरी समाज की सबसे बड़ी समस्या भी इस दौरान उभरकर सामने आयी, वह थी सामाजिक एकता की समस्या। इसका सबसे प्रमुख कारण माहेश्वरी समाज का इतर समाजों की भाँति एक ही स्थान पर केंद्रित न होना था। 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में जब देश धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक पुनर्जागरण के दौर से गुज़र रहा था, विभिन्न जातीय समाज अपनी एकता को सुनिश्चित करने के लिए प्रयत्नशील थे, माहेश्वरी समाज ने भी सामाजिक एकता के लिए प्रयास प्रारंभ किये। फलस्वरूप देश के विभिन्न भागों में माहेश्वरी महापंचायत अस्तित्व में आयी, जिन्होंने सामाजिक एकता के साथ सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का शंखनाद किया। परिणाम स्वरूप मध्ययुगीन सामाजिक कुरीतियों का उन्मुलन हुआ और समाज संगठन के रास्ते पर चल पड़ा। वर्तमान में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा इन्ही महापंचायतों का संगठित रूप है।

## एकता का पर्व भी है महेश नवमी

माहेश्वरी समाज को संगठित करने में 'श्री महेश नवमी पर्व' का सर्वाधिक योगदान है। साफ़ शब्दों में कहा जाए तो यह पर्व माहेश्वरी समाज का वह जीवन रसायन है जिसने माहेश्वरी शब्द को अमरत्व प्रदान किया है। यह पर्व माहेश्वरी समाज के जातीय स्वाभिमान, अदम्य साहस, कार्यकुशलता, राष्ट्रनिष्ठा, संघर्षशीलता और गौरवमयी इतिहास का प्रतीक है। भगवान शिव को आराध्य माननेवाला यह समाज त्याग, समर्पण, सदाचार, उच्च मानवीय मूल्यों, परस्पर सद्भाव और जनकल्याण की भावना रखने वाले समाज के रूप में जाना जाता है। भगवान शिव का सम्पूर्ण मानवीयता का भाव इस समाज की शिराओं में रक्त बन कर प्रवाहित होता है। महेश नवमी पर्व एक ओर जहाँ सम्पूर्ण समाज को एकता के सूत्र में पिरो देता है, वहीं दूसरी ओर समाज को आत्म-मंथन करने का अवसर भी प्रदान करता है। यही वह पर्व है जब प्रत्येक माहेश्वरीजन समाज, देश और विश्व को दिये गये अपने अवदानों का पवित्र भाव से मूल्यांकन करता है और अपने भावी योगदान का संकल्प लेता है। इस पर्व का ही प्रभाव है कि यह समाज अर्थ का सही उपयोग करने में अपना सानी नहीं रखता।




**Delhi Corporate & Marketing Office:** Epitome, Building 5, 9th Floor, DLF Cyber City, Block-B, Gurugram - 122002.
Tel: +91-124-4699200

**Kolkata Corporate Office:** 21, Strand Road, Kolkata - 700001. | Tel: +91-33-2230 9601-04

www.shreecement.com

**आज से दो से तीन दशक पूर्व बच्चों के किशोरावस्था में प्रवेश करने के पूर्व ही दूरदर्शी माता-पिता अपने बच्चों पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल देते थे। एक सोच है कि इसके फलस्वरूप युवावस्था तक आते-आते बच्चों की सोच और समझदारी में परिपक्वता झलकने लगती थी। पर आजकल हम अपने लाडलों के ऊपर उनकी आधी उमर बीत जाने पर भी जिम्मेदारी का बोझ डालना नहीं चाहते। इससे उनका मानसिक विकास सीमित हो जाता है। युवा होते बच्चों के ऊपर आवश्यकता से अधिक छत्रछाया उनको जिम्मेदारियों के प्रति अपाहिज बना देती है, जिसका खामियाजा उनके ही बच्चों को आजीवन भुगतना पड़ता है। यह बात आज किसी से भी छुपी हुई नहीं है। आधुनिक दौर में यह विचारणीय हो गया है कि बच्चों को वय के हिसाब से जिम्मेदार बनाने के लिए उनपर जिम्मेदारियों को डालना उचित है अथवा अनुचित? आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# बच्चों पर जिम्मेदारियों का बोझ डालना
## उचित अथवा अनुचित?



### सर्वगुणसम्पन्न होने के लिए जिम्मेदार होना आवश्यक

आजकल माता-पिता अपने बच्चों को बहु-प्रतिभावान बनाने के लिए बचपन से ही उनपर अपनी आकांक्षाओं का बोझ डाल देते हैं और उसे पूरा करने में बच्चों के साथ स्वयं भी जी-जान से लग जाते हैं परन्तु उन पर वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों का बोझ नहीं डालना चाहते। इससे आज के बच्चे विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में तो अव्वल रहते हैं पर जीवन के व्यवहारिक ज्ञान में शून्य और सैद्धान्तिक ज्ञान के लिए गूगल पर निर्भरशील रहते हैं। जिससे वास्तविक जीवन में हमारे बच्चों को यदा-कदा धक्के खाना भी पड़ जाता है। वास्तविक जीवन में व्यवहारिक ज्ञान की आवश्यकता होती है जो कि व्यक्तिगत अनुभव से और व्यक्तिगत अनुभव जिम्मेदारी निभाने से ही प्राप्त होता है। आजकल बच्चों को जीवन में व्यवहारिक ज्ञान को प्राप्त करने का समय ही नहीं होता है जिससे वो जीवन की हर छोटी से छोटी समस्या में भी घबरा जाते हैं। जब तक बड़ों का साया उनके ऊपर रहता है उनकी यह कमी स्वयं उनको भी नजर नहीं आती पर जब कोई विकट परिस्थिति आ जाती है तो हमारे परिपक्व बच्चे बगले झांकने लगते हैं। उनमें परिस्थितिनुसार निर्णय लेने की क्षमता और दृढ़ता का अभाव होता है। हमारे बच्चे सर्वगुणसम्पन्न तभी बनेगें जब वो वास्तविक जीवन की भी हर जिम्मेदारी को बेहिचक निभा पायेंगे। अपने बच्चों की ढाल बनकर हम उन्हें अपाहिज बना रहे हैं जिससे उनके आने वाले जीवन में परेशानियां बढ़ सकती है। सभी माता-पिता को चाहिए कि उनकी क्षमता और आयु के अनुसार बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं, उन पर जिम्मेदारियां सौंपे, उनके फैसले और उनकी राय पर उनका मार्गदर्शन करें। जीवन के दिन हमेशा एक समान नहीं रहते हैं; जीवन में हर परिस्थिति का सामना करने के लिए बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने की जवाबदारी और जिम्मेदारी माता-पिता को बच्चों की परवरिश में निभानी चाहिए।

❒ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव, नाशिक



### जिम्मेदारी अवश्य उठायें

बच्चों पर जिम्मेदारी का बोझ अवश्य होना चाहिये किन्तु हम यह भी समझें पहले का बचपन इतना अधिक कुंठित और बोझिल नहीं था। ना ही बचपन में किसी से तुलना होती थी और ना ही बचपन किताबों के बोझ से दबा था। माता-पिता तो ये भी नहीं जानते थे कि कौन सा बच्चा किस कक्षा में है। किंतु आज सारी आकांक्षाएँ बच्चों पर लदी हैं, अधिकांश किशोर बच्चे पूरे दिन स्कूल, ट्युशन, अन्य बहुत सी कक्षाएँ जैसे डान्स, म्यूजिक और भी जाने-कौन-कौन सी तरफ दौड़ाए जाते हैं। सभी को हरफ़न मौला बच्चा चाहिये। सोसायटी में बखान और इज्जत के लिये उनको इतना व्यस्त कर दिया जाता है कि वे मशीन बन जाते हैं। निरंतर प्रतिस्पर्धा से जूझते मासूम बच्चे बचपन ही भूल गये हैं। कहीं वे पिछड़ ना जायें इसलिए घर,समाज, त्यौहार जैसी महत्वपूर्ण बातों की जिम्मेदारी भी बच्चों पर नहीं डाली जाती है। बल्कि स्मार्ट बनाने के चक्कर में उन्हें सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बचपन से ही दे दिये जाते हैं और वे उसी में उलझ जाते हैं। उनके पास सबकुछ आभासी है दोस्त से लेकर खेल तक आभासी दुनिया में ही है, यथार्थ से ना उनका परिचय हो पा रहा है, ना ही रिश्तों की गर्माहट को समझने का उनके पास वक्त है इसीलिए अत्यधिक प्रैक्टिकल जेनरेशन तैयार हो रही है। बच्चों पर छोटी- छोटी जिम्मेदारी बचपन से ही डालना चाहिये। घर के हर सदस्य से आत्मीय सम्बन्ध तभी हो पायेंगे, जब वह उनके कार्यों में रूचि ले। उनके साथ समय बिताये, उनकी जरुरत को समझे और पूरा करे तभी वह आत्मियता एवं प्रेम का अनुभव कर हमेशा परिवार, समाज, घर के लिये संवेदनशील रह सकेगा। बचपन को बचपन रहने तो दीजिये साहब वरना हमें संवेदनशील बच्चे नहीं एक स्मार्ट गेजेट या भावना रहित रोबोट मिलेगा जो पैसा तो कमायेगा लेकिन उसमें अपनों के प्रति जिम्मेदारी का भाव नहीं होगा।

❒ **पूजा नबीरा**, काटोल



## तय करें किस उम्र तक बच्चे

सर्वप्रथम तो हमें यह तय करना होगा कि बच्चे किस उम्र तक 'बच्चे' रहते हैं? प्राणीमात्र का जीवन प्राकृतिक है। किसी पशु या पक्षी के नया जीव उत्पन्न होता है तो बड़े यत्न से 'माँ' उसका लालन-पालन करती है। किसी अनजान को अपने जीव के पास फटकने ही नहीं देती। पर जब वह 'जीव' अपने-आप खाने-पीने, चरने-चुगने योग्य हो जाता है - तो फिर वह 'माँ' उसकी तरफ देखती ही नहीं है। और हम! हमारे लाड-प्यार का दायरा तो रबड़ की तरह बढता ही जा रहा है। अनुशासन की बात तो अब पोंगापंथी सी लगने लगी है। परिणाम तो समक्ष है। प्राकृतिक नियमानुसार जीव-विकास की बात हम मानने को तैयार नहीं। शिक्षा पाने की कोई सीमा नहीं है, जीवन भर शिक्षा मिलती रहती है। पर हर कार्य की सीमा-रेखा तो है। यदि एक ही काम में लगे रहे तो बहुआयामी जीवन कैसे बनेगा? यदि सारे काम विधिवत करें तो जीवन पर्यन्त अनुशासन बना रहता है। बच्चों पर जीवन प्रणाली के सारे 'बोझ' समयानुसार लागू होने ही चाहिए। आज हम घर-घर में झांककर देख सकते हैं, उनका मूल्यांकन कर सकते हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या के कारण हमें ही ढूँढने हैं। आज भी बहुत से बच्चे रोजगार (नौकरी या व्यवसाय) के साथ पढ़ाई भी कर रहे हैं। समय पर शादी हो गई, बेटियाँ अपनी ससुराल को सम्भालते हुए पढ़ भी रही हैं। पर हम देखा-देखी के चक्कर में भटकते जा रहे हैं। हमें हर कार्य को सही समय पर करना ही चाहिए।

❒ **जुगलकिशोर सोमाणी**, जयपुर



## जिम्मेदारी जीवन का यथार्थ

बड़ी विडम्बना है कि आज यह प्रश्न खड़ा हो गया कि बच्चों पर जिम्मेदारियों का बोझ डालना उचित है या अनुचित। जिम्मेदारियाँ जीवन का यथार्थ है, आदर्श व सफल जीवन का मुख्य सूत्र है, सत्य है। सत्य में अनुचित का स्थान कहां? क्या एक गैरजिम्मेदार मनुष्य जीवन के किसी क्षेत्र में सफल हो सकता है? जैसे कि मान्यता है बच्चे की प्रथम पाठशाला परिवार खासकर माता-पिता हैं। पर आजकल के माता-पिता अनुचित लाड प्यार में सफल जीवन का मुख्य सूत्र जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाना ही भूलते जा रहे हैं। आर्थिक सम्पन्नता के वशीभूत होकर बच्चे को हर सुविधा मुहैया करवा देते हैं। इससे बच्चे को जिम्मेदारी का बोध ही नहीं होता है। खाने की टेबल पर पानी रखना हो, अपनी प्लेट डीसवाशर में रखनी है, स्कूल ड्रेस पर आयरन करना, जूते पोलिश करना जैसे छोटे छोटे कामों के लिए सहयोगी रहता है। ये तो जिम्मेदारी सिखाने के पहले अध्याय हैं। अभी स्कूल से आया, ट्यूशन जायेगा, खेलने जाना है। इसके पास टाइम कहां है? जैसे वाक्य बच्चे को जिम्मेदारी लेने से और दूर कर देते हैं। एकल परिवार, एक दो बच्चे या अन्य कई कारणों से बच्चे सामाजिक व पारिवारिक परिवेश से दूर हो रहे हैं। पहले रामायण, भागवत और संत भक्तों की कहानियां सुनाते थे। जिनमें जीवन जीने के सूत्र होते थे। अब तो बच्चे स्पाइडर-मैन, कोकोमेलन में उलझे रहते हैं। जिनमें आदर्शों या जिम्मेदारी के महत्व का कोई लेना-देना नहीं है। अगर माता-पिता जिम्मेदारी को बोझ समझते हैं और उनका विश्लेषण उचित अथवा अनुचित से करते हैं तो सोचिए हमारी सोच व चर्चा का विषय कहां जा रहा है। मेरा मत तो यह है कि चर्चा यह होनी चाहिए कि बच्चों को ज़िम्मेदार कैसे बनाएं और इसमें अनुचित शब्द का कोई स्थान नहीं है।

❒ **बिनोद बिहानी**, फरीदाबाद



## बच्चों को जिम्मेदारी अवश्य सौंपें

पारिवारिक सामाजिक जिम्मेदारियों को सीखने वाले प्रशिक्षु बच्चे व उनके प्रशिक्षक परिजन होते हैं। मेरे मत में बच्चों को पारिवारिक सामाजिक जिम्मेदारियों को संभालने का अवसर दिया जाना उचित है। प्रारंभ में माना हम कोई भी सामान खरीदने जा रहे हैं तो बच्चों को साथ लेकर जाएं। बच्चों को पता रहे कि अमुक सामान किस जगह किफायती कीमत पर मिलता है, इसे कैसे पहचानें व सामान को नाम किस्म व कीमत से भी समझें। हम परिवार में या मित्रों के यहाँ जाते हैं तो बच्चे साथ रहे व उनका घर, उनसे संबंध सबको जानें। यदि उन्हें सामाजिक परिवेश में शामिल नहीं करेंगे तो भावी जीवन में उन्हें कठिनाई होगी। अचानक काम मिलने पर वह कुछ भी ठीक नहीं कर पायेंगे। घरेलू रीति रिवाज, परंपराएं, त्योहार पर उन्हें हर बात में भागीदारी निभाने को आगे करें। जहां एक ओर वह सामाजिक अनुशासन व्यवस्था को समझेंगे वहीं दूसरी ओर परिवार और माता - पिता को अपने कार्य में सहयोगी भी होंगे। जहां परिवार में बच्चों को जिम्मेदारी नहीं सौंपते, वहां बच्चे हो सकता है अकादमिक जगत में ठीक हो किंतु व्यवहार में शून्य होंगे। उनसे यही सुनने को मिलेगा हमने कभी यह काम नहीं किया, हमें मां बाबूजी ने कभी काम करने ही नहीं दिया। अतः बच्चों को जिम्मेदारी सौंपी जाए।

❒ **प्रहलाद दास पारीक**,
पूर्व उप सचिव प्रशासन राजस्थान
विधानसभा जयपुर



## युग के साथ कदम ताल जरूरी

विगत 25 वर्षों में जीवन मूल्यों के हर पहलू में बहुत तेजी से बदलाव देखने को मिला है। आज के परिवेश में युवाओं पर जिम्मेदारी डालना बहुत आवश्यक है, अन्यथा वे युग के साथ कदमताल नही कर पाएंगे। संयुक्त परिवार करीब करीब समाप्त हो चुके है। एकल परिवारों में भी, बेहतर विकल्प तलाशते युवा, माता-पिता के साथ नही रह पाते हैं। बचपन से ही परवरिश में हर छोटी बड़ी जिम्मेदारी बच्चों को देना ही चाहिए, ताकि युवा होते होते वह हर तरह की जिम्मेदारी उठाने के काबिल बन सके। घर के काम हों, रिश्तेदारी निभाना हो, फाइनेंशियल मैनेजमेंट हो, साफ सफाई हो, व्यवस्थित किफ़ायती खरीददारी हो, सामाजिक व्यवहार हो, सामाजिक उत्सव हो, बड़े छोटे में सामंजस्य हो, धार्मिक जागरूकता हो, त्योहारों का महत्व हो, कानून व्यवस्था की जानकारी हो ऐसी सेकड़ो बाते है, जिनका जिम्मेदारी पूर्ण निर्वहन, आज के युवा को आना ही चाहिए। यदि माता-पिता ने शुरू से युवाओं को जिम्मेदारी नही सिखाई, तो वह कितना भी कमा ले, जीवन की उलझनों का सामना नही कर पायेगा। पहले संयुक्त परिवारों में एक दो सदस्य के कर्म (अथवा भाग्य) पूरे कुनबे को खींच ले जाते थे। कोई घर देखता था, कोई व्यापार देखता था, कोई पूरा जीवन रिश्तेदारी निभाने में ही बीता देता था, कोई बाजार का काम कर लेता था, कोई बैठे ठाले ही जीवन बिता देता था। हर व्यक्ति पूर्ण हो, आवश्यक नही था। लेकिन आज वक्त बदल गया है। एकल परिवेश में हर युवा का रोल महत्वपूर्ण है। उन्हें हर क्षेत्र में जिम्मेदारी सिखाना व देना ही चाहिए।

❒ **श्रीकांत बागड़ी**, उज्जैन (मुम्बई)



## बोझ डालना अतिआवश्यक

बच्चों पर जिम्मेदारियों का बोझ डालना अति आवश्यक है। विशेषकर आज की परिस्थिति में। बच्चे बाहर पढ़ते हैं। बाहर जॉब भी करते हैं। परिवार से दूर रहते हैं, जिम्मेदारी से दूर ना हों इसलिए इन पर बचपन से ही उम्र के हिसाब से जिम्मेदारी देनी चाहिए। पहली जिम्मेदारी तो स्वयं का, घर का काम करने की होनी चाहिए। पति-पत्नी दोनों नौकरी करते हैं। कई माताओं की आदत होती है, अपने लाड़ले को पानी तक हाथ में देती हैं। अब उनकी नौकरी करने वाली बहू इस आदत को कैसे निभा सकती है? वहीं कई माताएं अपनी लाड़ली को शादी की उम्र हो जाने तक घर का काम तो दूर एक कप चाय भी बनाना नहीं सिखाती। शादी के बाद दोनों की यह आदत कैसे इनका गृहस्थ जीवन सुखी रखेगी? बच्चे स्व तक सीमित ना हो जाए। परिवार के प्रति, समाज के प्रति उनका कर्तव्य बोध उन्हें अवश्य बताएं। जीवन में हमेशा अनुकूलता ही रहे यह संभव नहीं है। विपरीत परिस्थिति आने पर वह डट कर मुकाबला कर सके इसके लिए बचपन से ही उन पर थोड़ा-थोड़ा जिम्मेदारी का बोझ अवश्य रखना चाहिए। माता-पिता की अति संभाल बच्चों के जीवन को अवरुद्ध ना कर दे इस बात का अवश्य ध्यान रखें। मुश्किल हालातों के थपेड़ों में मुकाबला तभी कर सकते है, जब स्वयं मजबूत हो। मजबूत होने के लिए बच्चे में हर प्रकार का कार्य करने की क्षमता हो। केवल डिग्री लेना मात्र बच्चों का लक्ष्य ना बनाएं। बच्चों पर बचपन से ही जिम्मेदारी यथा- उम्र अवश्य देना चाहिए।

❒ **आशा मानधन्या**, इंदौर



## उम्र के अनुसार जिम्मेदारी जरूरी

बच्चो पर उनकी उम्र और समझ के अनुसार जिम्मेदारियां डालनी ही चाहिये। उसे बोझ नही समझना चाहिये। जैसे बचपन में चलने की, हाथो से खाना खाने की, स्कूल के वातावरण से ताल मेल बैठाने की, दोस्त बनाने की, दोस्ती निभाने की जिम्मेदारी हम बच्चो पर डालते हैं, तभी वे गिरकर उठना, संभालना सिखते हैं। घर को छोड़कर अलग वातावरण में खुश रहना सीखते हैं, दोस्तो से लड़कर भी माफ करना, माफी मांगना सिखते है, दोस्ती निभाते हैं। कॉलेज में जाकर बढ़ती महत्त्वाकांक्षा के लिये मेहनत, घर छोड़ने से नये वातावरण मे अपनी उन्नति करना, ये जिम्मेदारियां उठाते हैं। किचन में काम करने की जिम्मेदारी डालने पर वहां के कष्ट उन्हें महसूस होते हैं और अन्न के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते है। छोटी-छोटी जिम्मेदारी संभालने से उन्हें यश के लिए मेहनत करना, हर प्रकार के वातावरण में अपने आप को ढालकर यश की तरफ बढ़ना, अपयश से ना डरकर हमारी कमजोरियाँ ढूंढकर विजय पाना, ये बाते सीखने और जीने को मिलती है। सभी के साथ अच्छा तालमेल रखना, परिवार के लिए एक कदम पीछे हटने में भी ऐसे व्यक्ति को दिक्कत नही होती। इस तरह सभी बचपन से जिम्मेदारी निभायें तो समाज में तलाक की बढ़ती समस्या पर रोक लगेगी। ऐसे ही जिम्मेदार नागरिक समाज तथा देश की शान होते है। वे समाज को, देश को उन्नत करते है। अपना तथा परिवार का नाम रोशन करते है।

❒ **डॉ. कमल अशोक काबरा**, मल्कापुर (बुल्ढाणा)



## बच्चे ही भविष्य के जिम्मेदार नागरिक

बच्चों की अच्छी परवरिश करना हर अभिभावक का सपना व कर्तव्य होता है। उसमें एक पहलू अपनी संतान को जिम्मेदार बनाना बहुत अहम है। उम्र के हिसाब से उनको अलग तरह के कार्य करने को प्रोत्साहित करें। चार से पांच साल के बच्चे को स्कूल से आने के पश्चात स्कूल बैग, टिफिन बोटल, यूनिफॉर्म व्यवस्थित रखने की आदत डलवाएं। लड़का हो या लड़की दोनो को घर, बाहर एवं आज के युग में टेक्नोलॉजी से संबंधित कामों की जवाबदारी दें तभी उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और आदत बन जाने पर कोई भी कार्य बोझ नहीं लगेगा। तेरह साल के आसपास दोनो को रसोई के काम जैसे चाय, पोहा, भोजन बनाना, आटा गूंथना आदि सिखाएं। उनको कोई भी काम पूरा अकेले करने के लिए भी प्रेरित करें। अपनी जिम्मेदारी को वे जैसा भी करें उन्हें प्रोत्साहित करें न कि डांटें। जिम्मेदारी सौंपने से बच्चे अपने आपको घर परिवार से जुड़ा हुआ महससू करेंगे और उनके अच्छे भविष्य के लिए छोटी उम्र से ही एक जागरूक नागरिक बनाने में अभिभावक उनकी सहायता करेंगे।

❒ **अनुभि राठी**, रतलाम



## अपनी महत्वाकांक्षा न थोपें

जैसे जैसे बच्चे बड़े होते हैं उन पर संतुलित और स्तर के अनुसार जिम्मेदारियां बढ़नी चाहिए। जैसे संतुलित व्यायाम से शरीर मजबूत होता है वैसे ही बिना जिम्मेदारी उठाए बच्चे के कंधे जीवन का बोझ नही उठा पाते। बढती आयु के साथ छोटे बड़े काम सलीके से करना, धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनना अवश्य सिखाना चाहिए। जिम्मेदारी के नाम पर अपनी महत्वाकांक्षा उन पर थोपना अलग विषय है और ये नही करना चाहिए। चंचलता, शरारत, जिज्ञासा ये बचपन के सहज गुण हैं और ये बने रहने चाहिए। जिम्मेदारी देने से वो सबल बनेंगे। हर युग अलग होता है इसलिए बच्चों को उनके युग को देखकर कार्य देना चाहिए। स्वावलंबन और आत्म सम्मान जिम्मेदारी पूरी करने से ही मिलते हैं, ये उनको समझाने के लिए कार्यभार देना जरूरी है। और एक महत्वपूर्ण बात कि जिम्मेदारियां निभाने मे लड़का और लड़की समझ कर कोई भेदभाव नही करें। बच्चों को अलग-अलग क्षेत्र के काम देने चाहिए ताकि वो अधिक क्षेत्रों के जानकार बनें। जिन पर कोई जिम्मेदारी नही होती वो अनुशासनहीन हो जाते है। इसलिए बच्चो को जिम्मेदारी अवश्य देनी चाहिए।

❒ **नम्रता माहेश्वरी**, पाली (राजस्थान)



## जिम्मेदारियों का बोझ सर्वथा उचित

मनुष्य जीवन ही जिम्मेदारियों का दूसरा नाम है। बचपन से ही बच्चों को छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से अवगत कराना बहुत जरूरी है, ताकि बड़े होने के बाद जिम्मेदारियां उन्हें बोझ न लगे, और वे हंसते हंसते निभाएं। यदि बचपन में स्वतः के काम, हल्के फुल्के घर के काम करने की आदत डाली जाए तो वह बच्चों की आदत बन जाती है, यही आदत उन्हें हर उम्र की जिम्मेदारी निभाने में सहायता करती है। जैसे, बचपन से ही बच्चों को अपना सामान जगह पर रखना, स्कूल की दिनचर्या के अनुसार कार्य करने की जिम्मेदारियां सौंप दी जाय तो वे जरूर उसे पूरी करेंगे। घर से ही यह पाठ पढ़ाया जाय तो वे परिवार, समाज, देश के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे, साथ ही उनके व्यक्तित्व का विकास भी उचित ढंग से हो पाएगा और एक अनुशासित जीवन जीने की उन्हें प्रेरणा मिलेगी।

❒ **ज्योति सोनी**, नागपुर



## माता-पिता व बच्चे सभी के लिये जिम्मेदारी लाभदायक

यथासंभव बच्चों को उनके अनुरूप कार्य उम्र के अनुकूल सौंप दें तो माता-पिता का कार्यभार भी कम हो जाएगा। साथ ही बच्चों में जिंदगी के समक्ष आने वाले सभी कार्यों तथा किस तरीके से क्या कार्य किया जाता है इसका अनुभव भी हो जाएगा। कई बार माता-पिता सोचते हैं बच्चों पर तो पढ़ाई का इतना अधिक बोझ है, गृह कार्य का बोझ है परीक्षा का बोझ है, अतः बच्चों पर सामान्य जिम्मेदारियां भी नहीं डालना चाहते। ऐसे में बच्चे स्वतंत्र और मनमानी करने वाले बन जाते हैं। यह सब नहीं सोच कर बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार हर कार्य करवाना चाहिए। तभी उनकी मानसिकता कार्य के प्रति रुचि एवं इस कार्य को किस तरीके से करना चाहिए यह मालूम होगा। इससे बच्चों का मानसिक विकास भी होता है, साथ ही माता-पिता का कार्य भी यथासंभव कुछ कम हो जाता है। बच्चों के लिए तो यह कार्य खेल-खेल में ही हो जाता है और ऐसे कार्यों द्वारा वह किसी भी परिस्थिति में तकलीफ नहीं पाएंगे। अगर कभी उन्हें पढ़ाई के लिए अन्यत्र भी जाना पड़े या हॉस्टल में रहना पड़े तो इन जिम्मेदारियों को अच्छी तरह समझ पाएंगे और कोई भी कार्य उन्हें बोझ नहीं लगेगा। अतः इस संबंध में मेरा तो यही मत है कि जिम्मेदारी का बोझ बच्चों पर अवश्य उनकी क्षमता के अनुकूल डाला जाए, यह उनकी परिपक्वता का उदाहरण रहेगा, उनकी मानसिकता भी परिपक्व होगी। नींव की ईंट से इमारत मजबूत होती है वैसे ही नींव की ईंट रूपी जिम्मेदारी से ही बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की इमारत मजबूत बनेगी।

❒ **उर्मिला तापड़िया**, नोखा-बीकानेर (राज.)



## बचपन से ही कार्य की आदत डालना जरूरी

जिम्मेदारी कभी बोझ नहीं होती है। बच्चों को जिम्मेदारी का अर्थ व महत्व समझाना बहुत जरूरी है। अपना कार्य स्वयं करने से होने वाली आत्म संतुष्टि का अहसास जब बच्चों को होता है तो कार्य के प्रति रूचि भी उत्पन्न होती हैं। यह कटु सत्य है कि वर्तमान समय में इकलौती संतानों को मां बाप विशेष रूप से मां के अतिरिक्त लाड प्यार ने आलसी एवं अकर्मण्य बना दिया जो कालांतर में दुखदाई साबित हो रहा है। ऐसे बच्चे मटके के पास जाकर भी मांग कर पानी पीते हैं। कॅरियर के चक्कर में आज बच्चे विद्या अध्ययन के लिए घर से दूर जा रहे हैं। ऐसे समय अपने कार्यों की जिम्मेदारी उठाने में असक्षम बच्चा अकेला पड़ जाता है। अनुचित लाड प्यार बच्चे को लक्ष्य साधने में बाधक है। जिम्मेदारियों की परिभाषा बच्चो को बचपन से ही समझानी चाहिए। ताकि जीवन मे अपना मार्ग प्रशस्त करने में स्वयं सक्षम सिद्ध हों। बच्चो को जिम्मेदार बनाने के लिए बचपन से ही उन्हे कार्य करने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। कार्य को दिनचर्या का हिस्सा बनाकर सहज रूप से करें, बोझ समझ कर नही। बच्चो को अपनी जिम्मेदारियो से अवगत कराना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बच्चो के विकास के लिए उचित ही नही अति आवश्यक हैं।

❒ **अयोध्या चौधरी**, अलीराजपुर (म.प्र.)


# बुलडाणा अर्बन

को-ऑप. क्रेडिट सोसायटी लि., बुलडाणा

**संस्था के कार्यक्षेत्र**
महाराष्ट्र • राजस्थान • मध्यप्रदेश • छत्तीसगढ • गुजरात • अंदमान निकोबार

www.buldanaurban.in
buldanaurban@rediffmail.com
(07262) 242705, 243705

**संस्था की आर्थिक स्थीती**

| | |
|---|---|
| कुल ठेवी | 11,252 कोटी |
| कुल कर्ज | 8,003 कोटी |
| कुल गोदाम | 405 |
| कुल शाखाए | 475 |
| सोना तारण कर्ज वाटप | 2,248 कोटी |
| कुल सभासद संख्या | 13,60,000 |

मुख्य कार्यालय : सहकार सेतु, हुतात्मा गोरे पथ, बुलडाणा – ४४३००१ (म.रा.)



**संस्था के प्रकल्प**
- पुणे मे सभासदो के पाल्यो के लिये वस्तीगृह
- उच्च शिक्षण लेने वाले विद्यार्थ्यांयों के लिये विशेष कर्ज योजना
- तिरुपती (आंध्रप्रदेश), माहुर (जि. नांदेड) व शिर्डी मे भक्तनिवास
- बुलडाणा में १२५ लडकियों के लिये छात्रनिकेतन सुविधा
- ६०० वेअर हाऊस (ग्रेन बँक)
- बुलडाणा एव मोर्शी में गोरक्षणधाम
- बुलडाणा में वेदविद्यालय व जिवनसंध्या स्वर्गाश्रम

बुलडाणा अर्बन चॅरिटेबल द्वारा संचालित

## सहकार विद्या एवं कनिष्ठ विज्ञान, वाणिज्य महाविद्यालय

AQSR

मुख्य कार्यालय : विद्यानगरी, चिखली रोड, बुलडाणा – ४४३००१
www.sahakarvidyamandir.in / (07262) 244707, 245705

**वैशिष्ठे**

**वर्ग १ली से १२वी (विज्ञान शाखा)**

- बुलडाणा शहर से ५ कि.मी. दुरी पर प्रदुषण विरहीत वातावरण मे ३० एकर विशालकाय परिसर मे अनोखी शाला.
- अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्ज विशाल पुस्तकालय, पाठशाला, विशाल भोजन कक्ष, इनडोअर व आऊटडोअर स्टेडीयम व सुविधायुक्त सहकार विद्या मंदिर.
- पौष्टिक भोजन तथा स्वास्थ रक्षा.
- शैक्षणिक भ्रमण, अश्वरोहण, गिर्यारोहण, निशानेबाजी, स्विमींग, स्केटींग, कराटे, संगीत, तलवार बाजी और भी बहोत कुछ.
- भारतीय संस्कृती पर आधारीत परिपूर्ण शिक्षण, जिससे आपके पाल्य शिक्षण व नैतिक मुल्यों के सर्वांगिण विकास से एक आदर्श नागरीक बन सके.
- विद्यार्थी निवास : विद्यार्थी व विद्यार्थीनींयो के लिये स्वतंत्र व्यवस्था, बुलडाणा जिले में २० इंग्रजी मिडीयम शालाए जिसमें २५००० विद्यार्थी शिक्षीत हो रहे है.
- मोशन क्लासेस कोटा (राजस्थान) के NEET / AIIMS / JEE / MHT-CET / KVPY व Board Exam की शाखा बुलडाणा में शुरु है.



- विनित -



सौ. कोमल झंवर
अध्यक्षा : बुलडाणा अर्बन चॅरिटेबल सोसायटी



राधेश्याम चांडक
अध्यक्ष : बुलडाणा अर्बन, बुलडाणा



डॉ. सुकेश झंवर
चिफ मॅनेजिंग डायरेक्टर : बुलडाणा अर्बन, बुलडाणा

सहकार की समृध्द परंपरा..... बुलडाणा अर्बन.....!   सहकार की समृध्द परंपरा..... बुलडाणा अर्बन.....!

*With Best Compliments from...*



Sri Arun Laddha
Director

JRL GROUP
Creating Wealth
Preserving Values



Sri Jodh Raj Laddha
Chairman

# J. R. Laddha Financial Services Pvt. Ltd.

**The Trusted Corporate Financial Advisor For Last Four Decades**

- Wealth Management
- Corporate Finance
- Investment Banking

Our focus has always been on twin aspects of preserving Values in business and creating wealth for our customers.

## Corporate Office

5th Floor, Nehru Center, Worli, Dr. Annie Basant Road, Mumbai - 400 018
Ph.:(022) 4025 9000 Fax: +91 22 4025 9001

## Registered Office


"Everest House", 8th Floor, 46C, Jawaharlal Nehru Road, Kolkata 700 071 Ph.:(033) 2288 2990/91/93 Fax: +91 33 2288 2994

**BRANCH OFFICE : NEW DELHI**

info@jrladdha.in • www.jrladdha.in

## खुश रहें - खुश रखें

# हम जानते हैं कि एक दिन मृत्यु जरूर होगी, इसीलिए इसका सामना समझदारी से करना चाहिए



**पं. विजयशंकर मेहता**
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

**कहानी-** महाभारत में पांडवों का वनवास चल रहा था। एक दिन घूमते-घूमते थक गए तो वे एक जगह आराम करने के लिए रुके। सभी को प्यास लग रही थी तो युधिष्ठिर ने चारों भाइयों को एक-एक करके पानी की व्यवस्था करने के लिए भेजा। लेकिन चारों भाई वापस नहीं आए तो युधिष्ठिर अपने भाइयों को खोजने के लिए निकल पड़े।

कुछ दूर चलने के बाद उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। सरोवर के किनारे पर भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव मृत्यु की अवस्था में पड़े हुए थे। युधिष्ठिर सरोवर की ओर बढ़े तो वहां एक यक्ष प्रकट हो गया। यक्ष ने कहा- 'अगर तुम मेरे सरोवर का पानी पीना चाहते हो तो पहले मेरे प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। तुम्हारे भाइयों ने मेरी बात नहीं मानी और प्रश्नों के उत्तर दिए बिना ही पानी पी लिया इसीलिए इनकी ऐसी दशा हो गई है। अगर तुम मेरे प्रश्नों के उत्तर दे दोगे तो तुम्हारे चारों भाई फिर से जीवित हो जाएंगे और तुम पानी भी पी सकते हो।'

यक्ष ने कई कठिन प्रश्न पूछे थे। युधिष्ठिर ने सभी के जवाब धैर्य के साथ बहुत ही अच्छी तरह से दे दिए। तब यक्ष ने अंतिम प्रश्न पूछा, 'संसार में आश्चर्य क्या है?'

युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, 'हर रोज लोग मरते हैं, सभी अपने आसपास कई लोगों को मरते हुए देखते हैं। फिर भी लोग मृत्यु को समझते नहीं हैं, बल्कि इससे बचना चाहते हैं। एक दिन सभी की मृत्यु होनी है। मुझे सबसे आश्चर्यजनक घटना यही लगती है कि सबको मरता हुआ देखकर भी इंसान ये समझ नहीं पाता कि एक दिन मरना ही है तो इससे घबराना नहीं चाहिए।'

यक्ष युधिष्ठिर के जवाबों से संतुष्ट हो गया और चारों पांडवों को जीवित कर दिया।

**सीख-** हमें भी ये बात समझनी चाहिए कि जीवन तो जीएं, लेकिन मृत्यु से डरें नहीं। इसे समझें, एक दिन सभी की मृत्यु होनी ही है। ये अटल सत्य है।




# आलू पनीर कोफ्ता



**सामग्रीः** उबले हुए आलू 4, पनीर 125 ग्राम, खसखस ¼ कप पेस्ट, टमाटर 3, 2 हरी मिर्च, कॉर्न फ्लोर ¼ कप, हरा धनिया 2-3 टेबल स्पून, (बारीक कटा हुआ) काजू 5-6 (कटे हुए), किशमिश 15-20, अदरक पेस्ट 1 छोटी चम्मच, हरी मिर्च 2 कटी, जीरा ¼ छोटी चम्मच, हल्दी पाउडर ½ छोटी चम्मच, धनिया पाउडर 1 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर ½ चम्मच, गरम मसाला ¼ चम्मच, नमक स्वादानुसार, तेल कोफ्ता और ग्रेवी के लिए

**विधिः** 4 छिले आलू को एक बड़े प्याले में कद्दूकस कर लीजिये, साथ में पनीर भी कद्दूकस कर लीजिए। अब इसमें 1/2 चम्मच नमक, 2 कटी हरी मिर्च, कटा हरा धनिया, 1/4 कप कॉर्नफ्लोर सभी को मिक्स कर लीजिए। कटे हुए काजू, किशमिश को मिला लीजिए। तेल डाल कर गरम कीजिए। अब आलू पनीर के तैयार मिश्रण में से थोडा सा मिश्रण निकाल कर, चपटा कीजिये, उस पर 1-2 काजू के टुकड़े और 1-2 किशमिश रखिये, चारो ओर से उठाकर बन्द करके, गोल कर लीजिये, गोले को गरम तेल में डाल कर चैक कर लीजिए की कोफ्ता फट तो नहीं रहा है और तेल सही से गरम हुआ है या नहीं। अगर गोला अच्छे से सिक रहा है तो कोफ्ते के लिए बनाया गया मिश्रण सही बना है। अब बाकी के मिश्रण से भी इसी तरह गोले बनाकर तैयार करके, प्लेट में रख लीजिये। अब गरम तेल में कोफ्ते के गोले बनाकर एक बार में 2-3 ही कोफ्ते डाल कर अलट पलट कर गोल्डन ब्राउन होने तक तलिये। तले हुए कोफ्ते को निकाल कर प्लेट में रख लीजिए।

**ग्रेवी के लिए :** पैन में 4 टेबल स्पून तेल डाल कर गरम कीजिये। गरम तेल में जीरा डाल दीजिये। जीरा भूनने के बाद हल्दी पाउडर, धनियां पाउडर और अदरक का पेस्ट डाल भून लीजिए। अब मसाले में टमाटर और हरी मिर्च का पेस्ट डाल इसमें खसखस का पेस्ट और लाल मिर्च पाउडर डाल कर मसाले को जब तक भूनिये कि ऊपर तेल न तैरने लगे। मसाले में 2.5 कप पानी डाल कर अच्छे से मिक्स कर दीजिए। मसाले में 1/2 छोटी चम्मच नमक, 1/4 छोटी चम्मच गरम मसाला और थोड़ा सा हरा धनिया डाल कर मिला दीजिए। ग्रेवी को ढक कर 5-6 मिनिट पकने दे। 7-8 मिनिट ग्रेवी को उबाल लेने के बाद ग्रेवी पक कर तैयार है। कोफ्ते डाल कर गैस बंद कर दीजिए। 2 मिनिट बाद कोफ्तों को प्याले में निकाल लीजिए और हरा धनिया डालकर इसे सजाइए। गरमा गरम स्वादिष्ट आलू पनीर कोफ्ता करी बनकर के तैयार है।



**शेफ पूनम राठी, नागपुर**
**विविधा कुकिंग क्लासेस**
9970057423

**जल देवता**

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है- 'जल है तो कल है'। इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित **डॉ. विवेक चौरसिया** के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह 'जल देवता'.



जिनमें आप पायेंगे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारी है जल की महत्ता.

**Rs. 150/-** डाक खर्च सहित

**खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद**

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का अन्त नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का स्वर्णिम समय है. बस इसके लिए जरूरी है खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ... इसी के सूत्र बताती है



**डॉ. एच.एल. माहेश्वरी** की पुस्तक "खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद".

**Rs. 120/-** डाक खर्च सहित

आपसे कहा जाता है -
- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

**ऐसा क्यों?**
aisa kyon
जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब



प्रश्न उठना स्वाभाविक है - **"ऐसा क्यों?"** लेकिन इसका उत्तर देगा कौन? **इसका उत्तर देगी गहन अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-** डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## मैं जिण मकान में रेहुँ विने घर बणादे

खम्मा घणी सा हुकुम आज आँपा बात कर रियाँ हाँ.. पारिवारिक सम्बन्धो री.. हुकुम आज रे इण रफ्तार भरी जिंदगी में हर व्यक्ति बहुत व्यस्त है, अपणे परिवार रे वास्ते भी समय नहीं है न ही कोई परिवार री अहमियत समझण री कोशिश करें ।

हुकुम परिवार आपाणे सबरे जीवन मे बहुत मायने राखे, बिना परिवार आँपा सुखी जीवन री कल्पना भी नहीं कर सकाँ... परिवार कांई है यो हर व्यक्ति जाणें.. क्योंकि जिनो परिवार नहीं हुवे इनो मतलब वो अनाथ है। आँपा परिवार रे बीच में हां तो परिवार री खुशहाली भी समझा.. पर इण पर गहन चिंतन करां कि पारिवारिक एकजुटता कांई हुवे..?

परिवार ने एकजुट और खुशहाल राखणों हैं तो घर रे महत्वपूर्ण फैसले में सबरी राय जरूर लेवणी.. कोई भी समस्या रो समाधान आपस मे हिल-मिल ने बैठ ने हुवें यानी कोशिश याहीं करणी चईजे की बातचीत बंद नहीं करणी।

सम्बन्धो में किती भी कटुता क्यों न आ जावें... किनारों नहीं कर सका, देर सवेर सुधारणों ही पड़ें.. अगर सब कुछ बिगड़ जावें तो उन्हें जोड़ते समय एक गांठ पड़ जावे और बाद में याहीं केहने भुलाणों पड़ें कि **'पुराणी बातों पर मिट्टी डालों'** आपाणा बड़ा बुजुर्ग गलत नहीं केवता **ए रिश्ता नकटा है छूटिजे कोनी।**

समाज मे अपणे अडोस-पड़ोस में कार्यक्षेत्र में यानि हर जगह कदैई मन-मुटाव हूँ जावें क्योंकि सबरे काम करण रो तरीको अलग हुवें जो स्वाभाविक है इनो मतलब यों कतई नहीं कि आँपा मनमुटाव हुवते ही शत्रुता मोल ले बैठा.. हुकुम कई बार शत्रुता समय बढ़ते पीढियां भी दुश्मन बण जावें जिनो अंत सुखद कम दुःखद ज्यादा हुवें।

दो लोगो रे समूह में भी यदि झगड़े री स्थिति बणें यानि पुलिस या कोर्ट कचहरी में जावण री नौबत भी आ जावें जणें भी अंततः समझौतो ही करणों पड़ें।

हर घर मे बच्चों रा झगड़ा हुवता ही रहवें वाणें गले लगाने एक दूसरा सूं सॉरी कहलवा देवा और याही शिक्षा देवा की झगड़ों मत करो प्यार सूं रेहवों। गलती हूँ जावे तो माफी मांग लो और हिल-मिल ने रेहवों।

अगर राजनैतिक कूटनीति माथे नजर डाला तो देखा युद्ध रे बाद दो देशों ने आखिर समझौतों ही करणों पड़ें। हुकुम अपणी हठधर्मी ने त्याग हिल-मिल ने सदा समझौतों कर लेणों चईजे.. नही तो आवण वाळी पीढियां आपाणी मिसाल प्रेम री नही अहंकार री देवेला... अहंकार कदैई शोभा नहीं बढ़ावें पतन ही करें.. जिनो उदाहरण लोकप्रतिष्ठित ग्रंथ **रामायण** रो पात्र धनपति रावण एवं **महाभारत** में कौरव है ।

अंत में इफ्तिखार आरिब साहब रो एक शेर जो इस लेख पर खरों उतरे ..

**मेरे खुदा मुझे इतना तो मोतबर कर दे,**
**मैं जिस मकान में रहता हूँ उसको घर कर दे॥**

# मुलाहिजा फरमाइये





*ज्योत्सना कोठारी*
*मेरठ*

- कोई समझे तो एक बात कहूँ जनाब
तनहाई से सौ गुना बेहतर है... मतलबी लोगों से।
- तू ज़रा हाथ मेरा थाम के देख तो सही...।
लोग जल जायेंगे, महफ़िल चिराग़ों की तरह।।
- उनके नखरों से बेहतर तो..गणित की किताब थी,
देर से ही सही समझ तो आती थी।
- कैसे कह दूँ मेरी दुआ बेअसर हो गई...
मैंने जब जब उसको याद किया.. उसे खबर हो गई।
- तू जरा हाथ मेरा थाम के देखा तो सही...।
लोग जल जायेंगे, महफ़िल में चिराग़ों की तरह...।।
- आँसूओं के प्रतिबिंब गिरे, ऐसे दर्पण अब कहाँ?
बिना कहे सब कुछ समझे, वैसे रिश्ते अब कहाँ?
- हालात सिखाते है बाते सुनना ओर सहना... वरना
हर शख्स फितरत से बादशाह ही होता है...

# कार्टून कौतुक



MDH

Real Masala You Can Trust

*With Best Compliments*

*- Suresh Rathi*
*- Sharad Rathi*

**Mahashian Di Hatti Pvt. Ltd.**

Tausar Road, Nagaur - 341 001 (Rajasthan)
Phone : 01582-242040, 242343 Resi : 240454
Mob.: +91-9414118181 Fax : 01582-243343

Unit II : RIICO Industrial Area, Bikaner Road, Nagaur (Raj.)
Tel. : 01582-244532 Fax : 01582-243736
e-mail : nagaur@mdhspices.in

# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

## मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह महीना मिलेजुले प्रभाव वाला रहेगा। विशेष सजगता की आवश्यकता है। मानसिक चिंता एवं शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। अपने स्वास्थ्य की विशेष केयर करें एवं चिंता से बचने का प्रयास करें। खर्च बढ़ा हुआ रहेगा। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी खर्च करना पड़ सकता है। रिश्तों के जगत में भी तरह-तरह की परेशानी रहेगी। आध्यात्म से जुड़कर रहते हैं तो आप कई परेशानियों से सहज ही बच जाएंगे।



## वृषभ

आपके लिए यह महीना औसत प्रदर्शन वाला रहेगा। कॅरियर के क्षेत्र में आप जो चाहते हैं वह तो संभव नहीं हो पाएगा लेकिन आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे, जो आपको संतोष प्रदान करेंगे। अकस्मात लाभ और हानि दोनों के योग हैं। लंबी दूरी की यात्रा संभावित है। अनिद्रा, रोग इस महीने में हावी रहेगा।



## मिथुन

मिथुन राशि के जातकों के लिए जुलाई का महीना अत्यंत अनुकूल साबित होने वाला है। रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। नई योजनाएं क्रियान्वित होंगी। धन के आने के नए मार्ग खुलेंगे। नई जोखिम उठाने का साहस उत्पन्न होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। छात्रों का ध्यान अध्ययन मनन की ओर रहेगा।



## कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए जुलाई का महीना कार्य क्षेत्र, धन और स्वास्थ्य से संबंधित औसत परिणाम वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। कार्य क्षेत्र से संबंधित गुप्त शत्रुओं से सजग रहने की आवश्यकता है। साझेदारी में व्यापार करने वाले जातकों को अपने साझेदारों से संबंध बरकरार रखने में कठिनाई आऐगी। दांत में दर्द की समस्या हो सकती है।



## सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए यह महीना अहंकार के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याएं लेकर आने का है। विशेषकर दांपत्य जीवन में इसके परिणाम देखने को मिलेंगे। दांपत्य, कॅरियर, परिवार सभी क्षेत्रों में बाधाएं भी आएंगी। देव गुरु बृहस्पति के आशीर्वाद से इन बाधाओं से निकलने के रास्ते भी मिलेंगे।



## कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए इस महीने सफलता उनके संकल्प के ऊपर निर्भर करेगी, यदि वे दृढ़ता से अपने लक्ष्य का पीछा करते हैं तो उन्हें सफलता निःसंदेह मिलेगी। खर्च तेज रहेगा। रिश्तो में मनमुटाव से पीड़ित रहेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। धर्म और अध्यात्म की ओर रुझान बढ़ेगा।



## तुला

तुला राशि के जातक इस महीने बिना बात के भयभीत रहने की प्रवृत्ति से पीड़ित रहेंगे, जो निराधार साबित होगा। कॅरियर में नए अवसर प्राप्त होने की संभावना है। परिवार में शुभ कार्य संभावित है। पाचन संस्थान से संबंधित समस्या हो सकती है। महीने के अंत तक बड़े भाई द्वारा लाभ होने की संभावना है।



## वृश्चिक

दृढ़ विश्वास और उचित कार्य योजना से अगर इस महीने आप प्रयास करते हैं, तो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता आपका इंतजार कर रही है। सफलता के लिए प्रयत्न करने के दौरान मानसिक कष्ट और चिंताएं स्वाभाविक रूप से मिलेंगे। संबंधों की दृष्टि से जीवन साथी से बहस या मनमुटाव संभावित है। खर्च बढ़ा हुआ रहेगा। कर्ज संभावित है।



## धनु

कार्य क्षेत्र की दृष्टि से जुलाई का महीना धनु राशि के जातकों के लिए श्रेष्ठ साबित हो सकता है। रुके हुए कार्य होंगे एवं नवीन कार्य योजनाएं क्रियान्वित होंगी। नौकरी करने वाले जातकों को प्रमोशन मिलने की संभावना है। जो जातक विदेश में नौकरी इत्यादि तलाश रहे हैं, उन्हें सफलता मिल सकती है। आर्थिक दृष्टिकोण से अनुकूलता रहेगी। पूरे महीने अपने आप को एक नई ऊर्जा से भरा हुआ महसूस करेंगे।



## मकर

मकर राशि के जातकों के लिए यह महीना आकस्मिक खर्च वाला रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रहेंगी। विशेष तौर पर पाचन संस्थान से संबंधित समस्याएं रहेंगी। व्यापारी बंधुओं को प्रतियोगियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। जो जातक व्यापार कर रहे हैं उन्हें पार्टनरशिप के प्रति सजग रहना चाहिए। अहंकार के कारण किसी भी रिश्ते में कड़वाहट संभावित है।



## कुम्भ

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह महीना अत्यंत सजग रहने का है। आर्थिक, सामाजिक व्यवसाय सभी पहलुओं में कुंभ राशि के जातकों को फूंक-फूंक कर कदम रखना है। जातक को इस महीने किसी बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजगता रखें। सिर दर्द और ब्लड प्रेशर से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



## मीन

कॅरियर की दृष्टि से यह महीना कार्यक्षेत्र में बदलाव ला सकता है। लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग भी बनेंगे। व्यापार करने वाले जातकों को इस महीने निराशा ही हाथ लगेगी। व्यापारियों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। विरोधी कड़ी टक्कर देंगे। शारीरिक दृष्टि से जोड़ों के दर्द की समस्या रह सकती है।



IS:1786

CM/L - 6943589

# GBR TMT

THE STRENGTH WITHIN

www.gbrmetals.com

## Manufacturers of High quality MS Billets and TMT Bars




**Works:**
#295, G.N.T Road,
Peravallur Village,
Ponneri Taluk - 601 206
Tamil Nadu
Website: www.gbrmetals.com

**Registered Office:**
#4, Ramanan Road,
Chennai - 600 079
Tamil Nadu
Ph: +91 44 25292151
E-mail: sales@gbrmetals.com

ASHOK SOMANY

SOMANY IMPEX
*Stone that stnns*


ASHOK SOMANY


AAKASH SOMANY

# M/s. ASHOK SOMANY & Co.

**Mining of Natural Stone & Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry) Vill-Kund, Distt-Rewari (Hry)
Tel. : 01274-225358, Mob. : 9812345677, Res.: 01274-260088, 260048
Email : accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# SOMANY NATURAL STONES (I) Pvt. Ltd.

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Plot No.5, Delhi Rewari Road, Rewari-123401 (Hry)
Mobile : 9812345677, 9812028488
Email : mines@sonanyimpex.ind.in I Somanyimpex@gmail.com

# SOMANY IMPEX

**Exporter of All Kind of Natural Stoen & Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry) Unit-Khol Road, Vill-Kund, Distt-Rewari (Hry)
Tel. :01274-225358, Mob. : 9812028488, 9215689102
Email: accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# LAVISH SURFACES

**Manufacturing & Export of SPC Tiles**

Plot No. SP3-167, Ceramic, Glass & Engineered Stone Zone, Ghiloth
Industrial Area, Ghiloth, Distt-Alwar, Rajasthan, Mob. : 9812028488
Email : aakash@lavishsurfaces.com I accounts@lavishsurfaces.com

# SOMANY (P.G.) INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

**Running B.Tech & M. Techinfidderent Discilines of Engineering**

Near Delhi-Jaipur Highway No. 8, Beside 3 km, From Rewari City, Rewari (Hry) Tel. 01274-261239, 261781
Fax : 01274-261239, Mob. 9541069998
Email : info@sitmrewari.com I admin@sitmewari.com I accounts@sitmrewari.com

# MENTOR UNIVERSE
Allow Extraordinary

19 Year of Success

वैश्य प्रतिष्ठान भारत, India

www.MentorUniverse.in

USA | Canada | UK | Australia | New Zealand | Europe

**Co-Founders - Mr.Somesh & Romesh Khandelwal**
**Awarded by Education Minister**



## OUR RECENT STUDY ABROAD SCHOLARSHIP SUCCESS

- Manan Desal, Lakehead University, Canada — CAD $ 40,000
- Avinashkaur Khalsa, Illinois Institute of Technology, USA — US $ 21,285
- Het Vicky Buddhdev, The University of British Columbia, Canada — CAD $ 20,000
- Aishwarya Dixit, The Swinburne University of Technology, Australia — AUS $ 20,148
- Dhrumil Mistry, Loughborough University, United Kingdom — GBP £ 3000
- Mr. Brijesh Amin, University Canada West, Vancouver, Canada — CAD $10,000

## OUR RECENT IELTS RESULTS

- 8.0 Drashti Patel
- 7.0 Jaimin Mavani
- 7.5 Megh Bhatt
- 8.0 Het Buddhdev
- 7.0 Vishwa Patel
- 8.0 Anoushka Mukherji

## Our Study Abroad Services :

**ADMISSION COUNSELLING**
Get tailor-made solutions, free study abroad counselling & profile assessment by an expert dedicated for you, only.

**IELTS & OTHER EXAMS**
Prepare for Foreign competitive exams like IELTS PTE, SAT,TOEFL, GRE, GMAT from dedicated faculties under state-of-the-art facilities

**COUNTRY/ UNIVERSITY SELECTION**
Finding the perfect program that matches your skill, interest, budget, and is good for work & PR opportunities.

**VISA APPLICATION**
The hassle-free visa application process, SOP making, interview preparation.

**SCHOLARSHIP/FINANCIAL ASSISTANCE**
Helping with Scholarship, loans, forex & other financial aid

**TRAVEL & BOARDING**
Planning travel, flight booking, Airport Pick-up, arranging accommodation, briefing, local support


## Study Abroad Like A Pro !

Start Chatting With Us | See Our Various Touch Points | Attend Our Webinars | Meet Us At Instagram | Somesh Khandelwal

**MENTOR UNIVERSE, a premium Edtech brand belongs to Mentor Knowledge Management Pvt. Ltd. It is a full- service Study Abroad, Test Preparation, and Career Counselling company established in the year of 2004.**

MENTOR, 3rd Floor, Benison Complex, Near Bird Circle, Towards OP Road, Above Kotak Mahendra Bank, Vadodara.

965 965 7711
909 961 1211



धूतपापेश्वर
आयुर्वेद श्रेष्ठता के १५० से अधिक वर्ष
१५०
वर्षों से अधिक
द्राक्षोविन®
स्पेशल
सुप्रीम हेल्थ टॉनिक
भूख बढाए तथा पचन सुधारे
शक्ति एवं स्फूर्ति बढाए
मानसिक तनाव दूर करे
Drakshovin®
SPECIAL
Supreme Health TONIC
Authentic · Standardised · Efficacious · Safe
F24DWAd9.5x6.5H003
श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड
शास्त्रोक्त, मानकीकृत, सुरक्षित आयुर्वेद औषधियाँ
For Health & Trade Enquiries Tollfree: 1800 22 9874 | For online purchase: http://consumerayurved.com



## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7,000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

**HEALTHCARE**

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 22 Hospitals: 1 million patients treated

Over 75 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant.

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccine in Maharashtra. Over 4,000 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

**EDUCATION**

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

**SUSTAINABLE LIVELIHOODS**

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4,500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower




RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2023-2025
**Despatch Date - 02 July, 2023**

If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

https://www.facebook.com/smtmagazine/
https://srimaheshwaritimes.com